Page 11 खेल
जन-जन की वाणी...
हिन्दी दैनिक
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित
Page 10 देश



**भारज के पूर्व स्टार ऑलराउंडर युवराज सिंह दिल्ली कैपिटल्स के कोच बन सकते हैं**



**बसपा का अब किसी चुनाव में सपा या कांग्रेस से गठबंधन नहीं कर सकता : मायावती**

कृष्ण पक्ष, भरणी, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • सोमवार • 26 अगस्त 2024 • वर्ष 26 • अंक 256 • पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹66,950 | ₹88,000 |

## आज का इतिहास

- **1957 :** भारत ने फ्रांस में हुई पोलो वर्ल्ड चैम्पियनशिप के फाइनल में जीत दर्ज कर विश्व विजेता का खिताब हासिल किया।
- **2005 :** भारत के विदेश मंत्री नटवर सिंह ने पाकिस्तान के उच्चायुक्त अजीज अहमद खान से सरबजीत सिंह के मामले की पैरवी करने का आह्वान किया।

## न्यूज बाइट्स

### राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने पूर्व सीएम बीपी मंडल को दी श्रद्धांजलि

**पटना (नि.सं.)।** पूर्व मुख्यमंत्री बीपी मंडल की जयंती पर रविवार को उनकी आदमकद प्रतिमा पर राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। पटना के देशरत्न मार्ग और सर्कुलर पथ चौराहा स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा के पास जयंती पर राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री महेश्वर हजारी, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन मंत्री रत्नेश सदा, विधान पार्षद वीरेन्द्र नारायण यादव, संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ, पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय बीपी मंडल के पौत्र डॉ. मनीष मंडल, राज्य नागरिक परिषद् के पूर्व महासचिव अरविंद कुमार सिंह, बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पूर्व सदस्य शिवशंकर निषाद, जदयू नेता निखिल मंडल, वीरेन्द्र सिंह दांगी आदि ने बीपी मंडल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आकाशवाणी पर अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' को किया संबोधित

# नयी युवा पीढ़ी के राजनीति में आने से विकसित भारत का लक्ष्य जल्द होगा हासिल : प्रधानमंत्री

**एजेंसी | नयी दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि स्वतंत्रता दिवस पर उनके आह्वान पर बड़ी संख्या में ऐसे नौजवान राजनीति में आने के लिये तैयार बैठे हैं जिनकी पृष्ठभूमि राजनीतिक नहीं है और इससे देश को विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए नयी उर्जा, नया जोश एवं नया अनुभव मिलेगा। श्री मोदी ने आकाशवाणी पर अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात में इसका उल्लेख करते हुए कहा कि इस साल उन्होंने लाल कीले से बिना किसी राजनीतिक पृष्ठभूमि वाले एक लाख युवाओं को राजनीतिक व्यवस्था से जोड़ने का आह्वान किया है। उनकी इस बात पर जबरदस्त प्रतिक्रिया हुई है। इससे पता चलता है कि कितनी बड़ी संख्या में देश के युवा, राजनीति में आने को तैयार बैठे हैं। बस उन्हें सही मौके और सही मार्गदर्शन की तलाश है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें इस विषय पर देश-भर के युवाओं के पत्र भी मिले हैं। सोशल मीडिया पर भी जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। लोगों ने कई तरह के सुझाव भी भेजे हैं। कुछ युवाओं ने पत्र में लिखा है कि ये उनके लिए वाकई अकल्पनीय है। दादा या माता-पिता की कोई राजनीतिक विरासत नहीं होने की वजह से, वे, राजनीति में चाहकर भी नहीं आ पाते थे। कुछ युवाओं ने लिखा कि उनके पास जमीनी स्तर पर काम करने का अच्छा अनुभव है, इसलिए, वे लोगों की समस्याओं को सुलझाने में मददगार बन सकते हैं। कुछ युवाओं ने ये भी लिखा कि परिवारवादी राजनीति, नई प्रतिभाओं का दमन कर देती है। कुछ युवाओं ने कहा कि इस तरह के प्रयासों से हमारे लोकतंत्र को और मजबूती मिलेगी।

### बच्चों का पोषण देश की प्राथमिकता

प्रधानमंत्री कहा है कि बच्चों की अच्छी सेहत के लिए जरूरी है कि उन्हें सही पोषण मिलता रहे इसलिए बच्चों का पोषण देश की प्राथमिकता है। हम सबके जीवन में फ़िटनेस का बहुत महत्व है। फिट रहने के लिए हमें अपने खानपान, रहन-सहन सब पर ध्यान देना होता है। लोगों को फ़िटनेस के प्रति जागरूक करने के लिए ही 'फिट इंडिया अभियान' की शुरुआत की गई। स्वस्थ रहने के लिए आज हर आयु, हर वर्ग के लोग, योग को अपना रहे हैं। लोग अपनी थाली में अब श्रीअन्न को जगह देने लगे हैं। इन सभी प्रयासों का उद्देश्य यही है कि हर परिवार स्वस्थ हो।

### प्लास्टिक रिसाइकिलिंग से पर्यावरण मजबूत होगा, देश आगे बढ़ेगा

पीएम ने कहा कि ने पर्यावरण की रक्षा के लिये देश के विभिन्न क्षेत्रों में प्लास्टिक कचरे की रिसाइकिलिंग के प्रयोगों की प्रशंसा की है और कहा है कि इस तरह के प्रयोगों से पर्यावरण मजबूत होगा तथा देश भी आगे बढ़ेगा। मध्यप्रदेश के झाबुआ में, कुछ ऐसा शानदार हो रहा है, जिसे आपको जरूर जानना चाहिए। वहाँ पर हमारे सफाई-कर्मी भाई-बहनों ने कमाल कर दिया है। इन भाई-बहनों ने हमें 'वेस्ट टू वेल्थ' का संदेश सच्चाई में बदलकर दिखाया है। इस टीम ने झाबुआ के एक पार्क में कचरे से अद्भुत कलाकृतियां तैयार की हैं।

### हर घर तिरंगा अभियान ने देश को एकसूत्र में दिया बांध

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'हर घर तिरंगा और पूरा देश तिरंगा' अभियान की कामयाबी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा वेबसाइट पर की गयीं पाँच करोड़ से ज्यादा सेल्फी ने पूरे देश को एक सूत्र में बांध दिया है। श्री मोदी ने आकाशवाणी पर अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात में इसका उल्लेख करते हुए कहा कि 'हर घर तिरंगा और पूरा देश तिरंगा' इस बार ये अभियान अपनी पूरी ऊंचाई पर रहा। देश के कोने-कोने से इस अभियान से जुड़ी अद्भुत तस्वीरें सामने आई हैं।

श्री मोदी ने कहा, मैं इस विषय पर सुझाव भेजने के लिए हर किसी का धन्यवाद करता हूँ। मुझे उम्मीद है कि अब हमारे सामूहिक प्रयास से ऐसे युवा, जिनका कोई राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं है, वे भी राजनीति में आगे आ सकेंगे, उनका अनुभव, और उनका जोश, देश के काम आएगा। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भी समाज के हर क्षेत्र से ऐसे अनेकों लोग सामने आए थे जिनकी कोई राजनीतिक पृष्टभूमि नहीं थी। उन्होंने खुद को भारत की आजादी के लिए झोंक दिया था। आज हमें विकसित भारत का लक्ष्य पाने के लिए एक बार फिर उसी भावना की जरूरत है। उन्होंने कहा, मैं अपने सभी युवा साथियों को कहूंगा इस अभियान से जरूर जुड़ें। आपका ये कदम आपके और देश के भविष्य को बदलने वाला होगा।

## नशीले पदार्थों के नेटवर्क को खत्म करने की जरूरत : अमित शाह




**एजेंसी | नयी दिल्ली/रायपुर**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि देश में नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी राष्ट्रीय सुरक्षा को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा रही है और पूरे नशीले पदार्थों के नेटवर्क को 'ऊपर से नीचे और नीचे से ऊपर दृष्टिकोण' के साथ खत्म करने की जरूरत है। श्री शाह ने कहा कि अवैध नशीली दवाओं के व्यापार से कमाया गया पैसा आतंकवाद और वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) को बढ़ावा देता है और देश की अर्थव्यवस्था को कमजोर करता है और नशीली दवाएं न केवल देश की युवा पीढ़ी को बर्बाद करती हैं बल्कि देश की राष्ट्रीय सुरक्षा को भी कमजोर करती हैं। गृह मंत्री रायपुर में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के जोनल यूनिट कार्यालय का वर्चुअल उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने छत्तीसगढ़ में नारकोटिक्स परिदृश्य पर एक समीक्षा बैठक की भी अध्यक्षता की। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि अपने संबोधन में श्री शाह ने कहा कि 2047 तक नशा मुक्त भारत का सरकार का संकल्प, आज देश के प्रत्येक नागरिक का संकल्प बन रहा है। श्री शाह ने कहा, जब तक हम पूरे नेटवर्क पर हमला नहीं करेंगे, हम नशा मुक्त भारत का लक्ष्य हासिल नहीं कर पाएंगे जो एक समृद्ध, सुरक्षित और गौरवशाली भारत के निर्माण के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि 'ड्रग्स' सिर्फ भारत की समस्या नहीं है बल्कि एक वैश्विक खतरा है, उन्होंने रेखांकित किया कि अगर हम भारत में ड्रग्स के खिलाफ लड़ाई तीव्रता, गंभीरता और व्यापक रणनीति के साथ लड़ते हैं, तो हम इस लड़ाई को जीत सकते हैं। श्री शाह ने कहा कि सभी को मिलकर नशीले पदार्थों के खिलाफ 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर आगे बढ़ना चाहिए और प्रधानमंत्री के नशा मुक्त भारत के संकल्प को पूरा करना चाहिए।

गृह मंत्री ने कहा कि आज एनसीबी के रायपुर जोनल कार्यालय का उद्घाटन किया गया है। यह कार्यालय न केवल राज्य में बल्कि पूरे क्षेत्र में मादक पदार्थों को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# चिराग फिर बने लोजपा (आर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष



**निज संवाददाता | पटना**

41 साल के चिराग पासवान एक बार फिर लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए हैं। इस मौके पर उन्होंने कहा कि 'मुझे 5 साल के लिए दुबारा चुना गया है।' रांची में आयोजित राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में झारखंड, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में होने वाले चुनाव को लेकर भी चर्चा की गई।

झारखंड में पार्टी एनडीए के साथ चुनाव लड़ेगी या खुद के दम पर मैदान में उतरेगी, यह अभी स्पष्ट नहीं है। हालांकि, सूत्र बता रहे हैं कि लोजपा (आर)झारखंड के 28 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारने की तैयारी में है।

चिराग पासवान के झारखंड में 28 सीटों पर चुनाव लड़ने के दावों के बाद एनडीए में परेशानी बढ़ सकती है। एक ओर बीजेपी सभी 81 सीटों पर झारखंड में चुनाव लड़ने की तैयारी में है। वहीं, जदयू ने भी 11 सीटों पर चुनाव लड़ने का दावा किया है। जदयू ने अपने 11 सीटों की सूची मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को भेज दी है।

# मुख्यमंत्री से अचानक मिलने पहुंचे अनंत सिंह, घंटो तक चली बातचीत

**निज संवाददाता | पटना**

मोकामा के पूर्व विधायक अनंत सिंह रविवार को अचानक बिहार के सीएम नीतीश कुमार से मुलाकात करने एक अणे मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास पहुंचे। दोनों नेताओं की मुलाकात करीब आधे घंटे तक चली। जेल से बाहर आने के बाद अनंत सिंह की सीएम नीतीश से यह पहली मुलाकात थी। इस दौरान दोनों के बीच कई मुद्दों पर चर्चा हुई। मुलाकात के बाद मीडिया से बात करते हुए अनंत सिंह ने कहा कि उन्होंने किसी खास काम के लिए मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी और सीएम ने काम पूरा करने का भरोसा दिया है। मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए अनंत सिंह ने कहा कि नीतीश कुमार वर्ष 2025 में चुनाव जीतकर फिर से बिहार के मुख्यमंत्री बनेंगे। खुद चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि वे 2025 का विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि सीएम से मुलाकात अच्छी रही।



## 31 अगस्त से पहले करा लें आरसी और डीएल अपडेट

**पटना (नि.सं.)।** परिवहन विभाग के नए नियम के अनुसार, वाहन मालिकों को ऑनर बुक, ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य जरूरी कागजातों में अपना पता और मोबाइल नंबर अपडेट कराना अनिवार्य किया गया है। मोबाइल नंबर व पता अपडेट नहीं होने की स्थिति में वाहन चालकों व स्वामियों को भविष्य में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इसके लिए परिवहन विभाग ने 31 अगस्त तक का समय निर्धारित कर दिया है।




## सीएम से मिले केंद्रीय मंत्री जीतन मांझी राज्य में एमएसएमई के विकास पर चर्चा



**निज संवाददाता | पटना**

केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने रविवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। ये मुलाकात सीएम आवास पर हुई। जिसमें बिहार में एमएसएमई की स्थिति में सुधार और विकास पर चर्चा हुई। राज्य में सूक्ष्म उद्योग की अपार संभावनाएं हैं। इस मौके पर हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार सरकार में मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन भी साथ रहे। सूत्रों के मुताबिक इस मौके पर बिहार में चार सीटों पर होने वाले उपचुनाव पर भी मंथन हुआ।

## आंगनबाड़ी केन्द्र में होगा पोषण ट्रैकर कुपोषित बच्चों की होगी पहचान

**निज संवाददाता | पटना**

केन्द्र सरकार की ओर चलाये जा रहे कार्यक्रम आईसीडीएस (एकीकृत बाल विकास सेवाएं) के तहत सभी आंगनबाड़ी केन्द्र में पोषण ट्रैकर की व्यवस्था का निर्देश दिया गया है। इसके जरिये अब बौनापन, दुबले और कम वजन वाले बच्चों की पहचान की जाएगी। जिन बच्चों का वजन कम होगा। उनका डेटा तैयार किया जाएगा। बता दें कि राज्य के एक लाख 15 हजार आंगनबाड़ी केन्द्र है। केन्द्र पर दुबले और कम वजन वाले बच्चे को चिह्नित किया जाएगा। आंगनबाड़ी सेविकाओं को ट्रैकर के माध्यम से ऐसे बच्चों की संख्या डालनी होगी। सभी केन्द्रों पर बच्चों की माप नियमित की जाएगी। हर 15 दिनों पर बच्चों का वजन मापा जाएगा। इसके लिए विशेष अभियान भी चलाया जाएगा। चिह्नित बच्चों का समय पर इलाज और पोषण दिया जाएगा, जिससे बच्चे स्वस्थ हो सकेंगे।



'' सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर ऐसे बच्चों की पहचान की जाएगी, जिनका वजन कम है। ऐसे बच्चे जो बौनापन के शिकार होंगे उनका भी डेटा तैयार किया जाएगा। जिससे पता चलेगा कि ऐसे बच्चों की संख्या कितनी है।''

राज्य में डेंगू मरीजों की संख्या बढ़ रही है, पटना में सबसे अधिक 205 मरीज मिले

# डेंगू के 24 नए मरीज मिले, अब तक 519 पीड़ित

**निज संवाददाता | पटना**



राज्य में डेंगू मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। इस साल एक जनवरी से 23 अगस्त तक राज्य के विभिन्न जिलों में कुल 519 लोग डेंगू से पीड़ित हो चुके हैं। इसमें पटना में सबसे अधिक 205 पीड़ित मिले तो बेगूसराय में एक भी डेंगू पीड़ित नहीं मिले हैं। राज्य के विभिन्न जिलों में शुक्रवार (23 अगस्त) को 24 डेंगू के नए मरीज मिले हैं। इसमें सबसे अधिक पटना में 10 मरीज हैं। गया और पश्चिम चंपारण में 3-3 मरीज मिले। गोपालगंज और वैशाली में 2-2 मरीज मिले हैं। औरंगाबाद, भोजपुर, बक्सर और पूर्वी चंपारण में 1-1 मरीज मिले हैं। एक जनवरी से 23 अगस्त तक सबसे अधिक पटना में 205 डेंगू मरीज मिल चुके हैं। गया में 36, मुजफ्फरपुर 31, वैशाली 19, मधुबनी 17, नालंदा 17, दरभंगा 15, सीवान 14, समस्तीपुर 14, भागलपुर 12, पश्चिम चंपारण 10, खगड़िया 9, सीतामढ़ी 8, जहानाबाद 8, भोजपुर 8, सीतामढ़ी 8, जमुई 7, औरंगाबाद 7, नवादा 6, गोपालगंज 6, मधेपुरा 5, बांका 5, अररिया 5, शिवहर 4, कटिहार 4, बक्सर 4, सहरसा 3, लखीसराय 3, कैमूर 3, रोहतास 2, मुंगेर 2 डेंगू पीड़ित मिले हैं। शेखपुरा, किशनगंज और अरवल में एक-एक डेंगू पीड़ित मिले हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए अधीक्षण अभियंता से मिला बुनकरों का शिष्टमंडल

**मानपुर**। बुनकर नगरी पटवाटोली में निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए गोपाल पटवा के नेतृत्व में बुनकरों का एक शिष्टमंडल विद्युत अधीक्षण अभियंता से मिला। इस दौरान बुनकरों ने लाइन मेंटेनेंस के नाम पर बार बार बिजली कटौती के बदले रविवार को सेकंड हॉफ में काम करवाने, लूज तारों को ठीक करवाने सहित वृक्ष की छंटाई, बुनियादगंज टीओपी के समीप रेलवे क्रॉसिंग में अतिरिक्त केवल लगाने एवं पुराने केवल को दुरुस्त करने , सुर्य पोखरा , पेहानी नीम-तर दोनों जगह 200 केवी का अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने,अड्डा के पास बड़का महादेव मंदिर के निकट 200 के ओवरलोड ट्रांसफार्मर के बदले 315 केवी, भुआलपुर में 63 केवी के स्थान पर 100 केवी का ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की।

### हक दो - वादा निभाओ जन अभियान के तहत 9 सूत्री मांगों को लेकर माले का प्रदर्शन

**मानपुर**। हक दो - वादा निभाओ जन अभियान के तहत भाकपा माले सह ऐपवा जिला सचिव रीता वर्णवाल के नेतृत्व में मुफस्सिल मोड से प्रखंड सह अंचल कार्यालय तक जुलूस निकाला गया। इस दौरान बड़ी संख्या के कार्यकर्ताओं द्वारा अंचल सह प्रखंड कार्यालय परिसर में धरना दिया।कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जिला सचिव ने सूबे की सरकार से मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत राज्य के लगभग 95लाख निर्धन परिवारों को 2लाख रुपए देने की मांग की। कहा कि सरकारी कर्मचारियों के उदासीनता और टाल मटोल रवैए के कारण वास्तविक जरूरतमंदो तक योजना का लाभ नहीं पहुंच रहा है। वही अन्य वक्ताओं ने भूमिहीनों के लिए पांच डिसमिल जमीन देने के साथ साथ पक्का मकान,मनरेगा में 200दिनों के काम,बकाया बिजली बिल की माफी देने की मांग दोहराई। मौके पर प्रखंड सचिव सुदामा राम, सत्येंद्र दास व अन्य लोग रहे ।

### मगध आईटीआई के कैंपस सलेक्शन में कई छात्रों को मिली नौकरी

**गया**। सुजुकी मोटर्स हंसलपुर गुजरात के द्वारा मगध आईटीआई माड़नपुर, खटकाचक गया म शनिवार को कैंपस सलेक्शन का आयोजन किया गया। जिसमे काफी छात्रों की उपस्थिति रही। कंपनी के प्रतिनिधि सुनील कुमार और सोनू चौहान के द्वारा लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। लिखित परीक्षा में पास सभी छात्रों का ऑनलाइन साक्षात्कार कंपनी के एचआर ने लिया। इसके बाद सफल छात्रों का अंतिम रूप से चयन किया गया। सभी चयनित छात्रों की नियुक्ति कंपनी के प्लांट हंसलपुर गुजरात में की जाएगी। कंपनी के प्रतिनिधि ने बताया गया कि जॉब तथा अप्रेंटिस दोनो के लिए नियुक्ति की गई है। जो छात्र 2022 और 2023 में पासआउट हैं, उनको एक वर्ष के लिए अप्रेंटिस व शेष को जॉब पर रखा जाएगा।जिनका



एक वर्ष बाद कार्य संतोषजनक होने पर कंपनी में पे रोल पर स्थाई नियुक्ति की जाएगी। 08 घंटे का शिफ्ट होगा। कंपनी में आकर्षक वेतन, 12 दिन का लिव, इंसेंटिव,कैंटीन में एक समय का खाना,चाय, स्नैक्स व कंपनी आने जाने को निःशुल्क ट्रांसपोर्ट की सुविधा मिलेंगी। स्थान के निदेशक अजय कुमार ने कहा कि सुजुकी मोटर्स जापान की बहुत बड़ी कंपनी है। आपलोग कंपनी ज्वाइन करे और अच्छे से कार्य करें। उन्होंने सभी चयनित छात्रों को बधाई व शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्लेसमेंट सेल के इंचार्ज शत्रुघ्न प्रसाद, रितेश कुमार सिन्हा, अरविंद कुमार, निकु कुमारी, मंटू कुमार, पिंटू कुमार, कौशल कुमार, सुनील कुमार सिन्हा, सूरज प्रकाश समेत सभी अनुदेशक और कर्मचारी उपस्थित थे।

### नालंदा में अतिक्रमण हटाने वक्त उग्र हुए फुटपाथी, आगजनी कर किया प्रदर्शन

**नालंदा**। बिहारशरीफ में आज एक गंभीर घटना घटी। जहां नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान फुटपाथ व्यापारियों और प्रशासन के बीच तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। यह घटना शहर के मुख्य बाजार क्षेत्र में हुई। जहां दर्जनों छोटे व्यापारी अपनी आजीविका चलाते हैं। नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई शहर की सुंदरता और यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए आवश्यक थी। लेकिन, फुटपाथ व्यापारियों का आरोप है कि उनके साथ अमानवीय व्यवहार किया गया। फुटपाथी दुकानदार ने बताया कि हमलोग सड़क के किनारे बैठकर अपना सामान बेच रहे थे। अचानक नगर निगम के कर्मचारी आए और हमारी सब्जियां, फल और अन्य सामान को फेंकने लगे। जब हमने विरोध किया, तो वे हमारे ठेले और बाकी



सामान को जबरन उठाकर ले जाने लगे। बिना कोई ऑप्शनल व्यवस्था के ही उन लोगों को उजाड़ा जा रहा है। इस कार्रवाई से नाराज होकर फुटपाथी दुकानदारों ने सड़क जाम कर दी और नगर निगम के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। उन्होंने खंदक पर चौराहे पर बांस लगाकर आवागमन रोक दिया। इससे क्षेत्र में यातायात पूरी तरह से ठप हो गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, बिहार थानाध्यक्ष सम्राट दीपक तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने फुटपाती दुकानदारों से बातचीत की और स्थिति को शांत करने का प्रयास किया। करीब 1 घंटे की मशक्कत के बाद समझा-बुझाकर जाम हटवाया और आवाजाही फिर से शुरू करवाया।

### नालंदा में मामूली विवाद में फायरिंग, गाड़ी स्पीड में टर्न लेने को लेकर लड़ाई, 3 लोगों को लगी गोली

**नालंदा**। नालंदा में मामूली विवाद को लेकर 3 लोगों को गोली मार घायल कर दिया गया है। मामला चिकसौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कोरमा गांव का है। घायलों में चिकसौरा थाना क्षेत्र अंतर्गत फुलवरिया गांव निवासी सिद्धनाथ प्रसाद, मुन्ना कुमार और रूपेश कुमार है। सिद्धनाथ प्रसाद के बेटे बिट्टू कुमार ने बताया कि वह अपनी कार से पटना जिला के पभेरी मोड़ जा रहा था। इसी बीच चिकसौरा थाना क्षेत्र के जलालपुर मोड़ के पास थोड़ा स्पीड में गाड़ी टर्न किया। तभी पैदल जा रहे कोरामा गांव निवासी सन्नी कुमार और अरविंद प्रसाद दोनों पिता-बेटे ने गाली गलौज कर दी। जबकि उन दोनों में गाड़ी टच भी नहीं हुआ था। इसकी



शिकायत उसने घर आकर अपने पिता से की। इसके बाद उसके पिता अपने 2 अन्य साथियों के साथ कोरामा गांव पहुंचे। जहां उन्होंने अरविंद कुमार से गाली गलौज करने के संदर्भ में पूछा। इतनी सी बात को लेकर अरविंद प्रसाद आग बबूला हो उठा। अपने अन्य सहयोगियों को बुलाकर पहले तो लाठी-डंडे से पिटाई कर दी। इसके बाद घर के अंदर से हथियार निकाल कर गोलीबारी कर दी। कई राउंड फायरिंग की गई। इसमें उसके पिता सिद्धनाथ प्रसाद, मुन्ना कुमार और रुपेश कुमार गोली लगने से जख्मी हो गए। ग्रामीणों ने गोलीबारी की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए हिलसा अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। सिद्धनाथ प्रसाद को गोली जांघ में लगी है। जबकि मुन्ना को पैर में और रुपेश कुमार को कमर में गोली लगी है। तीनों घायलों को बेहतर इलाज के अनुमंडलीय अस्पताल हिलसा से PMCH रेफर किया गया है। हिलसा सर्किल इंस्पेक्टर रामाशंकर सिंह ने बताया कि गाड़ी तेज चलाने को लेकर विवाद हुआ है। इसमें 3 लोगों को गोली मारी गई है। सभी खतरे से बाहर हैं। स्थिति नियंत्रण में सभी को बेहतर इलाज के लिए पटना भेजा गया है। आरोपियों की धर पकड़ के लिए पुलिस छापेमारी में जुट गई है।

# बिहारशरीफ के पंचाने नदी का 3 साल बाद बढ़ा जलस्तर

**कई मोहल्लों में घुसा बाढ़ का पानी, पुल के पास फंसे जलकुंभियों को JCB से निकाला गया बाहर**

निज संवाददाता। नालंदा



बिहार के पड़ोसी राज्य झारखंड और नालंदा में रुक-रुक कर बारिश हो रही है। इसके कारण जिला मुख्यालय से होकर गुजरने वाले पंचाने नदी का जलस्तर बढ़ गया है। इसके कारण कई मोहल्ले में पानी प्रवेश कर चुका है। 3 साल के बाद नदी में इतना पानी आया है कि नदी के आसपास मोहल्लों और खेत जलमग्न हो गया है। वहीं, नालंदा सांसद कौशलेन्द्र कुमार के घर जाने के रास्ते में भी पंचाने नदी का पानी भरा हुआ है। किसान कॉलेज के पास भी मुख्य रास्ते पर पानी भर गया है। वहीं, रहुई प्रखंड के निचले इलाके में भी पानी घुस गया है।

**इन मोहल्ले में घुसा पानीः** साठोपुर, आशानगर, हबीबपुरा, श्रृंगारहाट, जलालपुर, सलेमपुर, समलेमपुर रविदास टोला, बबुरबन्ना, सहोखर, खासगंज और रहुई प्रखंड के निचले इलाके में पानी प्रवेश कर चुका है।

**कहां कितना है वाटर लेवलः** पंचाने नदी साठोपुर पुल 53.25 औसत, रिकार्ड 55.05 मीटर यहां जलस्तर में वृद्धि देखी जा रही है। गोइठवा नदी का जलस्तर औसतन 52.17 है। जबकि यह बढ़कर 53.22 हो गया है। जिरायन नदी का जलस्तर औसतन 57.92 है। जबकि यह बढ़कर 60.92 हो गया है। शोयबानदी का जलस्तर 53.54 है, जबकि यह बढ़कर 54.59 हो गया है। यानी सभी नदियों का जलस्तर बढ़ा है। पंचायत नदी के जलस्तर में वृद्धि होने के कारण जिला प्रशासन भी अलर्ट है। पुल के पास फंसे जलकुंभियों को JCB और पोकलेन की मदद से निकाला जा रहा है। ताकि पानी का बहाव न रुके। आम लोगों की सुरक्षा के लिए बैरिकेडिंग और सुरक्षा कर्मियों की भी तैनाती की गई है। जिलाधिकारी द्वारा वैसे क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया, जहां जलस्तर में वृद्धि के लोगों को समस्याएं हो रही है। जिलाधिकारी ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से अलर्ट है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब-जब नदी का जलस्तर बढ़ता है तो यह स्थिति उत्पन्न होती है। नदी का एंक्रोचमेंट कर लिया गया है। इसके कारण हल्की सी पानी आने से भी निचले इलाकों में पानी भर जाता है।

# मंत्री डॉ.प्रेम कुमार ने सीड बॉल का किया छिड़काव



निज संवाददाता। गया

गया के ब्रह्म वन की पहाड़ियों पर प्रदेश सरकार के पर्यावरण वन व जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ.प्रेम कुमार ने ड्रोन के माध्यम से सीड बॉल गिराए। बताया गया कि यह अरण्य अभियान के तहत किया जा रहा है। ताकि गया कि पहाड़ियों पर पेड़-पौधे उग सके। मंत्री डॉ.प्रेम कुमार ने इस अभियान का शुभारंभ ड्रोन का बटन दबाकर किया। उन्होंने कहा कि सीड बाल मिट्टी का एक बॉल होता है, जिसमें नीम, बरगद, पीपल का बीज डाला गया है। उसे ड्रोन के जरिए पहाड़ियों के ऊपर छिड़काव किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष में सूबे में 4 करोड़ 68 लाख पौधा लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें से 50 फीसदी पौधे लगाए जा चुके हैं। वहीं, गया में 27 लाख पौधा लगाने का लक्ष्य है। इसमें से 22 लाख पौधा लगाए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि ड्रोन के माध्यम से तकनीक आकाशीय बीजारोपण के जरिए गया, औरंगाबाद और नवादा के पहाड़ियों में हरियाली लाने के उद्देश्य से आकाशीय मार्ग से सीड बॉल गिराया जा रहा है। वहीं, मनरेगा के माध्यम से 9 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसमें से 7 लाख पौधे लगाए जा चुके हैं। उन्होंने दावा किया कि विभाग द्वारा 15 सितंबर तक 100% पौधे लगा लिए जाएंगे। इस मौके पर डीएफओ शशिकांत कुमार, चैम्बर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष अनुप केडिया, कौशलेंद्र प्रताप सिंह और शहर के गणमान्य मौजूद थे।

# वैगनआर से आए चोर स्कॉर्पियो चोरी कर ले गए

निज संवाददाता। गया



गया शहर के डेल्हा थाना क्षेत्र के धनिया बगीचा के रहने वाले पुलिस इंस्पेक्टर की स्कॉर्पियो बीती रात चोरी हो गई थी। स्कॉर्पियो इंस्पेक्टर के घर के बाहर खड़ी थी। घर वालों के मुताबिक चोरों ने घटना को रात दो बजे के बाद अंजाम दिया है। स्कॉर्पियो के मालिक विनोद कुमार झारखण्ड पुलिस में कोडरमा में पोस्टेड हैं। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। सीसीटीवी फुटेज में चोर स्कॉर्पियो ले जाते हुए दिख रहे हैं। चोर वैगनआर से आए थे और स्कॉर्पियो चुरा ले गए।

**डेल्हा थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्जः** इंस्पेक्टर विनोद कुमार की पत्नी रंजीता कुमारी ने डेल्हा थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। डेल्हा पुलिस का कहना है कि घटना स्थल के आसपास के कई जगहों से सीसीटीवी फुटेज लिया गया है। उन फुटेज के माध्यम से चोरों की तलाश की जा रही है। इंस्पेक्टर विनोद कुमार का भांजा विशाल आनंद ने बताया की बीती देर रात स्कॉर्पियो घर के बाहर ही खड़ी थी। सुबह जब घर के लोग बाहर निकले तो देखा स्कॉर्पियो नहीं थी। मन में चोरी की आशंका होने पर जब आसपास के घरों व दुकानों के सीसीटीवी की छानबीन की तो पता चला की रात करीब 2:00 बजे गाड़ी चोरी हो गई। मामा झारखंड के कोडरमा जिले में इंस्पेक्टर के पद पर तैनात हैं।

# ब्रह्मर्षि बुद्धिजीवी संघ ने डिप्टी सीएम को किया सम्मानित, विजय सिन्हा ने शहर के दर्जनों डॉक्टर और शिक्षाविद से की बात

निज संवाददाता। गया



**♦ स्कूल परिसर में कार्यक्रम**

गया में ब्रह्मर्षि बुद्धिजीवी संघ ने डिप्टी सीएम विजय सिन्हा को शांति निकेतन स्कूल परिसर में सम्मानित किया। शहर के दर्जनों डॉक्टर और शिक्षाविद से डिप्टी सीएम ने खुलकर बात की। देर शाम तक चले इस कार्यक्रम में न केवल ब्रह्मर्षि समाज की चिंता जताई गई बल्कि हर एक समाज के साथ कंधे से कंधे मिला कर देश-राज्य के विकास पर बल दिया गया। शिक्षाविदों व प्रसिद्ध चिकित्सकों ने इस मौके पर देश के हर इक समाज को शिक्षा के प्रति सजग रहने की अपील की। कहा शिक्षा ही एक रास्ता है जो न केवल परिवार, बल्कि समाज और फिर राज्य व देश को विकास की ओर अग्रसर करता है।

**राज्य-देश को दिशा प्रदान करने में हमेशा से आगे रहाः** इस मौके पर विजय सिन्हा ने कहा कि ब्रह्मर्षि समाज ने अपनी साधना और त्याग के बल पर राज्य-देश को दिशा प्रदान करने में हमेशा से आगे रहा है। यह क्रम बना रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज पार्टी राज्य को मजबूती प्रदान करने में हर सम्भव अपनी भूमिका प्रदान करे। यह हमारी अपेक्षा है। उन्होंने यह भी कहा कि ब्रह्मर्षि समाज हमसे और पार्टी से जो अपेक्षा रखती है। उसे भी पूरा करने की कोशिश हमारी ओर से की जाएगी। इसके अलावा उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम और भगवान परशुराम के चरित्र का हवाला देते हुए मर्यादित तरीके से देश-राज्य हित में आगे बढ़ने की अपील की।

**ब्रह्मर्षि समाज के बुद्धिजीवियों से मिलेः** इस मौके पर शांति निकेतन स्कूल के डायरेक्ट हरि प्रपन्न ने कहा कि डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा समाज के लिए गौरव हैं। विजय सिन्हा जिस पद पर अब तक रहे उस पद की गरिमा को बढ़ाया है। वहीं, हड्डी रोग विशेषज्ञ डाक्टर नवनीत निश्छल ने कहा कि डिप्टी सीएम विजय सिन्हा जन भागीदारी के तहत स्वयं ब्रह्मर्षि समाज के बुद्धिजीवियों से मिले। यह बड़ी बात है। इससे बड़ी बात यह कि उन्होंने अपने भाषण में कहा कि वह यह जानना चाहते है कि समाज हमारी सरकार से क्या अपेक्षा रखती। सम्भव हुआ तो उसे पूरा किया जाएगा।

# पुलिस ने मछली विक्रेताओं के सामान को नाले में फेंका, सड़क किनारे सजा रही थी दुकानें

निज संवाददाता। नालंदा

**पीड़ितों को गंदे पानी में उतर सामान समेटना पड़ा**



बिहार शरीफ के मछली मार्केट पुलिस ने सड़क किनारे मछली बेच रहे विक्रेताओं के सामान को नाले में फेंक दिया। फुटपाथी दुकानदार पुलिस से विनती करते रहे, पर पुलिस उनकी नहीं सुन रही थी। अंत में विक्रेता नाले में जाकर अपने सामान को समटते दिखे। पूरे मामला का एक वीडियो भी सामने आया है। दरअसल पिछले कुछ समय से ट्रैफिक रेगुलेट करने के लिए सड़क किनारे मछली बेचने वाले विक्रेताओं और पुलिस के बीच गतिरोध चल रहा है। पुलिस का कहना है कि बेहतर ट्रैफिक रेगुलेट करने में सड़क किनारे मछली बेच रहे विक्रेता बाधा बन रहे हैं। वहीं, इन लोगों को बाजार समिति में वातानुकूलित मछली बेचने का स्थल उपलब्ध कराया गया है। कई बार चेतावनी देने के बाद भी ये लोग अपनी दुकानें सजा देते हैं। जिसके कारण ट्रैफिक की समस्या हो जाती है। वीडियो के बारे में ट्रैफिक थाना अध्यक्ष सुशील कुमार राहुल ने बताया कि मुझे इस बात की जानकारी नहीं है। मामले का पता लगाया जा रहा है।

**रामचंद्रपुर मछली मंडी से शिफ्ट कर जाएंगेः** मछली विक्रेता संघ के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने कहा कि निगम ने बाजार समिति में वातानुकूलित स्थल मुहैया कराया है। जहां एक-दो गद्दीदार ही अपना व्यवसाय कर सकते हैं। जबकि संघ में कुल 28 गद्दीदार है। इसलिए उन लोगों ने निजी जमीन लीज पर ली है। गगनदीवान के समीप निर्माण कार्य चल रहा है। जल्द ही वे लोग बरसात के बाद रामचंद्रपुर मछली मंडी से शिफ्ट कर जाएंगे। तब तक उन लोगों ने सुबह 7:00 बजे तक मछली बेचने की मोहलत प्रशासन से ली है। हालांकि कुछ खुदरा विक्रेता सड़क किनारे मछली बेंचते हैं। जिनको आए दिन परेशान किया जाता है।

# पुलिस पर हमला करने वाला बदमाश गिरफ्तार

निज संवाददाता। नालंदा



नालन्दा पुलिस ने सरमेरा थाना क्षेत्र में टॉप-10 अपराधियों की लिस्ट में शामिल अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी पिछले साल हुई एक हिंसक घटना के मामले में हुई है। प्रशिक्षु डीएसपी मो.अजहरुद्दीन ने बताया कि 5 सितंबर 2023 को सरमेरा थाना अंतर्गत पैंठी गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट और गोलीबारी की घटना हुई थी। इस घटना में पुलिस पर भी हमला किया गया था। घटनास्थल से दो खोखे बरामद किए गए थे। मामले में 9 नामजद अभियुक्तों सहित अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने सरमेरा-मोकामा रोड के पैंठी मोड़ के पास से श्रवण महतो उर्फ मुखी महतो (42 वर्ष) को गिरफ्तार किया।

**कई आपराधिक मामले दर्ज हैः** श्रवण महतो पर पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसके खिलाफ सरमेरा थाना में दो अलग-अलग मामले दर्ज हैं, जिनमें हत्या का प्रयास, दंगा और एससी-एसटी एक्ट के तहत गंभीर धाराएं शामिल हैं। इस गिरफ्तारी में सरमेरा थाना के एसएचओ सह प्रशिक्षु डीएसपी मो. अजहरुद्दीन के नेतृत्व में एक विशेष टीम शामिल थी। टीम में एसआई विकाश कुमार यादव, एएसआई रितु रंजन और एएसआई विक्रम कुमार शामिल थे।

# नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मनाया कृष्ण जन्मोत्सव

निज संवाददाता। गया



गया शहर के वेदांता अकादमी में शनिवार को कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्ले ग्रुप, जूनियर एवं सीनियर ग्रुप के नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा तरह-तरह के परिधानों से सुसज्जित भगवान कृष्ण की विभिन्न छवियों का प्रदर्शन किया गया। सीनियर केजी के बच्चों निर्भय, सानवी, मिष्टी और अन्य ने वासुदेव, देवकी, यशोदा मैया और राधा की भूमिका में अपने संवाद से दर्शकों को मोहित कर दिया। वहीं जूनियर केजी के अनुष्का राज, अनिका ने भव्य नृत्य की प्रस्तुति दी तथा अनन्या, अयांश और दूबे तथा नर्सरी के हर्षिता, शिवांश, केशव, माही, ऋषभ, साक्षी एवं पीजी वर्ग के ऋषभ, साक्षी, आराध्या, अंशिका सहित अन्य बच्चे राधा-कृष्ण के रंगीले वस्त्र में मुरलीधारी मुद्राओं में ऐसे दर्शित थे। मानो गोकुल और वृंदावन के कृष्ण-राधिका वेदांता अकादमी के परिसर में अवतरित हो गए हो।

# राजगीर के कुंडों में फिर गिरने लगी गर्म जलधाराएं

**6 माह से नहीं आ रहा था पानी, लगातार बारिश के बाद फिर से लौटी रौनक**

निज संवाददाता। नालंदा



बिहार के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल राजगीर में एक आश्चर्यजनक घटना ने स्थानीय निवासियों और पर्यटकों को हर्षित कर दिया है। लंबे समय से सूखे पड़े कुंडों में फिर से गर्म पानी की धाराएं बहने लगी हैं, जो इस क्षेत्र के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। वैभारगिरि पर्वत की तलहटी में स्थित ब्रह्म कुण्ड परिसर, जो गंगा-जमुना और मार्कंडेय कुंडों के लिए प्रसिद्ध है, पिछले कुछ वर्षों से जल संकट का सामना कर रहा था। फरवरी माह से बंद पड़े इन कुंडों में अब मोटी गर्म जल धाराएं आने लगी हैं। पंडा कमेटी के सचिव विकास उपाध्याय ने बताया कि यह देखना अविश्वसनीय है कि कैसे मृतप्राय हो चुके कुंडों में जीवन वापस लौट आया है। यह प्राकृतिक चक्र का एक अद्भुत उदाहरण है।

**स्नान, ध्यान, और पूजा-अर्चना के लिए दूर-दूर से लोग आतेः** अखिल भारतीय तीर्थ पुरोहित महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. धीरेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि इन कुंडों का महत्व केवल पर्यटन तक ही सीमित नहीं है। पुरुषोत्तम मास मेला, मकर मेला और श्रावणी मेला जैसे धार्मिक अवसरों पर इन कुंडों का विशेष महत्व होता है। लोग दूर-दूर से स्नान, ध्यान, और पूजा-अर्चना के लिए यहां आते हैं। पिछले कुछ वर्षों में अपर्याप्त वर्षा के कारण न केवल गंगा-जमुना और मार्कंडेय कुंड, बल्कि प्रसिद्ध सप्तधारा भी सूखने के कगार पर थी। यह स्थिति स्थानीय अर्थव्यवस्था और पर्यावरण दोनों के लिए चिंता का विषय बन गया था। हालांकि, इस वर्ष लगातार बारिश ने परिदृश्य को बदल दिया है। पंडा कमेटी के प्रवक्ता सुधीर उपाध्याय ने कहा की वर्षा जलधाराओं के लिए संजीवनी साबित हुई है।

# ऑपरेशन मुस्कानः पुलिस ने बरामद किए 11 महंगे मोबाइल, लोगों में बांटे

» थाना अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्रों के कुल 11 लोगों के मोबाइल बरामद किए गए।




**निज संवाददाता** | तिलौथू (रोहतास)

तिलौथू पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत 11 महंगे मोबाइल बरामद किए और रविवार को थाना परिसर में उन्हें उनके असली मालिकों को सौंप दिया। इस महत्वपूर्ण ऑपरेशन के लिए एसपी विनीत कुमार के निर्देश पर एसआई दिवाकर कुमार और अपर थाना अध्यक्ष रवि प्रियदर्शी को जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इन दोनों अधिकारियों के अथक प्रयास और इंटेलिजेंस टीम की मदद से सभी 11 मोबाइल का ट्रेस कर उन्हें बरामद किया गया। थाना अध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत विभिन्न थाना क्षेत्रों के कुल 11 लोगों के मोबाइल बरामद किए गए। बरामद मोबाइल्स को रविवार को थाना परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान संबंधित लोगों को सौंपा गया। जिन लोगों को उनके मोबाइल लौटाए गए उनमें राजकिशोर सिंह (ढेलाबाद), मुकेश कुमार (महाराजगंज), जयकरण शर्मा (जयनगरा), देवेंद्र प्रसाद (हरनाचिति), अंशु कुमार (महाराजगंज), सूरज सिंह (सासाराम), जगमोहन सिंह (भदोखरा), सुनीता कुमारी (शिवपुर), और शशि भगत (तिलौथू) शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि बरामद किए गए सभी मोबाइल्स महंगे दामों के हैं और इन्हें इंटेलिजेंस टीम की सहायता से ट्रेस कर बरामद किया गया है। मोबाइल प्राप्त करने वाले लोगों ने पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया और पुलिस की इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन मुस्कान के तहत खोए हुए महंगे मोबाइल्स को वापस पाना उनके लिए बड़ी राहत की बात है। पुलिस के इस प्रयास से लोगों में विश्वास बढ़ा है और उन्होंने पुलिस को साधुवाद दिया। इस अभियान की सफलता ने यह साबित किया है कि पुलिस के निरंतर प्रयास से नागरिकों की संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है, जिससे समाज में पुलिस के प्रति सम्मान और विश्वास में बढ़ोतरी हो रही है।

## उसरी गांव में हुआ प्रधानमंत्री की मन की बात कार्यक्रम का आयोजन

**निज संवाददाता** | दावथ (रोहतास)

दावथ प्रखंड के उसरी गांव में प्रधानमंत्री द्वारा मन की बात कार्यक्रम का 113 एपिसोड लाइव ब्रांड कास्टिंग रविवार को दिन 11 बजे से प्रसारित किया गया। मन की बात' के 113वें एपिसोड में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, हर घर तिरंगा है और पूरा देश तिरंगा है' इस बार ये अभियान अपने चरम पर था। देश के कोने-कोने से इस अभियान से जुड़ी अद्भुत तस्वीरें सामने आई हैं। हमने घरों पर तिरंगा लहराते देखा-स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में तिरंगा देखा। लोगों ने अपनी दुकानों और दफ्तरों में तिरंगा फहराया, लोगों ने अपने डेस्कटॉप, मोबाइल और वाहनों पर भी तिरंगा फहराया। जम्मू-कश्मीर में 750 मीटर लंबे झंडे के साथ तिरंगा रैली निकाली गई और ये रैली दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब रेलवे ब्रिज पर निकाली गई।अरुणाचल प्रदेश के ईस्ट कामेंग जिले में 600 फुट लंबे तिरंगे के साथ जुलूस निकाला गया।इसी तरह देश के अन्य राज्यों में भी हर उम्र के लोगों ने ऐसे तिरंगा जुलूसों में हिस्सा लिया। स्वयं सहायता समूहों' से जुड़ी महिलाएं लाखों झंडे तैयार करती हैं।स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर हमारे ध्वज के तीनों रंग देश के हर कोने में, जल, थल और नभ में दिखाई दिए। आपने इंसानों और जानवरों के बीच के प्यार पर कई फिल्में देखी होंगी ! लेकिन असम में इन दिनों एक सच्ची कहानी बन रही है। असम के तिनसुकिया जिले के छोटे से गांव बरेकुरी में मोरान समुदाय के लोग रहते हैं और इस गांव में 'हूलॉक गिब्बन' रहते हैं, जिन्हें यहां 'होलो बंदर' कहा जाता है।हूलॉक गिब्बन ने इस गांव को अपना घर बना लिया है। आपको जानकर आश्चर्य होगा। इस गांव के लोगों का हूलॉक गिब्बन से बहुत गहरा नाता है। गांव के लोग आज भी अपने पारंपरिक मूल्यों का पालन करते हैं।

## दादी प्रकाशमणि जी की मनाई गई 14वीं पुण्यतिथि

**निज संवाददाता** | सासाराम (रोहतास)




प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सासाराम निर्मल धाम निर्मल सरोवर तेतरी में आज पूर्व मुख्य दादी प्रकाशमणि जी 14वां पुण्यतिथि स्थानीय सेवाकेंद्र 200 भाई बहनों के बीच मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि सासाराम के एसडीम भ्राता कुमार जी दादी के फोटो पर श्रद्धांजलि दिए जिसमे दादी जी की जीवन कहानी पर प्रकाश डालते हुए ब्रह्माकुमारी बबीता बहन ने कहा की दादी जी एक कुशल प्रशासिका थी जो उनके नेतृत्व में देश विदेश मे परमात्मा का दिव्य सन्देश दिया गया, दादी जी कोई आम व्यक्ति नहीं थी बल्कि उनके सानिध्य से विश्व की सभी आत्मायें सन्तुष्ट थी संस्था के संस्थापक प्रजापिता ब्रह्मा के जाने के बाद 1969 में दादी जी को इस संस्था का पूरा कारोबार दे दिया दादी जी 2025 अगस्त 2007 को अपना पुराना शरीर छोड़ बाप दादा के गोद में चली गई उनका लौकिक नाम रमा था बाबा उन्हें प्यार से कुमारका कहते थे इनके पिता जी सिन्ध के बहुत बड़े जोतिष थे अपने जीवन काल में किसी आत्मा को दुख नहीं दिया। सभी से दुआएं लेते हुए और दुआ देते हुए उन्होंने अपने जीवन में आगे बढ़ाए आज हम सभी भाई बहने दादी जी को सच्ची श्रद्धांजलि उनके समान बनने का देते हैं इस मौके पर अम्बिका भाई इंद्रा माता जी जोया बहन नीतू बहन रौशनी बहन आरती रवि जनार्धन भाई डॉक्टर अरविंद भाई संजू बहन सभी मौजूद थे।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर बाजार में बढ़ी चहल-पहल

**निज संवाददाता** | चेनारी (रोहतास)

हिंदू धर्म में कृष्ण जन्माष्टमी के त्योहार का काफी खास महत्व होता है। यह त्योहार हर साल बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। इस बार यह पर्व आज दिन सोमवार को मनाया जायेगा भादो मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को जो त्योहार मनाया जाता है, उसे ही कृष्ण जन्माष्टमी के नाम से जानते हैं। अष्टमी के दिन कृष्ण का जन्म हुआ था, इसलिए इसे कृष्ण जन्माष्टमी कहा जाता है। श्री कृष्ण का जन्म रोहिणी नक्षत्र में मध्यरात्रि को हुआ था, इसलिए भाद्रपद मास में आने वाली कृष्ण पक्ष अष्टमी को यदि रोहिणी नक्षत्र का भी संयोग हो तो वह और भी शुभ माना जाता है। ज्योतिषविद पंडित अरविंद उपाध्याय ने बताया कि भगवान श्री कृष्णा का जन्म भाद्रपद कृष्ण पक्ष अष्टमी तिथि रोहिणी नक्षत्र में अर्थ रात्रि को हुआ था, इसलिए हर साल इसी तिथि पर और इसी नक्षत्र में कृष्ण जन्माष्टमी मनायी जाती है। हालांकि हर बार ऐसा नहीं होता है कई बार अष्टमी तिथि रात को नहीं मिल पाती और कई बार रोहिणी नक्षत्र नहीं हो पाता है।

## प्रधानमंत्री की मन की बात 113वीं कड़ी बिक्रमगंज में उल्लास के साथ सुनी गई

**निज संवाददाता** | रोहतास (सासाराम)

बिक्रमगंज प्रखंड के काराकाट विधानसभा क्षेत्र में शक्ति केंद्र घुसिया खुर्द के बुथ नम्बर 98 एवं 99 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'मन की बात' के 113वीं कड़ी को बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ सुना गया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने सबसे पहले चंद्रयान-3 की चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक लैंडिंग की सराहना की, जिससे भारत का मान विश्व में बढ़ा है। उन्होंने 'शिव शक्ति' की चर्चा करते हुए अंतरीक्ष दिवस की भी याद दिलाई। इस कार्यक्रम में ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष चंद्र शाह, बुथ कमेटी अध्यक्ष शिव कुमारी देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। अन्य प्रमुख लोगों में नवनीत शाह, जनार्दन शाह, पंचायत के पैक्स अध्यक्ष उज्जवल कुमार, अमरेन्द्र चौधरी, बबन महतो, लाल बाबू मंसूरी, संतोष गुप्ता, अरविंद गुप्ता, अशोक चौधरी, नंदा सुगन, विश्वनाथ पासवान, पितांबर मुन्ना, देव कुमार, लाल बिहारी चौधरी, इंद्र देव चौधरी, नंद बिहारी पंडित, और हरि ओम शनि का नाम शामिल है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथकियागया।

## अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर चार पर प्राथमिकी

**निज संवाददाता** | बिक्रमगंज (रोहतास)

रोहतास जिले के दावथ थाना क्षेत्र के ग्राम कोआथ में बिजली चोरी के संगीन मामलों का खुलासा हुआ है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में चार लोगों पर अवैध रूप से बिजली चोरी के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस मामले में कुल मिलाकर 75,000 रुपये से अधिक की जुर्माना राशि आरोपियों पर लगाई गई है। जांच और छापेमारी की कार्रवाईः कनीय विद्युत अभियंता (जेई) अर्जुन कुमार के नेतृत्व में गठित एक जांच दल ने इस छापेमारी को अंजाम दिया। सूत्रों के अनुसार, जेई दावथ को लंबे समय से कोआथ गाँव में बिजली चोरी की सूचना मिल रही थी। जब सूचना की पुष्टि हुई, तो उन्होंने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की योजना बनाई। जांच के दौरान पाया गया कि कई उपभोक्ता मीटर बाईपास कर बिजली का अवैध उपभोग कर रहे थे, जिससे बिजली की वास्तविक खपत का पठन रुक गया था और विभाग के राजस्व में भारी क्षति हो रही थी। किस-किस पर लगा जुर्मानाः जांच में शामिल टीम ने पाया कि कोआथ के निवासी विजय प्रताप सिंह और कमल किशोर सिंह ने अपने-अपने घरों में मीटर बाईपास कर बिजली चोरी की थी। विजय प्रताप सिंह पर 15,332 रुपये और कमल किशोर सिंह पर 15,718 रुपये का जुर्माना लगाया गया है। दोनों व्यक्तियों पर आरोप है कि उन्होंने अपने मीटरों से पहले तारों में कटिंग कर बाईपास किया था, जिससे विभाग को सही मान पठन नहीं मिल पा रहा था। इसके अलावा, बिना किसी वैध विद्युत कनेक्शन के शंभू कुमार और रंजन कुमार ने भी बिजली चोरी की थी। उनके परिसरों में मीटर अधिष्ठापित नहीं पाए गए, और जब जांच दल ने उनसे बिजली के उपयोग संबंधी कागजात मांगे, तो वे कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। इस पर शंभू कुमार और रंजन कुमार, दोनों पर 22,316 रुपये का जुर्माना लगाया गया। सख्त चेतावनी और कार्रवाईः इस घटना के बाद, सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज, राज कुमार ने सभी उपभोक्ताओं से अपील की है कि जो भी लोग अभी तक विद्युत कनेक्शन नहीं लिए हैं, वे जल्द से जल्द सुविधा ऐप के माध्यम से अपना कनेक्शन लें। इसके अलावा, जो लोग मीटर बाईपास कर बिजली का अवैध उपभोग कर रहे हैं, वे तुरंत अपनी गलती सुधार लें। राज कुमार ने चेतावनी दी है कि अगर आगे की जांच में कोई भी व्यक्ति बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया, तो उसके खिलाफ विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें जेल की सजा और भारी जुर्माना भी शामिल हो सकता है।

चुनाव के दौरान मंदिर के पुनरुद्धार में सहयोग करने का वचन भगवान जगन्नाथ के समक्ष लिया था

## विधायक को वचन याद दिलाने के लिए संतो ने की भगवान जगन्नाथ से प्रार्थना

**निज संवाददाता** | राजपुर (रोहतास)

बरना अमरथा जंगल के अमरपुर गांव स्थित भगवान जगन्नाथ मठ पर रविवार को सुबह क्षेत्र के विधायक अनिता देवी को याद दिलाने के लिए संतो द्वारा प्रार्थना सभा का आयोजन। जहां संतो ने भगवान जगन्नाथ के समक्ष विगत चुनाव के दौरान विधायक द्वारा किए गए वादे को याद दिलाने के लिए प्रार्थना किया। क्षेत्र के समाजसेवी भाई जयराम सिंह अकेला ने बताया कि विगत विधानसभा चुनाव के दौरान अनिता देवी ने मंदिर के पुनरुद्धार में सहयोग करने का वचन भगवान जगन्नाथ के समक्ष लिया था। उन्होंने साधु संतों के ठहराव व भजन कृतन के लिए सामुदायिक भवन निर्माण का वादा किया था। वे चुनाव भी जीत गई। चार साल बीत जाने के बाद भी विधायक जी को भगवान को दिए वचन याद नहीं रहे। ऐसे में साधु संतों ने उन्हें याद दिलाने के लिए भगवान से प्रार्थना किया है। मंदिर के महंत सुदर्शनाचार्य जी ने बताया कि मंगलवार को भगवान् श्री कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से



मनाई जाएगी। मंदिर परिसर में इसके लिए भव्य आयोजन किया गया है। भगवान का विशेष श्रृंगार होगा। जन्मोत्सव का कार्यक्रम होगा। भगवान को छप्पन भोग लगेंगे। उन्होंने कहा कि सोमवार की शाम रामचरितमानस का अखंड पाठ बैठाया जाएगा। जिसका पूर्णाहुती मंगलवार को देर शाम तक चलेगा। उसके बाद लोग भगवान के जन्मोत्सव में शामिल हों परमानंद की प्राप्ति करेंगे।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कृष्ण जन्मोत्सव

**निज संवाददाता** | नवादा

आर.पी.एस.कॉन्वेंट पब्लिक स्कूल, नवादा के तत्त्वाधान में, आर.एल. पैलेस में, कृष्ण जन्मोत्सव (जन्माष्टमी) धूमधाम से मनाया गया। बतौर मुख्य अतिथि प्रधानाचार्या श्रीमती मौसमी मुखर्जी एवं आरती मैम ने भगवान कृष्ण के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर, उनका आशीर्वाद ली। उपस्थित जनमानस को शुभकामनाएं देते हुए, प्रधानाचार्या ने कृष्ण के सिद्धांतो पर चलने का उनसे आग्रह भी किया। छात्र-छात्राओं ने भक्ति भावना से ओत प्रोत एक से बढ़कर एक मनमोहक, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। छोटे छोटे बच्चों ने अपने नृत्य और गीत से उपस्थित लोगों को भाव विभोर और मंत्र मुग्ध कर दिया। विद्यालय के उप प्रधानाचार्य कौशिक हलदर ने उपस्थित लोगों को कृष्ण जन्मोत्सव की शुभ कामनाएं देते हुए बताया कि श्रीमद् भगवदगीता हमे धर्म के साथ साथ कर्म करने की प्रेरणा देती है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को श्रीमद् भगवद गीता का नियमित रूप से अध्ययन अवश्य करना चाहिए। जन्माष्टमी के इस महापर्व में, रामरूप प्रसाद, मनीष कुमार, चंदन, साकेत रंजन, विशाल, अभिलाषा, रीना, गौरी, नीलकमल, अंकित, राहुल, रंजीत आदि शिक्षकगण एवं विद्यार्थीगणो नेअपनी अपनी सहभागिता सुनिश्चित की।

## स्कॉर्पियो के चपेट में आने से बाईक सवार तीन घायल

**निज संवाददाता** | राजपुर (रोहतास)

राजपुर नासरिगंज पथ स्थित यादव टोला के पास रविवार को स्कॉर्पियो के चपेट में आ जाने से बाइक पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायल को स्थानीय लोगों ने सड़क से उठाकर पीएचसी लाया, जहां चिकित्सकों ने घायलों का प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल सासाराम रेफर कर दिया। घायल दिनेश कुमार 27 वर्ष बेटा आनन्द कुमार 5 वर्ष व पत्नी बक्सर जिला के कोतरकुट गांव का निवासी बताया जाता है। जानकारी देते हुए डाक्टर मोबीन आलम ने बताया कि सड़क दुर्घटना में जख्मी लोगों को स्थानिय ग्रामीण इलाज के लिए अस्पताल लाए थे। दिनेश कुमार का पैर टुट गया था जबकि उनके पांच वर्षीय बेटा आनन्द कुमार को सिर में चोट लगी थी।पत्नी को भी चोट थी। सभी का इलाज कर दिनेश कुमार के बेहतर ईलाज के लिए सदर अस्पताल सासाराम रेफर कर दिया गया।थाना अध्यक्ष शशिभूषण कुमार ने बताया कि स्कार्पियो की पहचान हो चुकी है। राजनडिह गांव का स्कॉर्पियो था जो अमाडी बाजार की तरफ से राजपुर जा रहा था। राजपुर की ओर से बाइक सवार पति-पत्नी व बच्चे नासरिगंज थाना क्षेत्र के पवनी गांव में रिशतेदारी में जा रहे थे।

## इंजन ऑयल गिरने का इशारा कर वाहन से बैग ले भागे उच्चके, जांच में जुटी पुलिस

**निज संवाददाता** | सासाराम (रोहतास)

शहर के पुरानी जीटी रोड स्थित मालगोदाम मोड़ के समीप रविवार की दोपहर कुछ उच्चकों ने वाहन मालिक व एक अन्य को चकमा देकर गाड़ी के अंदर रखे बैग को उड़ा लिया है। जानकारी के मुताबिक सासाराम मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बहराड गांव निवासी कृष्ण बिहारी पासवान अपने एक वाहन मालिक मित्र के साथ गाड़ी से गांव जा रहे थे। तभी माल गोदाम के समीप कुछ लोगों ने उन्हें गाड़ी से इंजन ऑयल गिरने का इशारा किया और जब उचक्कों के झांसे में आए दोनों लोग नीचे उतरकर गाड़ी को देखने लगे तो बदमाश गाड़ी में रखें बैग को चुपके से निकाल कर फरार हो गए। वहीं कोई खराबी या रिसाव नजर नहीं आने के बाद जब दोनों वापस गाड़ी में बैठने लगे तो उन्होंने देखा की गाड़ी में रखा बैग गायब है। जिसके बाद उन्हें झांसे में लेकर लूटे जाने का आभास हुआ और उनके द्वारा तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई। घटना के संदर्भ में पीड़ित कृष्ण बिहारी पासवान ने बताया कि बैग में दस हजार रुपए नगद एवं कुछ जरूरी कागजात रखे हुए थे। जिसे उच्चकों ने लूट लिया है तथा इसको लेकर नगर थाने में आवेदन भी दिया गया है। इधर मामले में जानकारी देते हुए नगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन राय ने बताया कि शहर के मालगोदाम के समीप एक वाहन से बैग उड़ाए जाने को लेकर आवेदन प्राप्त हुआ है। जिसको लेकर पुलिस घटनास्थल की जांच पड़ताल करते हुए आसपास के दुकानों में लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगाल रही है। ताकि अपराधियों की पहचान की जा सके। बता दें कि विगत तीन-चार महीनों से शहर में इस तरह की लूट की घटनाएं बढ़ गई है। पूर्व में शहर के पोस्ट ऑफिस चौराहे एवं नेहरू पार्क के समीप भी एक एनआरआई, महिला सहित अन्य व्यक्तियों के साथ कुछ बदमाशों द्वारा गाड़ी के नीचे तेल फेंक कर लूट की घटना को अंजाम दिया गया है। लेकिन इन सभी मामलों में पुलिस के हाथ अब तक खाली बताए जाते हैं। लोगों को लूटने के लिए अपराधी अब तरह-तरह के हथकंडे अपना रहे हैं। जिससे पार पाना पुलिस के लिए चुनौती बनती जा रही है।

## न्यूज बाइट्स

### आर.एस.के. पब्लिक स्कूल में कृष्णाष्टमी धूम धाम से मनाया गया



**डेहरी ऑन-सोन (रोहतास) (नि.सं.)।** आर एसके पब्लिक स्कूल में कृष्णा जन्माष्टमी का त्योहार प्ले क्लास से 12वीं तक के बच्चों ने धूम धाम से मनाया। विद्यालय परिसर को फूल माला एवं अन्य सामग्री से सजाया गया। निदेशक आनंद सिंह ने बताया कि बच्चे कृष्ण भगवान के स्वरुप होते हैं इसलिए स्कूल में 18 वर्षों से लगातार कृष्णाष्टमी मनाया जा रहा है, पूजा श्रीवास्तव शिक्षिका ने बताय अभिभावकों ने फोन कर अपने बच्चों रंगबिरंगा परिधान में भेजने की लिये पूछा और अपनी खुशी जाहिर की मौके पर उपस्थित प्रिन्सिपल राजनारायण सिंह, प्रेमलता शर्मा, पूजा श्रीवास्तव, सुनाना पाल, सुनीता कुमारी, रोमा साहनी अफसाना यूसुफ, खुशी सिन्हा, अफ़साना बानो, आदि मौजूद थे।

### भाकपा माले का प्रखंड अंचल कार्यालय में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

**करगहर (रोहतास) (नि.सं.)।** भाकपा माले द्वारा प्रखंड अंचल कार्यालय पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया।धरना की अध्यक्षता कोचस करगहर एरिया कमिटी सचिव कामरेड चंद्रभन सिंह किया। उन्होंने कहा कि दो दिन का धरना हक दो वादा निभाओ सिर्फ दो नारे पर है लोगों को रहने व जीने का मौलिक अधिकार है। लेकिन डबल इंजन की सरकार हक देने की बजाए गरीबों को रहने जीने का भी अधिकार छीन रही है। सरकार राज्यों में बरसों से बसे गरीबों को उजाड़ने का काम कर रही है। राज्य सरकार द्वारा बिना बसाए गरीबों को उजाड़ना नहीं है। लेकिन उन्हें सरकार उजाड़ रही है। सरकार कहती है कि राज्य में 95 लाख गरीब है सरकार द्वारा घोषित प्रत्येक व्यक्ति को 2 लाख रुपए दिए जाएंगे। इन्हीं सवालों को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी को पांच सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। मांग-- सभी 95 लाख महा गरीब परिवार को एक मुस्त 200000 रूपये देना होगा। गरीब परिवारों को वार्षिक आय 70000 रुपए से नीचे प्रमाण पत्र बनाना होगा। गरीबों परिवारो को 5 डि.जमीन देना होगा। उन्हें पक्का मकान की गारंटी करना होगा। मनरेगा में सभी गरीब परिवारों को 200 दिन काम और दैनिक मजदूरी 600 रूपये देना होगा। सभी वृद्ध विधवा विकलांग को 3000 प्रतिमाह पेंशन देने की मांग किया। मौके पर परमानंद ताती लालमोहर राम श्री भगवान राम बबन सिंह राजू राम लव पासवान रंग बहादुर सिंह रामजी राम सुनील पासवान सोनमती देवी पुष्पा देवी शोभा देवी परमातो कुंवर के अलावे सैकड़ों भाजपा माले कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

### ध्वस्त पुलिया में फंसकर मवेशियों की मौत



**करगहर (रोहतास) (नि.सं.)।** थाना क्षेत्र के चिलबिली गांव के समीप स्थित मथुरी नदी के ध्वस्त पुलिया में फंसने से दो दुधारू मवेशियों की मौत हो गई, लोगों द्वारा काफी खोजबीन के बाद रविवार को मवेशियों का शव ध्वस्त पुलिया में देखा। चिलबिली निवासी पशुपालक रामचंद्र सिंह यादव बिहारी सिंह यादव ने बताया कि अपनी दुधारू भैंस को घास चरने के लिए नदी के तटबंधों पर छोड़ कर घर चले आए। शाम तक भैंस घर नहीं लौटी तो वे उनकी खोज में निकल गए। काफी देर खोजबीन के बाद भी भैंस का पता नहीं चला तो उन्हें यह आशंका होने लगी कि रास्ता भटककर भैंस काफी दूर चली गई है या फिर चोरों ने चुरा लिया। उन्होंने बताया कि विगत दोनों से तेज बारिश के कारण नदी उफान पर थी। आर पार जाना मुश्किल था। जब नदी का पानी काफी कम हो गया तो ग्रामीणों ने दोनों भैंस को ध्वस्त पुलिया में फंसा देख पशुपालकों को सूचना दी। दोनों मृत दुधारू मवेशियों की कीमत एक लाख रुपए से अधिक आंकी गई है।

### भाजपा नेता ने की एसपी को हटाने की मांग

**विक्रमगंज (रोहतास) (नि.सं.)।** भाजपा के वरिष्ठ नेता बलिराम मिश्र ने जिले में बढ़ते अपराधिक मामलों के उद्भेदन में असफल रहे एसपी विनीत कुमार को हटाने की मांग मुख्य मंत्री से किया है। मिश्र ने कहा है कि जिले में इनके कार्यकाल में अपराधिक मामले में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। थानों पर इनके द्वारा आम जन को न्याय नहीं दिया जा रहा है। वाहन चोरी, नशे के करोबार को रोकने में असफल रहे है। आमजनो की प्राथमिकी नहीं ली जा रही है। पुलिस पर से लोगों का विश्वास उठ चुका है। ऐसे में यहां से एसपी रोहतास को हटाया जाना चाहिए।

### महादलित बस्ती के बच्चों को किया जायेगा विकसित : बीडीओ

**सासाराम (रोहतास) (नि.सं.)।** उप विकास आयुक्त भोजपुर विक्रम वीरकर के निर्देशोलाक मे महादलित टोला डेवलपमेंट प्लान के तहत प्रखण्ड के कुरकुरी पंचायत अन्तर्गत दुलारपुर गांव स्थित महादलित टोला मे प्रखण्ड विकास पदाधिकारी गडहनी अर्चना कुमारी के द्वारा सर्वे किया गया। उन्होंने बताया कि डीडीसी विक्रम वीरकर के थीम डेवलपमेंट प्लान के अनुसार महादलित टोला मे गुजर बसर करने वाले लोगो को विकसित करने को लेकर अनेकों बिन्दुओं पर बारीकी से मुआयना किया गयाइस थीम के तहत महादलित बस्ती मे शौचालय, नल जल, शिक्षा स्वास्थ्य, आवास, परिवार के मुखिया का आधार कार्ड, राशनकार्ड, जन्म प्रमाणपत्र, जॉब कार्ड आदि के बारे मे जानकारी प्राप्त की गईइस दौरान बच्चों से मिल उनकी मनोभाव को जाना साथ ही शिक्षा आदि की जानकारी प्राप्त की। कौन-कौन से बच्चों का विद्यालय मे नामांकन है, किसका नही है तो क्यों नही है।स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध है अथवा नही है, आयुष्मान कार्ड बना है कि नही, कितने पेंशनधारी हैं कितने इसके योग्य हैं, आंगनबाडी द्वारा टीएचआर का लाभ मिलता है कि नही, जीविकोपार्जन की स्थिति, जीविका द्वारा कोई लाभ आदि की बिस्तृत जानकारी सर्वे के दौरान ली गई।

### महाराणा प्रताप प्रशासनिक भवन का उद्घाटन

**विक्रमगंज (रोहतास) (नि.सं.)।** इंदु तपेश्वर सिंह महिला कॉलेज विक्रमगंज के परिसर में नवनिर्मित महाराणा प्रताप प्रशासनिक भवन का उद्घाटन कॉलेज के सचिव सह पूर्व विधान पार्षद डॉक्टर अजय कुमारसिंह, मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी अनिल बसाक, एसडीपीओ बिक्रमगंज कुमार संजय, ए एस कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर सुधांशु शेखर भाष्कर, बी ई ओ की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। उद्घाटन के मौके पर कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर बिनोद कुमार सिंह ने अतिथियों को अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ प्रदान कर स्वागत किया। इस कार्यक्रम पर कॉलेज कि छात्राओ ने संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर देश भक्ति गीत का गायन किया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें : www.sonvarshavani.com
ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper

# भारी मात्रा में लॉटरी बंडल के साथ पांच कारोबारी चढ़े पुलिस के हत्थे, एक फरार

निज संवाददाता | नवादा



नवादा जिले में निर्बाध रूप से चल रहे प्रतिबंधित लॉटरी धंधा का खुलासा पुलिस ने किया है। पुलिस ने अवैध लॉटरी धंधे का उद्भेदन करते हुए भारी मात्रा में लॉटरी बंडल को बरामद किया। इस दरम्यान 05 कारोबारियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार लोगों के पास से देशी कट्टा, 04 जिंदा कारतूस तथा नौ हजार आठ सौ बीस रुपये नगद, 07 मोबाईल फोन एवं 20 कॉपी बरामद किया। घटना जिले के हिसुआ थाना नगर परिषद की है। हिसुआ अनुमंडल डीएसपी सुनील कुमार ने बताया कि हिसुआ पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि नगर परिषद क्षेत्र के तेली टोला में धर्मेंद्र कुमार उर्फ फ़ुचन के घर पर असामाजिक एवं आपराधिक प्रवृति के लोग रहते हैं। उन्होंने बताया कि ये लोग गिरोह बनाकर लॉटरी खेलाने एवं भयादोहन का कार्य करते हैं। वरीय पदाधिकारी को इसकी सूचना देते हुए पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल धर्मेंद्र कुमार उर्फ फ़ुचन के घर पर छापेमारी के लिए पहुंचा ,जहां मकान के निचले तल्ला के कमरे में कुल 06 लोग मौजूद थे। पुलिस को देखते ही सभी लोग भागने लगे जिसमें 05 लोगों को खदेड़कर पुलिस ने पकड़ लिया वहीं एक व्यक्ति भागने में सफल रहा। उन्होंने बताया इस सभी सिंडिकेट लॉटरी खेलवाने और चलवाने का काम किया करते थे। इस संदर्भ में हिसुआ थाना में 25 अगस्त को कांड संख्या 508/24 दर्ज कर धारा 318(4)/338/112(2)/3(5) बीएनएस 2023 एवं 25 (1-बी) ए /26/35आर्म्स एक्ट एवं 7(3)लॉटरी अधिनियम 1998 के तहत अभियुक्त बनाया गया है। इन लोगों की हुई गिरफ्तारी :- पुलिस ने छापेमारी के दौरान 05 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसमें मुख्य सरगना धर्मेंद्र कुमार उर्फ फ़ुचन पिता सहदेव प्रसाद जो हिसुआ तेली टोला निवासी है उनपर पूर्व में भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं और लॉटरी कारोबार मामला में जेल जा चुका है, वहीं मोहित कुमार पिता मोहन कुमार तेली टोला निवासी, अमित कुमार पिता शंकर साव तेली टोला निवासी, आकाश कुमार पिता गोपाल उपाध्याय हिसुआ दरबार चौक निवासी, सीवन चौधरी पिता लालो चौधरी हिसुआ नाला पर निवासी को गिरफ्तार किया गया है। वहीं एक व्यक्ति भागने में सफल हुआ। इन सामानों की हुई बरामदगीः -पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार लोगों में धर्मेंद्र कुमार उर्फ फ़ुचन के पास से एक देशी कट्टा व 315 बोर का चार जिंदा कारतूस बरामद किया गया, वहीं उनके घर से 37,330 पीस लॉटरी का टिकट, लॉटरी बिक्री का 9,820 रुपया नगद, 07 मोबाईल फोन एवं 30 पीस लॉटरी का हिसाब किताब वाला कॉपी बरामद किया गया है। पुलिस ने गिरतार लोगों को न्यायिक हिरासत भेजकर अग्रेतर कार्रवाई में जुटी गए हैं। मौके पर प्रशिक्षु डीएसपी कामिनी कुमारी, थानाध्यक्ष अनिल कुमार मौजूद थे।

## बदमाशों ने दुकान में घुसकर दुकानदार के साथ की मारपीट



निज संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)।** नारदीगंज बाजार में बदमाशों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि अब दिन दहाड़े मारपीट और लुट की घटना को अंजाम देने में लगा है। इन दिनों बदमाशों के दिल में पुलिस, कानून का भय समाप्त हो गया है। इसका ताजा उदाहरण शुक्रवार के दिन 2.30 बजे के लगभग देखने को मिला। नारदीगंज बाजार मेन रोड में चार पांच की संख्या में रहे बदमाशों ने दिन दहाड़े शगुन पलाई एंड पेंट महल नामक दुकान में घुस कर दुकानदार के साथ मारपीट कर जख्मी कर दिया। और नगद रुपए व जेवरात छीन लेने के साथ कुछ सामान भी लूटपाट व तोड़फोड़ करने की बात सामने आ रही। लोगों का कहना है कि इस दौरान बदमाशों ने गोली भी चलाई है। मारपीट की घटना में दुकानदार गंभीर रूप से चोटिल हो गया। जिसे उपचार के लिए सीएचसी नारदीगंज में दाखिल कराया गया। जहां कार्यरत चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद विशेष उपचार के लिए दुकानदार को सदर अस्पताल नवादा रेफर कर दिया। मारपीट और फायरिंग होते देख मेन रोड की सभी दुकानें फटाफट बंद हो गई। वाहन चालक भी अपना अपना वाहन लेकर भाग गए और सड़क पर सन्नाटा पसर गया।कुछ देर बाद बदमाशों के चले जाने के बाद लोगों की भीड़ जुट गई।

## 24 बोतल विदेशी शराब के साथ एक तस्कर गिरफ्तार



निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

रजौली थाना क्षेत्र के चितरकोली पंचायत स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद सन्नी कुमार के द्वारा 24 बोतल विदेशी शराब के साथ बस से सफर कर रहे एक युवक को गिरफ्तार किया गया। वहीं 17 शराबियों को भी हिरासत में लिया गया, जिसमें दो लोग दोबारा शराब पिए हुए पाए गए। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि बिहार में शराबबंदी को सफल बनाने को लेकर उत्पाद एसआई सन्नी कुमार के नेतृत्व में समेकित जांच चौकी पर उत्पाद बलों के सहयोग से झारखंड की ओर से आने वाली प्रत्येक छोटी एवं बड़ी वाहनों की सघन जांच की जाती है। जांच के क्रम में उत्पाद एसआई सन्नी कुमार ने झारखंड की ओर से आ रही एक बस से एक बैग में रखे 24 बोतल विदेशी शराब को जब्त किया। साथ ही शराब की तस्करी करने वाले एक तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार तस्कर की पहचान नालंदा जिले के राजगीर के विरायतन गांव निवासी अजय सपेरा के पुत्र रौशन कुमार के रूप में हुई है। जब्त शराब में 750 एमएल के रॉयल स्टैग नामक 24 बोतल शामिल है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त शराब एवं गिरफ्तार तस्कर के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिक की दर्ज कर ली गई है। साथ ही गिरफ्तार युवक को रविवार को स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। साथ ही बताया कि शनिवार के शाम से लेकर रविवार की सुबह तक कुल 17 शराबियों को हिरासत में लिया गया। हिरासत में लिए गए शराबियों की जांच ब्रेथ एनालाइजर मशीन से किए जाने पर सभी लोगों के शराब पिए होने की पुष्टि हुई, जिनमें दो लोग दुबारा पीकर पकड़ाए हैं। उन्होंने कहा कि सभी शराबियों को भी न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। जहां पहली बार शराब पीकर पकड़ाए लोगों से जुर्माना वसूल किया गया एवं दुबारा पकड़ाए शराबियों को जेल भेज दिया गया। इस मौके पर उत्पाद सिपाही, सैप बल एवं गृह रक्षक के जवान मौजूद रहे

## मुख्य पथ की जगह खेतों में बना दिया पुल , जान जोखिम में डाल नाला पार करने को विवश हैं लोग

निज संवाददाता | कोचस (रोहतास)



कोचस प्रखंड के नरवर ग्राम पंचायत जहां जन सुविधाओं को दरकिनार कर सोख्ता की जगह सुरंग, चारदीवारी निर्माण, सिंचाई करहा बगैर सफाई राशि निकालने तथा दूसरे योजना मद से कराए गए कार्यों पर नई योजना खोल राशि निकासी निकासी के मामले में सुर्खियों में रहा यह पंचायत एक बार फिर चर्चा में आ गया है।जहां धनछुआं गांव के समीप एप्रोच पथ में वर्षों से ध्वस्त पुल निर्माण की जगह 500 मीटर दूरी पर स्थित खेतों में ही पुल का निर्माण कर दिया। यह हैरतअंगेज कारनामा प्रखंड के जूनियर इंजीनियर, पंचायत सचिव और अधिकारियों की मिली भगत से किया गया किया गया। इसका खुलासा ग्रामीण विजय सिंह, दीपक सिंह, रामेश्वर सिंह,मंटू सिंह यादव, काशीनाथ सिंह उपेंद्र सिंह, गोविंद पाल, मनोज पांडेय ,सुखारी यादव, ज्वाला सिंह, अरविंद सिंह, वीरेंद्र सिंह, मनोज सिंह, रविंद्रसिंह आदि ने किया। उन्होंने बताया कि 15 वीं वित्त आयोग से धन्सुआ गांव के बधार में राजेंद्र सिंह के खेत के समीर 4 लाख 56 हजार रुपए की राशि से कन्वर्ट का निर्माण किया गया। जहां आने-जाने का कोई रास्ता नहीं है। उन्होंने बताया कि एप्रोच पथ में जर्जर पुल के समीप संवेदक द्वारा जेसीबी से खुदाई कर गढ्ढा करा दिया गया है। लेकिन उक्त स्थल पर पुल का निर्माण न करा कर व्यक्ति विशेष के लिए खेतों में पुल का निर्माण कराया गया। उन्होंने आशंका व्यक्त किया कि संवेदक द्वारा दोनों पुलों का कार्य पूर्ण दिखाकर राशि की निकासी की गई है जो जांच का विषय है। ग्रामीणों ने बताया कि धनछुआं -धनसोई पथ में धनछुआं गांव के समीप पुराना पुल ध्वस्त होने से यातायात बाधित है। ग्रामीण टूटे पुल के ऊपर बिजली का पोल रख कर आना जाना करते हैं। सबसे परेशानी विद्यालय जाने वाले छोटे बच्चों और बाइक सवारों को होती है। जो जान जोखिम में डालकर बिजली पोल के सहारे नाला पार करते हैं। उन्होंने बताया आधा दर्जन से अधिक लोग नाला पार करने के दौरान नीचे गिरकर जख्मी हो गए हैं।

## प्रतिनियुक्ति के बाद राजस्व में हुई दोगुनी बढ़ोत्तरी

**रजौली (नवादा) (नि.सं.)।** प्रखंड क्षेत्र के चितरकोली पंचायत स्थित समेकित जांच चौकी पर डीटीओ नवादा द्वारा एमभीआई मो युसुफउद्दीन के नेतृत्व में पांच ईएसआई की प्रतिनियुक्ति के बाद राजस्व में पहले के अपेक्षाकृत लगभग दो गुना बढ़ोत्तरी हुई है। जांच चौकी पर ईएसआई किरण कुमारी, ईएसआई रिया कुमारी, ईएसआई शांतनु कुमार, ईएसआई धनंजय कुमार एवं ईएसआई दिव्य प्रकाश की प्रतिनियुक्ति प्रत्येक दिन रोस्टर के अनुसार तीन शिफ्टों में की गई है। डीटीओ नवादा के द्वारा 21 अगस्त को ज्ञापन संख्या 1312 के द्वारा आदेश निर्गत कर पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया है। प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों के ड्यूटी के बाद वाहन के कागजातों में कमी रहने पर उनसे राशि वसूल की जा रही है। जिससे पहले के अपेक्षाकृत राजस्व दो गुना हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले प्रतिदिन दो से ढाई लाख रुपए राजस्व की वसूली की जाती थी।

वहीं अब बीते दिनों से चार से

## सनातन संस्कृति के प्रचार हेतु पैदल भारत यात्रा पर निकले नौजवान को किया गया सम्मानित

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)



सनातन धर्म एवं संस्कृति के प्रचार-प्रसार की धुन में राजस्थान के कोटा का एक नवजावन इंजीनियर दीपक वर्मा भारत के 22 राज्यों एवं नेपाल के सभी मंदिरों एवं गुरुद्वारे के दर्शन करने की प्रतिज्ञा लेकर घर से निकला युवक रविवार को रजौली पहुंचा। रजौली प्रखंड के विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल द्वारा यात्रा पर निकले युवक को पिंटू वर्मा ने अंगवस्त्र आदि देकर सम्मानित किया गया। यात्रा पर निकले युवक दीपक वर्मा ने बताया कि वे सनातन धर्म एवं संस्कृति के प्रचार-प्रसार को लेकर अपनी यात्रा की शुरुआत बीते वर्ष 2023 के अक्टूबर माह में किया था। उन्होंने अपनी यात्रा की शुरुआत राजस्थान से की थी एवं बीते 11 माह में हरियाणा, दिल्ली, उतराखंड, उत्तर प्रदेश और नेपाल देश होते हुए वे पूरे बिहार का भ्रमण कर झारखंड प्रवेश कर चुके हैं। युवक ने बताया कि वे रास्ते में जहां पड़ाव डालते हैं, वहां के लोगों से अपने बच्चों को अपनी संस्कृति पर विशेष जोर देने की अपील करते हैं। इसके लिए वे बच्चों एवं उनके परिजनों को वेद,गीता एवं रामायण जैसे महाकाव्य पढ़ने को प्रेरित करते हैं। उनका मानना है कि भारत में पश्चिमी सभ्यता ने अपना पैर पसार रहा है। ऐसी स्थिति में हमलोग अपनी संस्कृति को भूलकर दूर हटते जा रहे हैं। इसलिए बड़ों के साथ बच्चों में महाकाव्यों एवं वेदों का ज्ञान होना अत्यंत आवश्यक है। इसलिए गुरुकुल एवं सनातनी संस्थाओं में अध्ययन करने हेतु 2 घंटे जरूर भेंजे। साथ ही उन्होंने कहा कि सनातनी धर्म के लोग जाति और उपजाति में बंटकर टूट रहे हैं। जबकि सभी सनातनी लोगों की एक ही जाति है और वो है सनातन।साथ ही बताया कि आज न्यूज चैनलों में बैठे दूसरे धर्मों के प्रवक्ताओं द्वारा गीता और रामायण जैसे महाकाव्य को लेकर गलत जानकारियां दी जाती है, जिसके कारण कुछ लोग दिकभ्रमित हो जा रहे हैं। इसलिए सभी सनातनियों से अपील है कि वे अपने धर्म के प्रति सजग रहें और महाकाव्यों आदि का अध्ययन करें।उन्होंने बताया कि बिहार यात्रा समाप्ति के बाद वे झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तामिलनाडु, केरल, कर्नाटक, गोवा, महाराष्ट्र और गुजरात होते हुए अपने जन्मभूमि राजस्थान पहुंचेंगे, जिसमें लगभग चार वर्ष का समय लगेगा। मौके पर मौजूद लोगों ने युवक का उत्साहवर्धन किया एवं मंगलयात्रा की शुभकामनाएं दी।

## पर्यावरण की सुरक्षा के लिये वृक्षारोपण जरूरी

निज संवाददाता | नारदीगंज (नवादा)



जिला पत्रकार संगठन नवादा के तत्वावधान में प्रखंड इकाई नारदीगंज ने रविवार को पौधारोपण कार्यक्रम किया। कार्यक्रम का आयोजन इंटर विद्यालय नारदीगंज के परिसर में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में इंटर विद्यालय नारदीगंज के प्रभारी प्राचार्य डा0 कारु रजक,त्रिवेणी कॉलेज ऑफ एजुकेशन कुंतीनगर नवादा के प्राचार्य डा0 रामनरेश झा, गनौरी रामकली ट्रिचर्स ट्रेनिंग कॉलेज नवादा के विभागाध्यक्ष डा0 देवानंद सिन्हा, मॉडर्न इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन नवादा के प्राचार्य मनिराम, पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद, सचिव श्रीकांत सिंह समेत अन्य रहे। इस दौरान इंटर विद्यालय नारदीगंज के प्रभारी प्राचार्य डा. कारु रजक ने कहा आये दिन वृक्ष काटे जा रहे हैं, जिससे पर्यावरण प्रदूषित हो रहा,तो भीषण गर्मी से जन जीवन प्रभावित हो रहा है। धरती से हरियाली गायब हो रही है। ऐसे में पृथ्वी को बचाने के लिए पौधारोपण कर उसे संरक्षित भी करना जरूरी है। वही मॉडर्न इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन के प्राचार्य मनिराम ने कहा धरती को हरा भरा रखने के लिए पौधरोपण जरूरी है। पत्रकारगण ने कहा धरा सुंदर तभी दिखाई पड़ेगा, जब इसपर पेड़ पौधे होंगे। गनौरी रामकली टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज नवादा के विभागाध्यक्ष डा0 देवानंद सिन्हा ने कहा पौधे लगाने के लिए समाज के सभी तबके के लोगों को बढ़चढ़ कर भाग लेने की जरूरत है, और उसे संरक्षित करने का दायित्व भी है। त्रिवेणी कॉलेज ऑफ एजुकेशन कुंतीनगर,नवादा के प्राचार्य डा. रामनरेश झा ने कहा पौधे लगाने के लिए लोगों को अभी से सजग रहना होगा, अन्यथा आने वाले भविष्य काफी दुःखदायी होगा। पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद व सचिव श्रीकांत सिंह ने कहा हमलोग के पूर्वज वृक्ष की महत्ता को समझते थे, तभी बाग बगीचे व अन्य स्थानों पौधा को लगाते थे, ताकि जहां पर्यावरण संतुलित रहे, वातावरण स्वच्छ रहे, लोग स्वच्छ हवा लेकर स्वस्थ्य रह सके, लेकिन इन दिनों धड़ल्ले से वृक्ष को काटे जा रहे हैं, जिसका दुष्प्रभाव से लोग भुगत रहे हैं।ऐसे में सभी लोग ने पौधारोपण कर धरती को हरा भरा रखने का संकल्प लिया। मौके पर पत्रकार नागेन्द्र कुमार सिन्हा, अमरेन्द्र कुमार मिश्र, नीरज पांडेय, कृष्णदेव श्रमम्न चक्रवर्ती, रोशन पांडेय, सिंटू कुमार चंदन, पप्पू कुमार समेत अन्य लोगों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण की बात कही। इस दौरान सागवान, शीशम, मोहगनी समेत अन्य पौधे लगाए गए।

## नशे में धुत्त युवक ने की ताबड़तोड़ फायरिंग, एक की मौत

**नवादा (नि.सं.)।** जिले में पुलिस से लोगों का एकबाल खत्म हो चुका है। कब कहां किसकी हत्या हो जाय कहना मुश्किल है ताजा मामला जिले के रोह बाजार का है जहां नशे में धुत्त युवक ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर इलाके में दहशत फैला दिया। गोलीबारी में एक ग्रामीण के सीने में गोली लगने से घटनास्थल पर मौत हो गयी। मृतक रोह थाना क्षेत्र के रोह बाजार का जेठन महतो का पुत्र कृष्ण महतो बताया जाता है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने एक युवक को देसी कट्टा 02 खाली व 05 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक रोह थाना क्षेत्र के कोयरी टोला का निवासी निशांत कुमार बताया जाता है। इसके पूर्व भी हत्या मामले में जेल जा चुका है। पुलिस गिरफ्तार से पूछताछ कर रही है। फिलहाल हत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम कराने की तैयारी में जुट गई है।

## बामसेफ जिला कमिटी के पुनर्गठन को लेकर बैठक का आयोजन

निज संवाददाता | गया




आकाश टेक्निकल क्लासेज माड़नपुर, गया में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार आदि मूलभूत आवश्यकताओं से संबंधित व्यवस्था परिवर्तन के लिए कृतसंकल्पित राष्ट्रीय लोकतांत्रिक संगठन बामसेफ, मूलनिवासी संघ, मूलनिवासी विद्यार्थी संघ, मूलनिवासी सभ्यता संघ आदि संगठनों की जिला कमिटी का पुनर्गठन हेतु बामसेफ का प्रदेश कार्यालय सचिव सह पूर्व जिलाध्यक्ष मूलनिवासी अजय विद्यार्थी जी की अध्यक्षता में वार्षिक बैठक आहुत की गई। जिसमें बामसेफ का राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मू आलोक कुमार, मूलनिवासी संघ का केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य मू आदित्य प्रधान, बामसेफ प्रदेश अध्यक्ष मू सुरेश प्रसाद, बामसेफ प्रदेश संगठन सचिव मू परशुराम मांझी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सह गया जिला बामसेफ प्रभारी सुरेश कुमार सुमन सहित सहित संकड़ों कार्यकर्तागण शामिल हुए। बैठक में शामिल उपरोक्त पदाधिकारियों द्वारा संगठन का उद्देश्य, विचारधारा एवम गतिविधि की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। जिला कोषाध्यक्ष मू महेंद्र प्रसाद सिन्हा द्वारा वार्षिक आय - व्यय से संबंधित प्रतिवेदन, संगठन सचिव मू विनय पासवान द्वारा वार्षिक कार्य प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के पश्चात जिलाध्यक्ष मू अजय विद्यार्थी द्वारा अध्यक्षीय संबोधन के पश्चात बामसेफ की वर्तमान जिला कमिटी भंग करने की घोषणा की गई। संगठन के नियमानुसार बामसेफ का गया जिला प्रभारी मू सुरेश कुमार सुमन द्वारा बामसेफ, गया का जिलाध्यक्ष के रूप में मू सुरेंद्र कुमार के नाम की घोषणा की गई। साथ ही मूलनिवासी संघ के केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य मू आदित्य प्रधान द्वारा मूलनिवासी संघ, गया का जिलाध्यक्ष के रूप में मू सुनील गुरु के नाम की घोषणा की गई। बैठक में शामिल कार्यकर्तागण से विचार - विमर्श के पश्चात बामसेफ एवम मूलनिवासी संघ के उपरोक्त अध्यक्ष के द्वारा गया जिला का बामसेफ एवम मूलनिवासी संघ का पंद्रह सदस्यीय कमिटी गठित की गई।

## जन जीवक संघ की बैठक में ग्रामीण चिकित्सक की हत्या पर जताया रोष

निज संवाददाता | नवादा



जिले के अस्थामा प्रखंड के चुनहाड़ी गावं के ग्रामीण चिकित्सक की हत्या को लेकर जन जीवक कल्याण संघ की बैठक जन जीवक संघ कार्यालय श्री साई नाथ हॉस्पीटल में आयोजित की गयी।बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ येदुनन्दन प्रसाद ने किया। बैठक में मुख्य रूप से आये दिन डॉक्टरों के साथ निर्मम हत्या, दरिन्दगी मार पीट जैसे घटना कलकता के आर. जी० कर. हॉस्पीटल में चिकित्सक की रेप के बाद हत्या एवं नालन्दा जिले के अस्थावां प्रखण्ड के चुनहाड़ी गाँव के आर०एम० पी० डॉक्टर की हत्या पर उनकी आत्मा की शांति के लिये दो मिनट मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने रोष प्रकट करते हुए वर्तमान सरकार से हत्यारा को जल्द-से जल्द गिरफ्तार करने एवं स्पीड़ी ट्रायल से कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग किया बैठक मुख्य रूप से घटना को लेकर चर्चा की गई। बैठक में डॉ. राजीव कुमार। डॉ. के.के०. सक्सेना, डॉ. धनेश्वर प्रसाद, डॉ. ओम प्रकाश, डॉ चन्द्रशेखर शर्मा , डॉ० पडॉ. अजीत कुमार, डॉ राजेन्द्र प्रसाद डॉ. सुशील शर्मा डॉ अब्दुल असलम वारसी, डॉ दीपक कुमार, डॉ केपी सिंह, डॉ सुग्रीव शर्मा, डॉ. रंजीत कुमार डॉ. कमलेश प्रसाद सहित दर्जनों ग्रामीण चिकित्सक मौजूद थे।

## भव्य भजन संध्या सहित कई कार्यक्रमों का आज आयोजन

**नवादा (नि.सं.)।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर सोमवार आज गोवर्धन मंदिर में भव्य भजन संध्या सहित कई कार्यक्रमों का आयोजन होगा। मंदिर समिति द्वारा कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया गया है। शाम 5 बजे से पूजा-अर्चना शुरू होगा जो रात्रि 12 बजे तक चलेगा। गोवर्धन मंदिर समिति के अध्यक्ष पूर्व राज्य मंत्री राजवल्लभ प्रसाद के हवाले से समिति के सचिव महेंद्र यादव ने बताया कि पूजा अर्चना के अलावा एक शाम श्रीकृष्ण के नाम भजन संध्या का आयोजन होगा। भजन संध्या शाम 7 बजे से शुरू होगा। इस दौरान झांकियों का दर्शन और बधाई उत्सव भी होगा। आनंदेश्वर म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों द्वारा भजन संध्या की प्रस्तुति दी जाएगी।

## जन्माष्टमी को लेकर सजी ठाकुरबाड़ी, भजन-कीर्तन का होगा आयोजन, तैयारी में जुटे श्रद्धालुगण

निज संवाददाता | रजौली (नवादा)

मुख्यालय अंतर्गत बाजार स्थित ठाकुरबाड़ी में जन्माष्टमी बनाए जाने को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। वहीं श्रद्धालुगण भी अपने-अपने घरों में जन्माष्टमी बनाने को लेकर तैयारी में जुट गए हैं। लोगों द्वारा बाजार में खीरे के मूल्य में बढ़ोतरी के बावजूद खरीदा जा रहा है। वहीं माताएं भी अपने छोटे-छोटे बच्चों के लिए बालरूपी भगवान श्रीकृष्ण के ड्रेस को बाजार से खरीद रही हैं। मुख्यालय के अलावे प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों में भी जन्माष्टमी मनाये जाने को लेकर साफ-सफाई एवं रंग-रोगन आदि की जा रही है। वहीं घरों में बाल-गोपाल के लिए झूला,अंगवस्त्र एवं सजावट के सामग्रियों की खरीदारी जोरों पर है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर कई विद्यालयों में ड्रेस कंपटीशन भी करवाया जाता है, जिसमें नन्हे-नन्हे बालक श्री कृष्ण का रूप धारण कर विद्यालय आते हैं। ठाकुरबाड़ी के पुजारी ने बताया कि हिंदू धर्म में जन्माष्टमी का त्योहार बेहद खास माना जाता है। हर साल रक्षाबंधन के आठवें दिन जन्माष्टमी का त्योहार मनाया जाता है। इस वर्ष 26 अगस्त और 27 अगस्त 2024 को श्री कृष्ण जन्माष्टमी मनाई जाएगी। इस दिन लोग व्रत रखते हैं और रात में 12 बजे कान्हा के जन्म के बाद उनकी पूजा करके व्रत का पारण करते हैं। इस जन्माष्टमी के दिन अलग-अलग रंग के कपड़ों का अलग महत्व होता है। कुछ रंगों के कपड़ों को पहनना बहुत शुभ माना जाता है। कुछ रंग तो भगवान श्री कृष्ण को बेहद प्रिय हैं और इन रंगों को पहनने से व्यक्ति को मानसिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति की प्राप्ति होती है। वैसे तो त्योहार के दिन किसी भी हल्के रंग के कपड़ों को पहनना शुभ माना जाता है, मगर कुछ रंगों का चयन आपकी किस्मत को चमका सकती है। जन्माष्टमी त्योहार के लिए लाल रंग को बेहद शुभ माना जाता है। वहीं धार्मिक मान्यता के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण, भगवान विष्णु के अवतार हैं इसलिए पीले रंग के वस्त्र भी खुशियां एवं समृद्धि का प्रतीक है।नीले रंग को सीधे तौर पर भगवान श्री कृष्ण से जोड़ा जाता है। साथ ही हरे रंग को खुशहाली का प्रतीक माना जाता है। वहीं सफेद रंग शांति का प्रतीक है और इसे चंद्रमा से जोड़कर देखा जाता है। इन सभी रंगों में से कोई एक रंग जन्माष्टमी के दिन अवश्य धारण करना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### समारोह में बच्चों ने बुजुर्गों का दिल जीता

**आरा**। डीपीएस उदवंतनगर स्कूल में शनिवार को बुजुर्गों के सम्मान में विशेष कार्यक्रम हुआ। बच्चों ने अपने दादा व दादी के स्वागत व सम्मान के लिए नृत्य, गाना व कविता प्रस्तुत किया। बुजुर्गों के प्रति सम्मान व प्रेम को व्यक्त करने के उद्देश्य से आयोजित कार्यक्रम में बच्चों ने अपने नृत्य के माध्यम से रंग-बिरंगी दुनिया की झलक प्रस्तुत की। इसमें पारंपरिक व आधुनिक नृत्य शैलियों का संगम दिखा। बच्चों ने सामूहिक गान भी प्रस्तुत कर परिवार और बुजुर्गों के प्रति अपने स्नेह और सम्मान को मधुर स्वरों में पिरोया। गीतों की भावनात्मक ध्वनि ने सभी लोग भावविभोर हुए। बच्चों ने कविताओं से अपने दादा-दादी के साथ बिताए गए प्यारे पलों और उनसे मिली सीख को अभिव्यक्त किया। डीपीएस के निदेशक राज कुमार ने बच्चों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

### भारत की एकता के लिए भाजपा जरूरी

**आरा**। केन्द्रीय कोयला व खान राज्यमंत्री सतीश दूबे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित देश की श्रेणी में शामिल होने की राह पर है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र देश और भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। आज भारत के अन्दर कई विनाशकारी शक्तियां सक्रिय हैं। जो विदेशी इशारो और पैसे के बल पर सत्ता पाना और देश का बंटवारा करना चाहती है। केंद्रीय मंत्री शनिवार को भाजपा के जिला कार्यालय में जिला सदस्यता अभियान कार्यशाला में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत की सभ्यता, संस्कृति, धरोहरों की रक्षा के लिए देश में भाजपा जरूरी है। भाजपा की सरकार में नारी सशक्तिकरण को बल मिला है। युवाओं के लिए स्टार्टअप योजना रोजगार का मार्ग प्रशस्त किया। आज देश के युवा विश्व में अलग पहचान बना रहे हैं। कार्यशाला की अध्यक्षता पार्टी के जिलाध्यक्ष दुर्गा राज और संचालन महामंत्री नरेन्द्र तिवारी व उपाध्यक्ष वंदना राजवंशी ने किया। प्रदेश उपाध्यक्ष व शाहाबाद क्लस्टर प्रभारी सिद्धार्थ शंभु ने कहा कि सदस्यता अभियान 1 सितम्बर से 25 सितम्बर तक होगा। इसके लिए जिला से चार और मंडलों में तीन सदस्यीय टीम बनायी गई है। 31 अगस्त को देश के सभी बूथों पर बैठक व 25 से 27 अगस्त तक मंडलों में कार्यशाला होगी। भाजपा की सदस्यता मोबाइल फोन, नमो एप्प, क्यूआर कोड और फार्म भरकर किया जाएगा। सभी बूथों पर कम से कम 200 सदस्य बनाना है। सदस्यता अभियान से पार्टी को मजबूत बनाना है विधायक अमरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा ही ऐसी दल है, जो लोकतंत्र रूप से चलती है। विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि शाहाबाद में भाजपा को और मजबूत करने के लिए सदस्यता अभियान को मजबूती से चलाकर सभी को पार्टी का सदस्य बनाना है। पूर्व सांसद मीना सिंह ने कहा कि सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए सभी को लगना होगा। धन्यवाद ज्ञापन जिला मंत्री राजकुमार कुशवाहा ने किया। मौके पर पूर्व विधायक संजय सिंह टाईगर, पूर्व विधायक मुन्नी देवी, पूर्व प्रत्याशी कौशल विद्यार्थी, जिला प्रभारी संजय कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष सतीश कुमार भट्ट, हरेन्द्र पांडेय, सीडी शर्मा, प्रेमरंजन चुतुर्वेदी, सुषुमलता, अशोक शर्मा, प्रहलाद राय, प्रो. किस्मत सिंह, ई.धीरेन्द्र सिंह, मीरा यादव, कौशल यादव, लव पांडेय, पूनम कुशवाहा, मधु मिश्रा, संतोष चंद्रवंशी, अरविन्द पांडेय, सविता सिंह, संजय कुमार सिंह, सुनील कुमार, धीरज सिंह, निशांत सेंगर, जयंत किशोर, नीलेश जैन, संजय सिंह, ममता सिंह, विभु जैन, विद्यासागर पांडेय, रितुराज, शालीनी सिंह, रामदिनेश यादव व दीपक सिंह थे।

### 16.55 लाख से बने जीविका भवन का हुआ उद्घाटन



**बक्सर**। शनिवार को डीएम अंशुल अग्रवाल नेइटाढ़ी प्रखंड स्थित नारायणपुर पंचायत के नारायणपुर में मनरेगा योजना अंतर्गत निर्मित ग्राम संगठन भवन (जीविका भवन) का उद्घाटन किया गया। प्रतीक रूप में चाभी प्रदान कर जीविका दीदियों को जीविका भवन हस्तगत किया गया। इस मौके पर मुखिया हरेंद्र चौहान मौजूद रहे। नारायणपुर प्रखंड मुख्यालय इटाढी के जीबीसे लगभग 8 किमी की दूरी पर स्थित है। ग्राम पंचायत में कुल 8 ग्राम संगठन के अंतर्गत 116 स्वयं सहायता समूह से 1160 दीदियाँ जुड़ी है। 116 स्वयं सहायता समूहों का खाता भी खुल चुका है तथा समूहों को बैंक से ऋण भी प्राप्त है। समूह से जुडी हुई 233 दीदियाँ जीविका से आर्थिक सहयोग प्राप्त कर तरह-तरह के व्यवसायिक कार्य से वर्ष भर में 1 लाख से अधिक आय अर्जित कर रहे है एवं लखपति दीदी की श्रेणी में नामित है। मनरेगा योजना के निर्मित इस भवन का उपयोग कर जीविका दीदियों के द्वारा गतिविधियों के लिए संचालित किया जायेगा। जिसमें समूह ग्राम संगठन के बैठकों का संचालन करना, रिकार्ड, अभिलेख को सुरक्षित स्थान पर संधारित करना, स्वामित्व की भवना से विकसित करना, आर्थिक एवं गरीबी उन्मूलन हेतु बैठक कर कार्य योजना तैयार करना, सामूहिक एकता को मजबूत करना एवं आर्थिक कल्याण के लिए काम करना है। मनरेगा अंतर्गत निर्मित इस भवन का उपयोग पंचायत की जीविका से जुडी गरीब महिलाए उपयोग कर अपने एवं अपने आस-पास के महिलाओं के आर्थिक उत्थान के केन्द्र बिन्दु के रूप में कार्य कर सकेंगी। ग्राम संगठन भवन में आठ ग्राम संगठन माह में अपने बैठकों का तिथि निर्धारण कर बैठक कर सकेंगी। ग्राम संगठन भवन से प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप 1160 समूह की दीदियां लाभान्वित होगी। जीविका दीदियों के लिए पेयजल की व्यवस्था बता दें कि मनरेगा के तहत निर्मित जीविका भवन की 16 लाख 54 हजार 977 रुपए से निर्मित है। जिसमें 1 मीटिंग हॉल, 1 कार्यालय कक्ष के साथ शौचालय इत्यादि का निर्माण कराया गया है। जीविका दीदियों के लिए पेयजल हेतु समर्सिबल की भी व्यवस्था की गई है।

### बक्सर में पुलिस ने युवक के पैर में मारी गोली, पिस्टल छीनने के दौरान हुआ हादसा, 2 गिरफ्तार

**बक्सर**। बक्सर में राजपुर थाना पुलिस ने एक युवक के पैर गोली मार दी है। युवक को गंभीर हालत में बक्सर के सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। बक्सर डीएसपी स्वयं इस घटना की जांच में जुट गए है। पुलिस की गोली से घायल जलहरा के युवक गुंजन कुमार, 35 साल के रूप में हुई। उसने घटना को लेकर बताया कि मैं और मेरा एक दोस्त यूपी से शराब पीकर आ रहे थे। दो बोतल भी लिए थे। राजपुर थाना क्षेत्र के देवी डिहरा में पुलिस जांच अभियान चला रही थी। मामले के बारे में आगे कहा कि पुलिस द्वारा बाइक रोकने पर मैं भगाने लगा जबकि मेरा दोस्त पकड़ा गया। पुलिस पिस्टल तान दिया गया बोले रुक जाओ नही तो गोली मार देंगे।जब मैं रुक गया तो जो पिस्टल ताने पुलिस ने पिस्टल के बट से मारने लगे। उसी दौरान कॉक की पिस्टल से गोली छूटकर मेरे दाहिने पैर में लग गई। इस मामले में पुलिस ने दोनों युवकों गुंजन कुमार और तियरा के निवासी सोल्जर कुमार को हिरासत में ले लिया। घटना का सूचना मिलते ही एसपी और डीएसपी राजपुर थाना पहुंचे। पुलिस अधिकारी घटना की जांच में जुट गए हैं। एसडीपीओ धीरज कुमार ने बताया कि पुलिस से भीड़ने के दौरान गोली लग गई है। घटना की जांच की जा रही है। जांच के बाद आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में बक्सर एसपी मनीष कुमार ने कहा कि राजपुर थाना से तीन बाइक से पुलिस अफसर और कांस्टेबल देवल पुल की तरफ निकले हुए थे। जांच दौरान पकड़े गए तस्करों द्वारा पुलिस की पिस्टल छीना जाने लगा। छीना झपटी के दौरान गोली चली, जो तस्कर के पैर में लगी है। हमारे पुलिस अफसर को भी चोट आई है। जिसका इलाज करा लिया गया है। इस क्रम दो बाइक के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। शराब भी बरामद किया गया है।

# लूटपाट और गोलीबारी मामले में कार्रवाई लुटेरे को पुलिस ने किया गिरफ्तार

निज संवाददाता | आरा

♦ पिस्टल-कारतूस सहित अन्य सामान बरामद

भोजपुर पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों को उद्भेदन किया है। पहला मामला संदेश थाना क्षेत्र के नसरतपुर गांव स्थित वसुधा केन्द्र में लूटपाट का है। कांड में संलिप्त एक मुख्य मास्टर माइंड को गिरफ्तार किया गया है। इसकी जानकारी एसपी प्रमोद कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि पकड़ा गया हर्ष कुमार मूल रूप से बक्सर जिले के कृष्णाब्रह्म थाना के अरख गांव का निवासी है। वर्तमान में अपने रिश्तेदार के यहां संदेश के नसरतपुर गांव में रहता था। उसके पास से एक देसी पिस्तौल, 2 कारतूस, बैग, कागजात और कांड में प्रयुक्त बाइक जब्त की गई है। पहले से भी उसका आपराधिक इतिहास रहा है। संदेश थाना से जुड़े लूट समेत दो कांडों में पूर्व से ही चार्जशीटेड है। पूछताछ में कांड में संलिप्त अपने तीन-चार अन्य साथियों के भी नाम बताए है। जिनकी भी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

**टीम का गठन किया गया था**: एसपी के अनुसार 22 अगस्त दोपहर डेढ़ बजे नसरतपुर गांव निवासी संचालक निरंजन शर्मा प्रतिदिन की तरह अपने वसुधा केन्द्र में ग्राहकों को सेवा दे रहे थे। तभी 4 अपराधियों ने मारपीट कर 60 हजार नगद समेत तीन एटीएम कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और बैंक का पासबुक लूट लिया था। अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज हुई थी। सदर एएसपी परिचय कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। टीम ने तकनीकी सूत्र की मदद से अखगांव के पास छापेमारी कर हर्ष कुमार को पकड़ा। तलाशी के दौरान एक देसी पिस्तौल व 2 कारतूस बरामद किया गया। निशानदेही पर कांड में प्रयुक्त बाइक व बैग बरामद किया गया।




**नसरतपुर गांव में एक को गोली मारी**: एसपी ने बताया कि 30 जून की रात संदेश के नसरतपुर गांव में अमित उर्फ गोलू की सोए स्थिति में गोली मारकर हत्या की गई थी। संलिप्तता स्वीकार की है। 13 अगस्त 2024 को उदवंतनगर में पशु व्यापारी से करीब 4 लाख की हुई लूट में भी अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। अन्य साथियों के नाम बताए है। पूर्व में नसरतपुर गांव में छोटक सिंह को गोली मारी गई थी। जिसके बाद गोलू सिंह समेत अन्य ने हर्ष को डराया था। क्रिकेट मैच के दौरान भी विवाद हुआ था। इसके अलावा सड़क निर्माण करने वाले ठेकेदार से भी पैसा वसूलने को लेकर हर्ष से विवाद हुआ था।

**सोशल मीडिया पर पिस्टल लहराते युवक को धर दबोचा**: भोजपुर जिले के उदवंतनगर थाना की पुलिस ने इंटरनेट मीडिया पर पिस्तौल लहराते वीडियो होने के बाद एक हथियार बंद बदमाश को रंगे हाथ धर दबोचा। पकड़ा गया चितरंजन कुमार उदवंतनगर के मिल्की गांव का निवासी है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए शख्स के पास से एक देसी पिस्तौल बरामद किया गया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मिल्की गांव में एक शख्स अवैध हथियार लहरा रहा है। जिसका फोटो भी वायरल हो रहा है। थानाध्यक्ष राम कल्याण यादव के नेतृत्व में एक टीम गठित कर छापेमारी की गई। रात एक बजे पहुंची टीम ने चौकीदार के सहयोग से घर पर छापेमारी कर उसे पकड़ा। पूछताछ के दौरान उसकी निशानदेही पर गोइठा वाले घर में छिपाकर रखा गया एक देसी पिस्तौल बरामद किया गया। इसे लेकर उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी की गई है।

## विधायक ने मृत परिवार से मिलकर मदद का दिया भरोसा



**गड़हनी**। विधायक शिव प्रकाश रंजन व पूर्व विधायक मनोज मंजिल गड़हनी प्रखण्ड के चांदी गांव में मृतक के शव यात्रा में शामिल हुये। साथ ही उनके शोकाकुल परिवार से मिलकर सांत्वना व्यक्त की। विधायक ने कहा कि इस दुःख की घड़ी में भाकपा माले परिवार आपके साथ 24 घंटे खड़ा है। इनके जाने से पार्टी का बहुत बड़ी क्षति हुई है। बता दें कि मृतक चांदी गांव निवासी स्व चोखा यादव के पुत्र मुन्ना यादव थे। मुन्ना यादव दिल्ली में भाकपा माले सेंट्रल कमिटी के तीन बार अध्यक्ष व पोलित ब्यूरो के सदस्य भी रहे है। इधर 6 माह से किडनी ख़राब होने से दिल्ली एम्स में इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। साथ ही उनके परिजनों से मिलकर शोक व्यक्त की। इस मौके पर आरवाई ए नेता हरिनारायण , मो निक्कू, मो रमीज़, गोलू सहित कई लोग थे।

## दो बाइक की सीधी टक्कर में तीन लोग घायल

निज संवाददाता | आरा

भोजपुर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गरैया मठिया के पास शनिवार को दो बाइक की भिड़ंत हो गई। हादसे में नाना–नाती समेत तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं। गश्ती पुलिस ने आरा सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां से प्राथमिक उपचार के दोनों को गंभीर हालत में पटना रेफर कर दिया गया। जख्मियों में बक्सर जिले के डुमरांव थाना क्षेत्र के पुराना भोजपुर निवासी स्व. अक्षय लाल के 75 वर्षीय पुत्र केदार रजक, कोईलवर थाना क्षेत्र के राजापुर गांव निवासी राज किशोर के 23 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार और नवादा थाना क्षेत्र के कतीरा मोहल्ला निवासी भीम कुमार सिंहा के 20 वर्षीय पुत्र पृथ्वी राज सिन्हा है। इनमें सोनू केदार रजक का नाती लगता है।

**बेटी के घर जा रहे थे**: इधर, केदार रजक ने बताया कि बुधवार को अपने गांव से अपनी बेटी लालसा से मिलने के लिए राजापुर आए थे। इसके बाद अपने नाती सोनू के साथ बुलेट पर सवार होकर दूसरी बेटी मधु के घर बलबतरा जा रहे थे। इसी बीच सरैया की तरफ से आ रहे बाइक से सवार ने टक्कर मार दी। हादसे में तीनों खून से लथपथ होकर गिर पड़े। इसके बाद रास्ते से गुजर रहे पुलिस बल ने तीनों जख्मियों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल पहुंचाया। वहीं, ऑन ड्यूटी चिकित्सक टीएन राज ने बताया कि तीनों की स्थिति काफी नाजुक है। हमलोगों ने प्राथमिक उपचार कर दिया है। पटना रेफर कर दिया है।



## अस्पताल में चल रहा था मटन-शराब पार्टी, डॉक्टर के चैंबर से मिली 750ML की 6 शराब की बोतल

निज संवाददाता | बक्सर

बक्सर के शील अस्पताल में शराब पार्टी का मामला सामने आया है। शनिवार की रात अस्पताल के ICU वार्ड में लिट्टी, मटन और चावल के साथ शराब पार्टी हो रही थी। इस मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने हॉस्पिटल से डॉ.सुनील के बहनोई मनोज कुमार(55) और ICU स्टाफ उपेंद्र कुमार को हिरासत में लिया है।

इसके साथ ही डॉक्टर के चैंबर से शराब की बोतल और ट्रेटा पैक बरामद किया है। वहीं, पार्टी में शामिल अन्य लोग शील अस्पताल से भाग गए। इस मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

**देर रात पुलिस ने अस्पताल की छापेमारी**: इस मामले में नगर थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा को सूचना मिली कि शहर के चरित्रवन श्मशान मोड़ के पास शील अस्पताल में शराब पार्टी चल रही है। तभी नगर थाना के अपर थानाध्यक्ष संजय विकास त्रिपाठी के नेतृत्व में सशस्त्र बल के जवानों के साथ देर रात लगभग 10.30 बजे अस्पताल पहुंचे। शील अस्पताल में छापेमारी शुरू की। अस्पताल के ICU वार्ड से लिट्टी, मटन और चावल के साथ शराब बरामद किया गया है।

**डॉक्टर के चैंबर से मिली शराब**: पुलिस ने अस्पताल के चिकित्सक डॉ.सुनील कुमार के चैंबर से 6 पीस 750ML की बोतल बरामद की। साथ ही 7 खाली बोतल बरामद हुआ।

इसके अलावा शराब का 4 टेट्रा पैक बरामद हुआ। इस मामले में नगर थाना में मनोज कुमार, उपेंद्र कुमार और अस्पताल के चिकित्सक डॉ सुनील कुमार के खिलाफ FIR दर्ज की गई है। बता दें कि डॉ.सुनील कुमार का विवादों से पुराना नाता रहा है। पूर्व में भी शहर के एक बड़े लूट मामले में इनकी फोर व्हीलर वाहन का प्रयोग किया गया था।

**पुलिस का बयान**: नगर थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि शील अस्पताल से 2 लोगों को शराब की पार्टी करते गिरफ्तार किया गया है। वहीं, डॉक्टर के चैंबर से भी शराब बरामद हुआ है। मामले में डॉ.सुनील समेत 3 लोगों के खिलाफ FIR दर्ज कर कार्रवाई शुरू की गई है।

चिकित्सक फरार, 2 अरेस्ट



## मॉरीशस में नौकरी का मौका, खाना-पीना के साथ मिलेगी अच्छी सैलरी, कंप्यूटराइज सिलाई मशीन पर करना होगा काम

निज संवाददाता | बक्सर

बक्सर जिले के बेरोजगार युवाओं के लिए जिला नियोजनालय की ओर से सुनहरा मौका है।कम्प्यूटरीकृत सिलाई मशीन पर काम करने वाले योग्य युवाओं के लिए मॉरीशस देश में नौकरी दिया जा रहा है। इसके लिए बक्सर जिला नियोजनालय में 27 अगस्त तक इच्छुक लोग आवेदन कर सकते हैं। जिनको खाना-पीना के साथ एक अच्छी सैलरी भी दी जाएगी। बक्सर जिला नियोजन पदाधिकारी अनीश तिवारी के अनुसार श्रम संसाधन विभाग अंतर्गत राज्य समुद्र पार नियोजन ब्यूरो, पटना की ओर से मॉरीशस में नौकरी की सूचना दी गई है।

बताया गया कि फिटवेल हौटे काउचर लिमिटेड कंपनी की तरफ से कम्प्यूटरीकृत सिलाई मशीन पर काम करने वाले योग्य व इच्छुक लोगों से आवेदन प्राप्त किया जा रहा है। जिला नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि आवेदक जिला नियोजनालय में 27 अगस्त तक कर सकते हैं। चयनित सूट मेकर वर्कर को 27,000 मॉरीसस रुपए (48110/- भारतीय रुपए) व शर्ट-पैन्ट मेकर को 22000 मॉरीशस रुपए (39201/- भारतीय रुपए) तक मासिक भुगतान किया जाएगा।



**व्यवहारिक अंग्रेजी का ज्ञान आवश्यक**: चयनित अभ्यर्थियों को कंपनी की ओर से वीजा, वर्क परमिट, आवास, भोजन, बिजली, पानी आदि मुहैया कराई जाएगी। आवेदक को व्यवहारिक अंग्रेजी का ज्ञान होना आवश्यक है। आवेदन करने के लिए अभ्यर्थियों के पासपोर्ट का होना आवश्यक है। कंपनी का मुख्य उद्देश्य उत्पाद की गुणवता है। अभ्यर्थी को मशीन मेंटेनेंस का बेसिक ज्ञान होना चाहिए। हीं, कम्प्यूटरीकृत सिलाई मशीन को चलाने के लिए आवेदक को स्वींग मशीन को चलाने व हाथ से सिलाई से लेकर रख-रखाव तक का ज्ञान आवश्यक है। राज्य के किसी भी जिला नियोजनालय में निबंधित उम्मीदवार अपना पासपोर्ट, पैन कार्ड, निबंधन प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट आकार का फोटो, रिज्यूम व सभी मूल प्रमाण पत्रों की छायाप्रति के साथ अपना आवेदन जिला नियोजनालय बक्सर में कर सकते है।

## प्रेमिका की शादी के बाद भी पड़ा था पीछे, हत्या

निज संवाददाता | बक्सर

बक्सर में प्रेमी की हत्या के आरोप में प्रेमिका समेत चार को गिरफ्तार कर लिया। घटना नावानगर थाना क्षेत्र की है। प्रेमिका की शादी होने के बाद भी युवक उसके पीछे पड़ा था। इससे परेशान प्रेमिका ने उसे मिलने के बहाने बुलाया और हत्या करवा दी। हत्या में प्रेमिका के दो भाई और एक ममेरा भाई शामिल था। आरोपियों ने मर्डर को एक्सीडेंट का रूप देने का प्रयास किया और परमडीह पुल के पास लाश पर बाइक गिरा दी थी। ताकि लोगों को यह लगे कि बाइक अनियंत्रित होने से युवक की मौत हुई है।

हालांकि पुलिस ने युवक की गले में पड़ी रस्सी के निशान को देख हत्या के एंगल से जांच में जुट गई। मृतक और आरोपी रोहतास जिले के दिनारा थाना क्षेत्र के रूपी गांव के हैं। एसपी मनीष कुमार ने बताया कि 23 अगस्त को नावानगर थाना अंर्तगत परमडीह पुल के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया था। शव पर बाइक रखकर इसे सड़क दुर्घटना का रूप देने का प्रयास किया गया था। लेकिन शव के गले पर निशान को देखते हुए पुलिस को इसकी हत्या किए जाने कि आशंका लगी।

बरामद शव की पहचान पर्स में ज्वेलर्स दुकान की रसीद पर लिखे नाम के आधार पर हरिज्ञान कुमार (40) के रूप में की गई। मृतक के पिता के लिखित आवेदन के आधार पर नावानगर थाना में चार नामजद के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई। इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या आरोपी मलु उर्फ रामविलास पासवान, गौतम बुद्ध पासवान, अनत कुमार और चांदनी कुमारी को गिरफ्तार कर लिया गया।

## अंडों से कमा रहे 36 लाख सालाना, इंटर के बाद शुरू किया कारोबार, 15 लोगों को दिया जॉब, पहली बार 70 लाख का नुकसान हुआ

निज संवाददाता | आरा

भोजपुर के विकास कुमार सिंह ने इंटर पास करने के बाद अगस्त, 2019 में पोल्ट्री फॉर्म का कारोबार स्टार्ट किया था। उन्होंने बताया, 'इस काम को 1 करोड़ 16 लाख की लागत से शुरू किया था, लेकिन कोरोना की वजह से लॉकडाउन लग गया, जिससे करीब 70 लाख रुपए का नुकसान हुआ था। हालांकि, हमने हार नहीं मानी और काम को जारी रखा।' विकास आज 20 हजार मुर्गियों से रोजाना अंडे ले रहे हैं। फिलहाल एक अंडा 4 रुपए के हिसाब से बिक रहा हैं। विकास ने बताया, 'मेरा फोकस अंडों के उत्पादन पर है। आज एक महीने में करीब 3 लाख रुपए की बचत हो रही है। ठंड के मौसम में मुनाफा और बढ़ जाता है।' विकास बिहिया प्रखंड के बासुदेवपुर गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने 15 लोगों को जॉब भी दिया है।

**भाइयों ने दिया था पोल्ट्री फार्मिंग का आइडिया**: विकास के दो भाई हैं। दोनों सरकारी जॉब में हैं। विकास इंटर पास करने के बाद खुद के कारोबार की प्लानिंग कर रहे थे। इस दौरान भाइयों ने पोल्ट्री फार्मिंग का आइडिया दिया। इसके बाद विकास ने ट्रेनिंग ली। फिर बैंक से लोन लेकर अपनी ही जमीन पर पोल्ट्री फार्मिंग की शुरुआत की। सबसे पहले उन्होंने 'बैंकिज' जाति के 18 हजार चूजों को पंजाब से खरीदा। उस दौरान एक चूजे की कीमत 44-45 रुपए थी। वो बड़ी होकर मुर्गियां बनी और जिससे रोजाना 16 हजार अंडे मिले। विकास ने बताया कि आज के समय में प्रोटीन के तौर पर अंडे की खपत बढ़ती जा रही है। इससे अच्छी कमाई भी हो रही है।

**15 महिला और एक पुरुष स्टाफ**: मुर्गियों की देख भाल के लिए फॉर्म में 15 महिला और एक पुरुष स्टाफ है। सभी को 15 हजार रुपए सैलरी मिलती हैं। विकास ने बताया कि 'इन अंडों को बिहिया, शाहपुर, बक्सर के ब्रह्मपुर, डुमरांव, पटना और भोजपुर में सप्लाई करते हैं। अंडा का रेट हर रोज तय होता है। साल में दो बार हैदराबाद और पंजाब के वरमाला के अंडा कारोबारी यह रेट तय करते हैं।'



**हर रोज 30 हजार खर्च कर मुर्गियों को देते हैं दाना**: विकास ने बताया, '20 हजार मुर्गियां प्रतिदिन 15 क्विंटल दाना खाती है। बाजार में दो हजार रुपए प्रति क्विंटल दाना मिलता है। इसमें करीब 30 हजार रुपए खर्च हो जाते हैं।

इसके साथ ही मुर्गियों के लिए ऑटो पानी पीने की व्यवस्था की गई है। इससे मुर्गियों को जब भी प्यास लगेगी, वो खुद पानी पी सकती है। इसके लिए हर मुर्गी के पिंजड़े में एक ऑटो नल की व्यवस्था की गई है। मुर्गी के चोंच लगाते ही नल से पानी निकलने लगता है।

**फॉर्म में हर सप्ताह आते हैं दो बार डॉक्टर**: विकास ने बताया कि जब भी चूजा फॉर्म में लाया जाता है, उसी दौरान उसे इंजेक्शन दे दिया जाता है। इससे उन्हें रानीखेत नामक बीमारी नहीं होती है। साथ ही मुर्गियों की जांच के लिए फॉर्म में हर सप्ताह दो बार डॉक्टर आते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को मिलेगा किट

**भागलपुर**। नियोजन पदाधिकारी, विश्वविद्यालय नियोजन सूचना व मार्गदर्शन केंद्र ने बुधवार को बताया कि श्रम संसाधन विभाग बिहार पटना के दौरान नियोजन-सह-मार्गदर्शन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले योग्य दिव्यांगजन, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, आर्थिक रूप से पिछड़ा वर्ग, अन्य अभ्यर्थियों को स्टडी किट प्रदान किया जा रहा है, जिसके लिए 18 से 37 वर्ष के मैट्रिक, इंटरमीडिएट, स्नातक उत्तीर्ण संबंधित युवा जिनकी वार्षिक आय 180000 से कम है। एनसीएस पोर्टल पर छह महापूर्व निबंधन करवा चुके हैं, उन्हें स्टडी किट उपलब्ध कराया जाएगा। यह स्टडी किट यूपीएससी, बीपीएससी, एसएससी, रेलवे, बैंकिंग व अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए दिया जा रहा है। इसके लिए उपरोक्त वर्ग के आवेदक को अपने आवेदन के साथ मैट्रिक, इंटरमीडिएट, स्नातक का अंक पत्र प्रमाण पत्र, जाति, आवासीय, आय प्रमाण पत्र व प्रतियोगी परीक्षा का भरा हुआ आवेदन का साक्ष्य के साथ 31 अगस्त को संलग्न करने को कहा गया है।

### आज 28 केंद्रों पर होगी सिपाही भर्ती की परीक्षा

**भागलपुर**। बिहार पुलिस एवं अन्य इकाइयों में सिपाही के पद पर चयन के लिए प्रारंभिक लिखित प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन रविवार को किया जाएगा। इसे लेकर जिले में 28 केंद्र बनाए गए हैं। डीएम ने गाईडलाइंस को लेकर बैठक की। परीक्षा दोपहर 12 बजे से 2:00 बजे तक आयोजित की जाएगी। इसमें 9 हजार परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षार्थियों को सुबह साढ़े नौ बजे से परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया जाएगा। 11 बजे के बाद किसी को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। किसी भी परीक्षार्थी को ई-प्रवेश-पत्र एवं फोटो पहचान-पत्र के बिना किसी भी परिस्थिति में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा में गड़बड़ी न हो इसके लिए जिला और पुलिस प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं।

### बिना आधार दर्ज होगा ई-शिक्षा कोष पर डाटा

**भागलपुर**। शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए ई-शिक्षा कोष विकसित किया है, जिसमें शिक्षकों को छात्रों की गुणवत्ता रिपोर्ट देखने और उन्हें अपडेट करने की सुविधा है। छात्रों और शिक्षकों की उपस्थिति और शैक्षणिक योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी का संकलन किया गया है। इस पोर्टल पर छात्र, शिक्षकों से संबंधित जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। जिले के करीब दो हजार सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों का डाटा ई-शिक्षा कोष पर दर्ज करना था। इसके लिए विद्यार्थियों का आधार नंबर अनिवार्य था। लेकिन सारे बच्चों के पास आधार कार्ड नहीं रहने के कारण बच्चों का डाटा दर्ज करने में काफी परेशानी हो रही थी। जिसके कारण सरकारी एवं निजी विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्रा का डाटा ई-शिक्षा कोष पर दर्ज नहीं हो रहे थे। सर्व शिक्षा अभियान के डीपीओ ने बताया कि राज्य से आदेश प्राप्त हुए हैं कि बगैर आधार नंबर के भी बच्चों का डाटा ई-शिक्षा कोष पर दर्ज होगा। ताकि सभी सरकारी एवं निजी विद्यालयों में पढने वाले छात्र-छात्रा का डाटा ई-शिक्षा कोष पर बहुत जल्द दर्ज हो जाए।

### इंजीनियरिंग कॉलेज पहल कार्यक्रम में दूसरे स्थान पर

**मुंगेर**। राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय मुंगेर विभाग स्तर से चलाए जा रहे पहल कार्यक्रम में राज्य भर में दूसरे स्थान पर काबिज हुआ है। मालूम हो कि पहल मुख्यमंत्री 7 निश्चय योजना के अंतर्गत एक महत्वाकांक्षी योजना है। जहां बिहार सरकार के विज्ञान प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत सभी इंजीनियरिंग कॉलेज एवं पॉलीटेक्निक कॉलेज के द्वारा वर्ग 8 से 12 तक के बच्चों को मुफ्त कोचिंग की सुविधा प्रदान की जाती है। संस्थान के ही सहायक प्राध्यापकों द्वारा बच्चों को न सिर्फ गुणवत्ता पूर्ण कोचिंग की सुविधा दी जाती है बल्कि इस पहल का प्रभाव सिर्फ अकादमिक तैयारी से कहीं आगे तक फैला हुआ है। विभाग को जागरूकता बढ़ानी चाहिए ताकि अधिक से अधिक छात्र इस अवसर का लाभ उठा सकें। प्राचार्य डा. आलोक कुमार सिंह ने हर्ष जताते हुए बताया कि पहल अभियान का मुख्य उद्देश्य बच्चों के बीच में इंजीनियरिंग, गणित, विज्ञान विषयों में रुचि बढ़ाना ताकि वो अपने भविष्य को सुधार और संवार सके। उन्होंने बताया की पहल नीट, जेईई मेंस जैसी परीक्षाओं की तैयारी में छात्रों, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी स्कूलों के छात्रों का समर्थन करने के लिए सरकारी इंजीनियरिंग और पॉलीटेक्निक कॉलेजों में संकाय सदस्यों के बुनियादी ढांचे और विशेषज्ञता का लाभ उठाने का सार्थक प्रयास है।

### पोर्टल के जरिए दखिला में सुधार के दिए निर्देश

**भागलपुर**। जिले के निजी विद्यालय में शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के लिए प्रस्वीकृति निजी विद्यालय में 25 प्रतिशत लाभकारी समूह और कमजोर वर्ग के द्वितीय चरण ऑनलाइन नामांकन में सुधार का निर्देश प्राथमिक शिक्षा निदेशक मिथिलेश मिश्रा ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को पत्र भेजकर दिया है। पत्र में उन्होंने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत वर्ष 2024-25 में ज्ञानदीप पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन नामांकन की प्रक्रिया में जिन छात्रों का विद्यालय आवंटन छह किलोमीटर अथवा उससे अधिक दूरी पर हो गया है, एवं अभिभावक अपने बच्चों का नामांकन नहीं लेना चाहते हैं तो इस आशय का आवेदन संबंधित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को देंगे। वैसे विद्यालय जिन में 25 प्रतिशत से अधिक कमजोर छात्रों का स्कूल आवंटन हो गया है, वैसे विद्यालय प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को पत्र देकर आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराएंगे। इससे संबंधित प्राप्त आवेदन प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सत्यापन के पश्चात स्पष्ट अनुशंसा के साथ निश्चित समय सीमा के अंदर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को उपलब्ध कराएंगे।

### मुंगेर विवि में कॉलेज इंस्पेक्टर की नियुक्ति 23 माह से लंबित, प्रभार से चल रहा काम

**मुंगेर**। मुंगेर विश्वविद्यालय में कॉलेज इंस्पेक्टर की नियुक्ति का मामला बीते 11 माह से राजभवन के पास लंबित है। जबकि यह पद बीते 23 माह से विश्वविद्यालय में प्रभार लेकिन चल रहा है। इस दौरान कई महत्वपूर्ण कार्य कॉलेज इंस्पेक्टर के अभाव में प्रभार में ही निबटाए जा रहे हैं। प्रभार में करीब 12 महीने चलने के बाद 26 सितंबर, 2023 तक इस पद के लिए विवि में आवेदन मांगे गए थे। जिसमें मात्र एक आवेदन आए। जिसे विवि प्रशासन ने राजभवन के पास स्वीकृति के लिए उसी समय भेज भी दिया। 11 महीने बीत जाने के बाद भी राजभवन की स्वीकृति का इंतजार है। उल्लेखनीय है कि मुंगेर विवि की 18 मार्च 2018 में स्थापना के बाद उसी साल 26 जून को डॉ. बीसी पांडेय कॉलेज इंस्पेक्टर बनाए गए थे। डॉ. पांडेय 23 सितंबर, 2022 तक इस पद पर बने रहे। 24 सितंबर से यह पद लगातार प्रभार में है। कभी डीएसडब्ल्यू, कभी प्रॉक्टर, तो कभी रजिस्ट्रार के पास इस पद का प्रभार रहा। जबकि इस दौरान खासकर संबद्ध कॉलेजों के कायदे से निरीक्षण की जरूरत पड़ी। आधा दर्जन से अधिक कॉलेजों ने संबद्धता के लिए आवेदन दिए थे। जिनके भौतिक निरीक्षण से लेकर अन्य आवश्यक रिपोर्ट समर्पित किए जाने थे। कुछ कॉलेजों के संबद्धता विस्तार के लिए भी रिपोर्ट की तलब की गई थी। लेकिन समय पर काम नहीं हो पाया। कॉलेज इंस्पेक्टर की 3 साल के लिए होती है नियुक्ति मुंगेर विश्वविद्यालय में 19 महीने से प्रभार में चल रहे कॉलेज इंस्पेक्टर के पद पर स्थायी नियुक्ति के लिए रीडर या एसोसिएट प्रोफेसर से आवेदन मांगे गए थे। 26 सितंबर तक आवेदन की अंतिम तारीख निर्धारित की गई थी। 26 सितंबर तक इस पद के लिए मात्र एक आवेदन आए। बता दें कि कॉलेज इंस्पेक्टर की नियुक्ति 3 साल के लिए की जाती है। एक ही आवेदन आने से आवेदक का कॉलेज इंस्पेक्टर बनना तय लगता है।

### जल्द प्रथम मेधा सूची प्रकाशित किए जाने की संभावना

**मुंगेर**। मुंगेर विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर शैक्षणिक सत्र 2024-26 में नामांकन के लिए करीब 5726 छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया है। जिसमें कला संकाय में 4661, विज्ञान संकाय में 877 तथा वाणिज्य संकाय में 188 छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया। बता दें कि आवेदन की तिथि 5 अगस्त को डीएसडब्ल्यू कार्यालय द्वारा निर्धारित कर दी गई थी। जिसके अनुसार इच्छुक छात्र-छात्राएं 7 अगस्त से 18 अगस्त के बीच इस सत्र में नामांकन के लिए आवेदन कर सकते थे। हालांकि बाद में इसे 22 अगस्त तक के लिए विस्तारित कर दिया गया। शुक्रवार तक नामांकन शुल्क जमा करने की आखिरी तिथि समाप्त हो गई। पीआरओ डॉ प्रियरंजन तिवारी ने बताया कि विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर विभागों एवं आरडी एंड डीजे कॉलेज मुंगेर, कोशी कॉलेज खगड़िया, केएसएस कॉलेज लखीसराय, आरडी कॉलेज शेखपुरा, एसकेआर कॉलेज बरबीघा, केकेएम कॉलेज जमुई स्नातकोत्तर केन्द्रों में नामांकन के लिए आवेदन की तिथि 22 अगस्त तक निर्धारित की गई थी।

# 50 की जगह 120 लोग नाव पर हो रहे सवार

निज संवाददाता | भागलपुर



❒ भागलपुर में हो रही ओवरलोडिंग, सुल्तानगंज से खगड़िया 2 किमी की तय करते दूरी

भागलपुर में नाव पर ओवरलोडिंग जारी है। गंगा में अभी तेज धारा है। फिर लोग जोखिम उठा रहे हैं। नाव पर झमता से अधिक लोग बैठकर नदी पार कर रहे हैं। इसके अलावा उनके सामान भी नाव पर लदे होते है। जिस वजह से हादसे की आशंकी लगी रहती है। अगर पुल निर्माण हो जाता तो आज ये स्थिति नहीं देखने मिलती। पिछले दो साल में तीन बार पुल धराशायी हो चुकी है। पुल नहीं होने के कारण लोगों को सुल्तानगंज से खगड़िया जाने के लिए नाव का ही सहारा लेना पड़ता है। दूरी नाव पर 50 के बदले 120 लोग सवार होते हैं।

**बिना सेफ्टी हो रही सफर**: गंगा के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। जिस पुल के बगल से नाव गुजरती है वह पुल पिछले दो साल में तीन बार धराशायी हो चुकी है। अगर ऐसी ही तस्वीर कायम रही तो कभी भी सैकड़ों लोगों को खतरा है। नाव पर सवार यात्रियों के लिए सुरक्षा दृष्टिकोण से किसी भी प्रकार की कोई ख्याल नहीं रखा जा रहा है। यहां तक की लाइव जैकेट या पानी से बचने के लिए कोई अन्य साधन भी नहीं है। गंगा का जलस्तर भी बढ़ रहा है। गंगा में तेज बहाव है। सुल्तानगंज सीओ रवि कुमार ने बताया कि इस बारे में मुझे जानकारी नहीं है। हम लोग जांच करेंगे। ओवरलोड और सुरक्षा मानक का ख्याल नहीं रखा जा रहा है। हम लोग नाव पर जुर्माना करेंगे।

# बालू के ढेर में मिली बच्चे की लाश

निज संवाददाता | मुंगेर



मुंगेर में शनिवार को बालू के ढ़ेर से एक बच्चे का शव बरामद किया गया है। बॉडी पड़ोसी के घर पर मिली है। बच्चे की पहचान खरांट मुसहरी निवासी संजय सदा के 7 वर्षीय बेटे रोबिन कुमार के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही लड़ैयाटांड़ थानाध्यक्ष सोनू कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। घटना खरांट मुसहरी की है। एफएसएल और डॉग स्क्वायड की टीम घटनास्थल पर पहुंची और जांच में जुट गई है। मामले की जानकारी मिलते ही एसडीपीओ राजेश कुमार भी मौके पर पहुंचे और स्थानीय थाना पुलिस को दिशा निर्देश दिया। ग्रामीणों ने रोबिन की हत्या में पड़ोस के ही शकीचन सदा के बेटे गणेश सदा पर आरोप लगाया। उसके साथ मारपीट करने लगे। स्थानीय थाना की पुलिस ने उसे ग्रामीणों के कब्जे से छुड़ाया। इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने शक के आधार पर गणेश सदा और उसकी मां को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ कर रही है। मृतक रोबिन की बहन सपना कुमारी ने बताया कि शुक्रवार की शाम रोबिन स्कूल से आने के बाद खेलने की बात कहकर घर से निकला था, जिसके बाद वह घर नहीं आया। परिजन और ग्रामीणों के सहयोग से रात से रोबिन की खोजबीन की जा रही थी। आसपास नदी में भी बच्चे को खोजा गया लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। शनिवार को खोजबीन के दौरान ग्रामीणों ने पड़ोस के ही एक घर में बालू के ढ़ेर में रोबिन के मृत अवस्था में होने की सूचना दी।

# दुष्टों का विनाश ही कृष्ण अवतार का असल उद्देश्य

निज संवाददाता | मुंगेर




सरस्वती शिशु मंदिर लल्लू पोखर में कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन शनिवार को किया गया। इसमें विद्यालय के अरुण से लेकर द्वितीय तक के भैया-बहनों ने कृष्ण तथा उनसे संबंधित पात्रों के रूप में अपनी छवि प्रस्तुत की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुंगेर विभाग प्रमुख सतीश कुमार सिंह, आरएसएस मुंगेर जिला के सह जिला संघचालक विनेश शर्मा, विद्यालय के प्रधानाचार्य जयंत कुमार चौधरी एवं प्रभारी सुनीता कुमारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। विभाग प्रमुख ने कहा कि दानवीय प्रवृत्तियों का संहार करना ही कृष्ण अवतार का मूल उद्देश्य था। जब-जब आसुरी शक्तियां प्रबल होती हैं, तब-तब उसका संहार कर धर्म की स्थापना करने के लिए भगवान का अवतार होता है। प्रधानाचार्य ने कहा धर्म की हानि और अधर्म का प्रभाव बढ़ता है, तब-तब प्रभु अवतार लेकर दुष्टों का संहार करते हैं। भगवान कृष्ण के रूप में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले भैया राघव कुमार, द्वितीय अर्णव , तृतीय राघव 2, राधा के रुप में बहन रुद्राक्ष पटेल, द्वितीय स्थान अनन्याव तृतीय स्थान नायरा कुमारी बलराम के प्रतीक के रूप में प्रथम स्थान शिवांश , द्वितीय स्थान प्रियंका शर्मा, सुदामा के रूप में तेजस प्रथम स्थान प्राप्त कर सबका दिल जीता।

# मोबाइल लेनदेन को लेकर हुई थी नाबालिग की हत्या, पार्टी करने वक्त दोस्तों ने चाकू गोद कर मारा

निज संवाददाता | भागलपुर



♦ भागलपुर पुलिस ने 48 घंटे के अंदर किया खुलासा

भागलपुर में हुए नाबालिग युवक की चाकू गोद कर हत्या मामले में पुलिस ने 48 घंटे के अंदर खुलासा कर दिया है। पार्टी के दौरान दोस्तों ने ही पूर्व विवाद को लेकर वारदात को अंजाम दिया था। गुरुवार को शाहकुंड थाना क्षेत्र के गोरगया गांव के रहने वाले विक्रम कुमार का शव उनके घर की छत से पुलिस ने बरामद की थी। पुलिस ने मौके से खून लगे गमछा और घटना में प्रयोग किए गए चाकू को बरामद किया था। इस मामले की FSL जांच करवाई गई थी। इधर, SSP के निर्देश पर DSP विधि व्यवस्था के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा तकनीकी अनुसंधान के आधार पर जांच करते हुए इस मामले में 2 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। शनिवार की शाम SP राज ने प्रेस वार्ता आयोजित कर गिरफ्तारी की पुष्टि की है। प्रेस वार्ता के दौरान सिटी एसपी राज ने बताया कि गुरुवार की रात अज्ञात बदमाशों ने युवक की हत्या चाकू गोद कर कर दी थी। इस मामले में एसएसपी के निर्देश पर डीएसपी विधि व्यवस्था के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा कई बिंदुओं पर जांच पड़ताल करते हुए दो अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अपराधी की पहचान अमरपुर के भरको निवासी शालिग्राम मंडल के बेटे नीतेश उर्फ नीतीश उर्फ दुर्लभ और थाना क्षेत्र के ही नंदलाल मंडल के बेटे सूरज कुमार के रूप में की गई है। गिरफ्तार अभियुक्त ने पुलिसिया पूछताछ में बताया कि पूर्व में हुए विवाद और घटना के दिन मोबाइल लेनदेन को लेकर कहासुनी के बाद आवेश में आकर उन्होंने वारदात को अंजाम दिया है। इधर, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मामले को लेकर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

# देखते नहीं हो कमर में बंदूक है...बाहर निकलो मार देंगे, भागलपुर में बदमाशों ने सरकारी टीचर्स को धमकाया

निज संवाददाता | भागलपुर



भागलपुर में बेखौफ बदमाशों ने बंदूक के बल पर एक सरकारी स्कूल के शिक्षक और शिक्षिकाओं को जान से मारने की धमकी दी है। मामला मधुसूदनपुर इलाके के नूरपुर पंचायत स्थित मध्य विद्यालय राघोपुर टीकर का है। HM सहित 7 टीचर्स ने अपनी जान की सलामती को लेकर बीते 3 दिनों से अपराधियों के भय के कारण स्कूल में ताला बंद कर दिया है। HM सहित सभी टीचर्स ने BRC नाथनगर पहुंचकर अपनी हाजिरी दर्ज करवा रहे हैं। स्कूल के HM अजब लाल दास ने बताया कि बीते 20 अगस्त की शाम करीब पौने चार बजे हथियार से लैस होकर बदमाश स्कूल के खिड़की के पास खड़े होकर सभी टीचर्स और स्टूडेंट्स को भद्दी-भद्दी गाली देने लगा। इस पर जब हमने इसका विरोध किया, तो अपराधी ने कहा- देखते नहीं मेरे कमर में हथियार है। बाहर निकलकर कर देखो जान से मार देंगे। ऐसे अचानक से मिली जानलेवा धमकी को सुनकर सभी सहम गए। मालूम हो की पहले भी स्कूल में तोड़फोड़ असामाजिक तत्वों और बदमाशों द्वारा किया गया है। ऐसे भय के माहौल में हम सभी शिक्षक पठन पाठन बच्चों को कराने में असक्षम हैं। इसलिए स्कूल में तालाबंदी कर हम सभी स्कूली शिक्षक BRC नाथनगर में पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। वहीं, तीसरे दिन भी स्कूल रहा। इधर, सूचना पाकर नाथनगर प्रखंड विकास पदाधिकारी शालिनी कुमारी, नाथनगर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कुमार मनोज, मधुसुदनपुर थाना प्रभारी मोहम्मद सफदर अली स्कूल पहुंचकर जांच किया। सभी शिक्षकों को सह समय पर स्कूल खोलने का आदेश दिया। वहीं, शिक्षकों ने कहा कि बिना जान माल की सुरक्षा के इंतजाम हुए हम उस स्कूल में योगदान देने नहीं जाएंगे। BEO नाथनगर कुमार मनोज ने बताया कि HM और सभी स्कूली शिक्षकों ने संयुक्त रूप से मामले की लिखित शिकायत की गई है। वरीय पदाधिकारी को सूचना दी गई है। आगे जो भी निर्देश मिलेगा वैसी कार्रवाई की जाएगी। इधर, BDO शालिनी कुमारी ने बताया कि घटना की जानकारी मिलने के बाद हमलोगों ने निरीक्षण किया। इस एक व्यक्ति पर आरोप लगाया जा रहा था उनके बारे में भी पता किया गया ऐसी कोई बात नहीं है। टीचर्स स्कूल को बंद कर सकें, हमलोग इसको लेकर जिले में बात करेंगे। कहीं कोई ऐसी बात नहीं है, जिस व्यक्ति पर आरोप लगाया वह अभी यहां है नहीं आने पर उन्हें पुलिस द्वारा हिरासत में भी ली जाएगी। उनसे पूछताछ किया जाएगा।

# पर्यावरण संतुलन के लिए नगर निकाय करेगा प्रचार

निज संवाददाता | भागलपुर




भागलपुर समाहरणालय के समीक्षा भवन में डॉ. नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में जिला पर्यावरण समिति की बैठक हुई। बैठक में नगर निगम, नगर परिषद सुल्तानगंज, नवगछिया और सभी नगर पंचायत को औद्योगिक क्षेत्र, वाणिज्यकी क्षेत्र, आवासीय क्षेत्र, सार्वजनिक और शांत क्षेत्र चिह्नित कर वहां ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग निर्धारित मापदंड के अनुसार करने का नोटिस बोर्ड लगवाने और इसका प्रचार-प्रचार करवाने के लिए निर्देशित किया गया। अस्पताल, स्कूल, कॉलेज के 100 मीटर परिधि को शांत क्षेत्र घोषित किया गया है। वहां ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग पूर्ण रूप से प्रतिबंध है। सूचना प्रसारित करवाने के लिए डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है। वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए सभी नगर निकाय की ओर से स्वीपिंग मशीन से सभी सड़क की सफाई की जाएगी। भागलपुर नगर निगम में दो स्वीपिंग मशीन है, इसका प्रयोग कभी-कभी और त्योहारों पर किया जाता है। जिलाधिकारी ने प्रतिदिन इसके प्रयोग करने के लिए निर्देशित किया।

**सार्वजनिक सिटी बस चलवाने का निर्देश**: वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए एक पहल की गई है। सार्वजनिक सिटी बस चलाने की पहल की जा रही है। ताकि वाहनों की कम से कम संख्या का प्रयोग हो सके और शहरी क्षेत्र में हरित क्षेत्र विकसित हो व सौर ऊर्जा को बढ़ावा दिया जा सके।

**सुख-गीला कचरा के लिए अलग-अलग डस्टबीन**: सुखा व गीला कचरा को अलग-अलग करने के लिए प्रति घर में नीला और हरा डस्टबिन (कूड़ा दान) उपलब्ध कराया जाएगा। ताकि ट्रीटमेंट प्लांट से उसे उर्वरक के रूप में तब्दील किया जा सके। स्वास्थ्य विभाग को बायो मेडिकल कचरा का निष्पादन ट्रीटमेंट प्लांट से करना है और कचरा संग्रहण के लिए प्रत्येक नर्सिंग होम, क्लीनिक व अस्पतालों को लाल, नीला, पीला और सफेद रंग का बैग में अलग-अलग प्रकार का कचरा संग्रह किया जाएगा।

# झपटमार गिरोह ने महिला के गले से छीनी चेन, मुंगेर से सीसीटीवी आया सामने

निज संवाददाता | मुंगेर



मुंगेर में बाइक सवार झपटमार गिरोह के सदस्यों ने एक महिला के गले से सोने की चैन उड़ा दी। इसका सीसीटीवी फुटेज अब सामने आया है। पीड़ित महिला द्वारा थाना में आवेदन देकर अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज किया गया। पुलिस ने घटना के बाद सीसीटीवी फुटेज के आधार पर झपटमार गिरोह की पहचान करने में जुटी हुई है। घटना जमालपुर आदर्श थाना क्षेत्र की है। बताया जाता है कि जमालपुर आदर्श थाना क्षेत्र के गायत्री नगर में शिक्षक की पत्नी के गले से दिनदहाड़े झपटमारों ने सोने की चेन झपट ली। इस मामले में पीड़ित शिक्षक पंकज कुमार ने जमालपुर थाना में केस दर्ज कराया है। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। झपटमार ने घटना में जिस बाइक का प्रयोग किया, उसकी भी पहचान कर ली गई है। घटना शनिवार की दोपहर लगभग दो बजे की है। पीड़ित पंकज कुमार राजकीय जिला स्कूल नव स्थापित के प्राचार्य पंकज कुमार हैं। उनकी पत्नी का चेन छीना गया है। जमालपुर थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि आवेदन मिला है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चेन स्नेचिंग करने वालों की पहचान कर ली गई है। इसके अलावा जिस बाइक से घटना को अंजाम दिया गया है।

# जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता का होगा आयोजन

निज संवाददाता | भागलपुर



बिहार राज्य खेल प्राधिकरण पटना और जिला प्रशासन द्वारा भागलपुर में जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह 2 से 4 सितंबर तक आयोजित किया जाएगा। इससे पहले यह प्रतियोगिता 28 से 30 अगस्त तक आयोजित होनी थी। जिला खेल पदाधिकारी जय नारायण सिंह ने बताया कि जिला स्तरीय विद्यालय खेल की प्रतियोगिता के निबंधन फॉर्म प्राप्त करने की पूर्व निर्धारित तिथि 26 अगस्त से बढ़ाकर 29 अगस्त तक कर दी गई है। इस वर्ष जिला स्तरीय विद्यालय खेल प्रतियोगिता में कुल 20 खेल विधा की प्रतियोगिता सैंडिस कंपाउंड खेल भवन इनडोर बैडमिंटन हॉल जिला स्कूल इत्यादि खेल मैदान पर एक साथ आयोजित की जाएगी। दो सितंबर को एथलेटिक्स बालक बालिका वर्ग, खो-खो बालिका वर्ग क्रिकेट चयन ट्रायल अंडर-19 बालक, फुटबॉल बालक, कबड्डी बालिका वर्ग, कराटे बालक और बालिका, भारोत्तोलन बालक बालिका की प्रतियोगिता विभिन्न खेल मैदान में आयोजित होंगे। तीन सितंबर को एथेलेटिक्स बालक और बालिका, खो-खो बालक, वॉलीबॉल फुटबॉल बालक और बालिका फाइनल क्रिकेट चयन ट्रायल अंडर- 17 (छात्र), बास्केटबॉल(छात्र) बैडमिंटन(छात्र/छात्रा) कबड्डी (छात्र) शतरंज (छात्रा) और वूशु (छात्र/छात्रा) की प्रतियोगिता आयोजित होंगे। चार सितंबर को रग्बी (छात्र/छात्रा), क्रिकेट चयन ट्रायल अंडर- छात्र, बास्केटबॉल अंडर-14 छात्रा हॉकी (छात्र/छात्रा), शतरंज (छात्र) कुश्ती ग्रीको रोमन (छात्र) कुश्ती फ्री स्टाइल (छात्र), ताईक्वांडो (छात्र/छात्रा), योग( छात्र/छात्रा), बॉक्सिंग (छात्र/छात्रा), हैंडबॉल (छात्र/छात्रा) की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

# अमेरिकी कंपनी के नाम पर साइबर फ्रॉड: बिहार के 300 लोगों से 40 लाख की ठगी

### ऑनलाइन ऐप डाउनलोड करने का देते थे टास्क

**पटना, एजेंसी।** भारत में साइबर फ्रॉड के मामले तेजी से बढ़े हैं। अमेरिकी कंपनी जीएमआर मार्केटिंग के नाम पर बिहार में भी 300 लोगों से 40 लाख की ठगी का मामला सामने आया है। पटना के रामकृष्णानगर थाना क्षेत्र के रहने वाले भूषण कुमार इसके शिकार हुए हैं। ठगी का शिकार हुए भूषण कुमार ने 15 लोगों के साथ मिलकर साइबर थाने में मामला दर्ज कराया है। भूषण कुमार के बताया, पुलिस ने सभी लोगों से कब, कैसे और कितना पैसा लिया गया है, इसकी डिटेल मांगी है।



### पीड़ित ने समझाया पूरा प्रोसेस

भूषण कुमार ने बताया, मुझे एक परिचित से इसके बारे में जानकारी मिली थी। हाजीपुर में कुछ लोगों ने ट्रेनिंग दी थी। वहां बताया कि कैसे पैसा लगाना है और किस तरह से टास्क पूरा करना है। उन्होंने बताया, एक सप्ताह काम करने के बाद एक साथ पैसा मिलता था। मैने शुरू में 3 सप्ताह तक इन्वेस्ट किया और मुनाफा भी कमाया। धीरे-धीरे और भी लोगों को बताया। देखते ही देखते 300 लोगों ने पैसा लगा दिया।

### ऐप डाउनलोड का देते थे टास्क

भूषण कुमार ने बताया, शातिरों ने एक वेबसाइट बनाया था। जिसकी मदद से दिनभर में अलग-अलग ऐप डाउनलोड करना होता था। फिर इसकी सूचना उनको देनी होती थी। मैंने 15 हजार 800 सिक्योरिटी मनी जमा की थी। मुझे हर रोज 15 टास्क पूरा करना होता था। इसके एवज में कंपनी ने 540 रुपए प्रतिदिन देने की बात कही थी। सप्ताह में एक दिन पूरी रकम मिलती थी। सोमवार से शुक्रवार तक टास्क पूरा करते थे। जो रकम रोजाना मिलता था, उसे ग्रोथ फंड में जमा करते चले गए, लेकिन पैसा नहीं निकला।

### ऐप में दिखता था बढ़ा हुआ पैसा

भूषण कुमार ने बताया, साइबर अपराधियों ने जो वेबसाइट बनाया था। उसमें एक ऑप्शन था, नो योर इनकम अमाउंट। यह ऑप्शन रोजाना इनकम अपडेट होता था। कंपनी ने लालच बढ़ाने के लिए सभी को शुरुआती दौर में पैसा दिया। जब ज्यादा लोगों ने पैसा लगा दिया, तब कंपनी के लोग गायब हो गए।

### कैसे खुली पोल

कंपनी से लोगों ने पैसा निकालना चाहा, तब हकीकत सामने आई। काफी कोशिश करने के बाद पैसा नहीं निकला। पूछने पर कर्मियों ने बताया कि कंपनी का सालगिरह मनाया जा रहा है। इसलिए पैसा एक सप्ताह तक नहीं निकाल सकता है। 3 सप्ताह बीत जाने के बाद जब पैसा नहीं निकला तो हमलोग परेशान हो गए। कंपनी की ओर से फिर कहा गया कि जितना पैसा आप लोगों का बनता है, उस हिसाब से टैक्स जमा कर दीजिए। इसके बाद आपका पेमेंट होगा। इसपर हमलोगों को शक हुआ। लालच में आकर कुछ लोगों ने पैसा भेज दिया, लेकिन उनका पेमेंट नहीं आया। जिसके बाद हमलोगों ने शिकायत करने का निर्णय लिया।

### क्या कहते हैं थानाध्यक्ष

साइबर थाना के थानाध्यक्ष राघवेंद्र मणि त्रिपाठी ने बताया कि कुल 300 लोगों का पैसा फंसा है। कंपनी के बने वेबसाइट और वॉट्सऐप ग्रुप की जांच की जा रही है। पुलिस ने सभी लोगों से पैसा भेजने का डिटेल मांगा है। अमेरिका के नाम पर फर्जी कंपनी बनाकर फ्रॉड किया गया है। यूआरएलकी भी जांच की जा रही है, ताकि पता चल सके कि वेबसाइट कहां से बनाया गया है और किसने बनाया है।

## 303 लीटर शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार, वाहन जांच के दौरान धराए



**अररिया, एजेंसी।** अररिया फारबिसगंज मार्ग में पोठिया स्थित पेट्रोल पंप के पास से शनिवार की रात उत्पाद विभाग की टीम ने एक वैन से बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद किया है। इसके साथ ही पुलिस ने दो शराब तस्कर को भी गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि तस्करों ने शराब को वैन में लोहे के चादर के पीछे तहखाना बना कर छुपा रखा था। जिससे देखने से वैन खाली प्रतीत हो रहा था। पकड़े गए शराब तस्करों से पूछताछ की जा रही है। इस छापेमारी में 816 बोतल अंग्रेजी शराब कुल 303 लीटर बरामद किया है। जिसमें 750 एम एल की 16 पैटी, 375 एम एल की 10 पैटी, और 180 एम एल की 8 पैटी शराब बरामद की गई है।

**पोठिया पेट्रोल पंप के पास की छापेमारी :** उत्पादन अधीक्षक निरंजन कुमार झा ने बताया कि अररिया फारबिसगंज मार्ग से शराब तस्करी किए जाने की अचानक से गुप्त सूचना मिली। जिसके बाद टीम का गठन कर वाहनों की तलाशी शुरू की गई। सूचना के आधार पर वाइट कलर की मैजिक वैन मौके पर पहुंची। वाहनों की चेकिंग होती देख उस वैन पर सवार शराब तस्कर वाहन को तेज गति से लेकर भागते चले गए। कई किलोमीटर पीछा करने के बाद पोठिया स्थित पेट्रोल पंप के पास उत्पादन विभाग की टीम ने उन्हें दबोच लिया।



## पुलिस पर हमला करने वाला बदमाश गिरफ्तार, एक साल से हो रही थी तलाश

### अपराधियों की टॉप-10 सूची में है शामिल

**नालंदा, एजेंसी।** नालन्दा पुलिस ने सरमेरा थाना क्षेत्र में टॉप-10 अपराधियों की लिस्ट में शामिल अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी पिछ्ले साल हुई एक हिंसक घटना के मामले में हुई है। प्रशिक्षु डीएसपी मो.अजहरुद्दीन ने बताया कि 5 सितंबर 2023 को सरमेरा थाना अंतर्गत पैंठी गांव में दो पक्षों के बीच मारपीट और गोलीबारी की घटना हुई थी। इस घटना में पुलिस पर भी हमला किया गया था। घटनास्थल से दो खोखे बरामद किए गए थे। मामले में 9 नामजद अभियुक्तों सहित अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने सरमेरा-मोकामा रोड के पैंठी मोड़ के पास से श्रवण महतो उर्फ मुखी महतो (42 वर्ष) को गिरफ्तार किया।

### कई आपराधिक मामले दर्ज है

श्रवण महतो पर पहले से भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसके खिलाफ सरमेरा थाना में दो अलग-अलग मामले दर्ज हैं, जिनमें हत्या का प्रयास, दंगा और एससी-एसटी एक्ट के तहत गंभीर धाराएं शामिल हैं। इस गिरफ्तारी में सरमेरा थाना के एसएचओ सह प्रशिक्षु डीएसपी मो. अजहरुद्दीन के नेतृत्व में एक विशेष टीम शामिल थी। टीम में एसआई विकाश कुमार यादव, एएसआई रितु रंजन और एएसआई विक्रम कुमार शामिल थे।

# वैगनआर से आए चोर स्कॉर्पियो चोरी कर ले गए, आसपास के सीसीटीवी की हो रही जांच

### पुलिस इंस्पेक्टर की कार घर के बाहर खड़ी थी



**गया, एजेंसी।** गया शहर के डेल्हा थाना क्षेत्र के धनिया बगीचा के रहने वाले पुलिस इंस्पेक्टर की स्कॉर्पियो बीती रात चोरी हो गई थी। स्कॉर्पियो इंस्पेक्टर के घर के बाहर खड़ी थी। घर वालों के मुताबिक चोरों ने घटना को रात दो बजे के बाद अंजाम दिया है। स्कॉर्पियो के मालिक विनोद कुमार झारखण्ड पुलिस में कोडरमा में पोस्टेड हैं। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है। सीसीटीवी फुटेज में चोर स्कॉर्पियो ले जाते हुए दिख रहे हैं। चोर वैगनआर से आए थे और स्कॉर्पियो चुरा ले गए।

**डेल्हा थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज :** इंस्पेक्टर विनोद कुमार की पत्नी रंजीता कुमारी ने डेल्हा थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। डेल्हा पुलिस का कहना है कि घटना स्थल के आसपास के कई जगहों से सीसीटीवी फुटेज लिया गया है। उन फुटेज के माध्यम से चोरों की तलाश की जा रही है। इंस्पेक्टर विनोद कुमार का भांजा विशाल आनंद ने बताया की बीती देर रात स्कॉर्पियो घर के बाहर ही खड़ी थी। सुबह जब घर के लोग बाहर निकले तो देखा स्कॉर्पियो नहीं थी। मन में चोरी की आशंका होने पर जब आसपास के घरों व दुकानों के सीसीटीवी की छानबीन की तो पता चला की रात करीब 2:00 बजे गाड़ी चोरी हो गई। मामा झारखंड के कोडरमा जिले में इंस्पेक्टर के पद पर तैनात हैं और उनकी गाड़ी गया में ही घर के बाहर लगी रहती थी।

# बांग्लादेश के हिन्दुओं की चीत्कार नहीं सुन पा रहे राहुल, तेजस्वी, ममता और केजरीवाल : विजय सिन्हा

**गया, एजेंसी।** बिहार के उप मुख्यमंत्री औ बीजेपी के नेता विजय कुमार सिन्हा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद प्रमुख लालू के बेटे तेजस्वी यादव पर बड़ा हमला किया है। शनिवार को गया विष्णुपद मंदिर पहुंचे विजय सिन्हा ने बांग्लादेश में जारी हिंसा पर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरिवाल को भी लपेटा। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश की घटना पर सभी चुप हैं। विष्णुचरण की पूजा-अर्चना के बाद वे मीडिया से मुखातिब हुए और विपक्षी नेताओं पर जमकर बरसे। बिहार की कानून व्यवस्था पर तेजस्वी यादव के सवाल उठाने पर उन्होंने कहा कि राज्य में नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार बहुत अच्छे से चल रही है। विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि ये लोग तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे हैं। बांग्लादेश में हिन्दुओं के साथ भारी अत्याचार



हो रहा है। उनके साथ न सिर्फ हिंसा हो रही है बल्कि उनकी संपत्ति लूटी जा रही है। हिंदुओं का अस्तित्व वहां खतरे में है। पहले से ही हिंदू वहां अल्पसंख्यक हैं उपर से यह अत्याचार। लेकिन हिंदुओं की मां-बहन की चीत्कार इन लोगों को सुनाई नहीं पड़ी। विजय सिन्हा ने कहा कि उपद्रवियों द्वारा उनके घरों में आग लगायी गई, दुकानें लूटी गई और पूरी तरह से हिंदू ठिकानों को जला दिया गया। लेकिन ये सब इन लोगों को दिखाई नहीं पड़ी। धिक्कार है ऐसे लोगों का। तुष्टिकरण की राजनीति में इन लोगों ने आंखें मूंद ली है। तेजस्वी यादव को झूठा आरोप लगाने से काम नहीं चलेगा। खामी है तो सरकार को बताएं। सजग करें। वे नेता प्रतिपक्ष हैं, संवैधानिक पद पर हैं। वे अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन करें। सच्चाई और खामी से सरकार को अवगत कराएं। लेकिन, तेजस्वी दिल्ली, सिंगापुर तो कभी पटना से बैठकर ट्विट करते हैं। सरकार तैयारी कर रही है। ट्विट से सरकार नहीं चलती। लॉ एंड आर्डर में लापरवाही व निष्क्रिता की समीक्षा मुख्यमंत्री कर रहे हैं। विजय सिन्हा ने कहा कि सूबे में चढ़ावा लेकर ट्रांसफर-पोस्टिंग के सवाल पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इसे प्रमाणित करें। जो चढ़ावा लेकर ट्रांसफर-पोस्टिंग करते हैं इसे प्रमाणित करें। आरोप लगाने से काम नही चलेगा।

### ब्रह्मर्षि बुद्धिजीवी संघ ने डिप्टी सीएम को किया सम्मानित

ब्रह्मर्षि बुद्धिजीवी संघ की एक बैठक शनिवार को शांति निकेतन एकेडमी परिसर में हुआ। समाजसेवी व भाजपा नेता हरिप्रपन्न ने बैठक की अध्यक्षता की। बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा बैठक में शामिल हुए। इस दौरान डॉक्टर, प्रोफेसर, शिक्षाविद्, पैक्स अध्यक्ष, मुखिया व अन्य मौजूद रहे। उप मुख्यमंत्री को ब्रह्मर्षि बुद्धिजीवी संघ के द्वारा सम्मानित किया गया। इस बैठक में डॉ नवनीत निश्चल, डा. ऋषिकेश कुमार, डॉ क्रांति किशोर, डा. दीनानाथ कुमार, डा. मृत्युंजय कुमार सिंह, डा. शैलेंद्र कुमार, डा. नीरज कुमार सहित कई प्रख्यात चिकित्सक उपस्थित रहे।

# रोहिणी नक्षत्र में सोमवार को मनाई जाएगी जन्माष्टमी

### सुबह 08:28 बजे से शुरू हो रही अष्टमी तिथि, ग्रह-गोचरों का बन रहा उत्तम संयोग

**पटना, एजेंसी।** भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का पावन पर्व जन्माष्टमी कल यानी 26 अगस्त को मनाया जाएगा। इस दिन रोहिणी नक्षत्र का योग बन रहा है। रोहिणी नक्षत्र सोमवार की रात 09:19 बजे से शुरू होकर अगले दिन मंगलवार की रात 08:23 बजे तक रहेगा। आचार्य राकेश झा ने बताया कि जन्माष्टमी पर मिथिला पंचांग के अनुसार अष्टमी तिथि सोमवार सुबह 08:28 बजे से शुरू हो रहा है, जो अगले दिन मंगलवार की सुबह 06:41 बजे तक रहेगा। वहीं, साधु-संत 27 अगस्त मंगलवार को कृष्णाष्टमी की व्रत और पूजा करेंगे।



### ग्रह-गोचरों का बन रहा उत्तम संयोग

ज्योतिषी झा के अनुसार जन्माष्टमी पर कई शुभ संयोग बन रहे हैं। इसमें जयंती योग, हर्षण योग, बव करण, सोमवार दिन, सर्वार्थ सिद्धि योग के अलावा वृष लग्न के साथ चन्द्रमा वृष राशि के उच्च के रोहिणी नक्षत्र में गोचर करेगा। इस गोचर से गजकेसरी योग और शनि के मूल त्रिकोण राशि कुंभ में गोचर से शश राजयोग बनेगा। जयंती योग में श्रीकृष्ण की आराधना करने का संयोग जन्म-जन्मांतर के पुण्य संचय होने से ही प्राप्त होता है। ऐसे उत्तम संयोग में जन्माष्टमी का व्रत करने और श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाने से श्रद्धालुओं को करोड़ों यज्ञ करने का पुण्य और तीन जन्मों के पाप नष्ट और शत्रुओं का दमन होता है।

### जन्माष्टमी पर घर-घर विराजेंगे कान्हा

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर सनातन धर्मावलंबियों के घरों में विधि-विधान से कान्हा का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। सोमवार की मध्यरात्रि में भगवान के बालस्वरूप में कान्हा, लड्डू गोपाल, शालिग्राम का प्राकट्य कराकर गंगाजल और पंचामृत से स्नान कराकर नए वस्त्र, मोर पंख, बांसुरी, माला, गुलाब, कमल, इत्र, कदम्ब से श्रृंगार कर पंजीरी, मिष्ठान, पंचमेवा, माखन-मिश्री, ऋतुफल का भोग फिर आरती होगी।

### श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप की पूजा से उन्नति

पंडित राकेश झा ने कहा कि भगवान कृष्ण के बाल स्वरूप की पूजा और जन्माष्टमी का व्रत करने से श्रद्धालुओं को संतान सुख, वैवाहिक सुख, प्रेम की प्रगाढ़ता, सुख-समृद्धि, शांति, उन्नति, आपसी सद्भावना तथा तीन जन्म के पापों से मुक्ति मिल जाती है। भविष्य पुराण के मुताबिक इस व्रत को करने से अकाल मृत्यु,गर्भपात,वैधव्य, दुर्भाग्य और कलह नहीं होते हैं।

# आसमान से बरसी मौत, बिहार में ठनका गिरने से चाचा-भतीजे समेत 3 की गई जान

**गया, एजेंसी।** बिहार के गया जिले के इमामगंज प्रखंड के गुदिया गांव में शनिवार को ठनका गिरने से चाचा-भतीजे की मौत हो गई। दोनों बच्चे गांव के पास जानवर चरा रहे थे। इसी दौरान वज्रपात हुआ और दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, मोहनपुर के भातूचक गांव में भी ठनका गिरने से एक किसान की मौत हो गई। घटना के समय कैलाश चौधरी के पुत्र सतेंद्र चौधरी (32) खेत में हल चला रहे थे। इसी दौरान वज्रपात के शिकार हो गए। गुदिया गांव के रहने वाले मृतक के दादा कैलाश यादव ने बताया कि गांव से सटे चपरी नदी के किनारे भतीजा प्रिंस कुमार (12) पिता अजय यादव और चाचा प्रदीप कुमार (18) पिता जगदेव यादव दोनों जानवर चरा रहा थे। उसी दौरान शाम करीब साढ़े चार बजे हल्की बारिश के साथ बच्चों के ऊपर ठनका गिर गया। जिसमें दोनों बच्चों की मौत हो गई।

### बिहार में आसमान से बरसी मौत की आफत, 12 की मौत

बिहार के गया जिले के इमामगंज प्रखंड के गुदिया गांव में शनिवार को ठनका गिरने से चाचा-भतीजे की मौत हो गई। दोनों बच्चे गांव के पास जानवर चरा रहे थे। इसी दौरान वज्रपात हुआ और दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, मोहनपुर के भातूचक गांव में भी ठनका गिरने से एक किसान की मौत हो गई। घटना के समय कैलाश चौधरी के पुत्र सतेंद्र चौधरी (32) खेत में हल चला रहे थे। इसी दौरान वज्रपात के शिकार हो गए।

गुदिया गांव के रहने वाले मृतक के दादा कैलाश यादव ने बताया कि गांव से सटे चपरी नदी के किनारे भतीजा प्रिंस कुमार (12) पिता अजय यादव और चाचा प्रदीप कुमार (18) पिता जगदेव यादव दोनों जानवर चरा रहा थे। उसी दौरान शाम करीब साढ़े चार बजे हल्की बारिश के साथ बच्चों के ऊपर ठनका गिर गया। जिसमें दोनों बच्चों की मौत हो गई।

### 11 जिलों में झमाझम बारिश के साथ वज्रपात की चेतावनी

आपको बता दें मौसम विभाग ने राज्य के 23 जिलों में बारिश की संभावना जताई थी। जिनमें से 11 जिलों में झमाझम बारिश के साथ वज्रपात की चेतावनी मौसम विभाग की ओर से जारी की गई थी। 23 जिलों के लिए वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया गया है। राज्य में ठनका से होने की वाली मौतें थमन का नाम नहीं ले रही हैं। जुलाई महीने में एक दिन में वज्रपात से 18 लोगों की राज्य में मौत हुई थी।

# आरजेडी विधायक रीतलाल के भाई ने चलवाई थी एम्स के सुरक्षा अधिकारी पर गोली



**पटना , एजेंसी।** पटना एम्स के सुरक्षा अधिकारी पर गोली चलाने के दो आरोपितों को खगौल थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गये दोनों आरोपितों में राजकुमार (खिरीमोड़) और गुड्डु यादव (कृष्णगढ़, भोजपुर) शामिल हैं। राजकुमार एम्स में सुरक्षा गार्ड जबकि गुड्डु सिक्योरिटी फील्ड ऑफिसर है। दोनों के पास से पुलिस ने मोबाइल फोन बरामद किये हैं। पटना पुलिस का दावा है कि आरपीएफ से प्रतिनियुक्त एम्स के उप मुख्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रेमनाथ राय की गाड़ी पर 22 अगस्त को दीघा एम्स एलिवेटेड रोड से उतरने के दौरान इन्हीं दोनों ने अपने एक साथी के साथ मिलकर गोली चलाई थी। दानापुर से राजद विधायक रीतलाल यादव के भाई पिंकू यादव के कहने पर इस वारदात को अंजाम दिया गया था। राजकुमार और गुड्डु ने पुलिस को बताया कि वे एम्स में सिक्योरिटी गार्ड का काम करने के दौरान सुरक्षा गार्ड की बहाली प्रक्रिया में अभ्यर्थियों से पैसे लेते हैं। बहाली के 50 प्रतिशत रुपये वे अभ्यर्थियों से लेते थे। इन सभी बातों की जानकारी पिंकू को होती थी। इस बार भी पिंकू के इशारे पर ही दोनों ने एम्स के सुरक्षा अधिकारी की गाड़ी पर फायरिंग की। इसमें वे बाल-बाल बच गये। जबकि उनकी गाड़ी का शीशा टूट गया। दूसरी ओर गोली चलाने वाले आरोपितों के बयान के बाद अब पटना पुलिस ने विधायक के भाई पिंकू की तलाश में छापेमारी तेज कर दी है। शनिवार को खगौल थाने की पुलिस पिंकू के वारंट के लिए कोर्ट गई थी। सूत्रों के मुताबिक अगर जल्द से जल्द उसकी गिरफ्तारी नहीं हुई तो पुलिस तीन दिनों के भीतर ही पिंकू के खिलाफ इश्तेहार फिर कुर्की-जब्ती के लिए कोर्ट जायेगी।

**सीसीटीवी फुटेज से हुई पहचान :** पुलिस ने दोनों आरोपितों की पहचान सीसीटीवी कैमरे के जरिये की। सूत्रों की मानें तो दर्जनों कैमरों को खंगालने के बाद पुलिस फायरिंग करने वालों तक पहुंची। गिरफ्तारी के बाद जब उनसे साजिशकर्ता के बारे में पूछा गया तो उन्होंने पिंकू के नाम का खुलासा किया।

**विशेष पुलिस टीम ने दबोचा :** आरोपितों को गिरफ्तार करने के लिए एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया था। टीम का नेतृत्व सिटी एसपी पश्चिमी अभिनव धीमान कर रहे थे। इसमें खगौल थानेदार सुनील कुमार, दानापुर थानेदार प्रशांत भारद्वाज समेत अन्य पुलिसकर्मियों को शामिल किया गया था। 22 अगस्त की सुबह 9 बजकर 55 मिनट पर एम्स के उप मुख्य सुरक्षा अधिकारी प्रेमनाथ राय गाड़ी से दफ्तर जा रहे थे। चालक और बॉडीगार्ड भी साथ में थे। जैसे ही वे खगौल थानांतर्गत दीघा-एम्स एलिवेटेड रोड की ओर उतरे, एक बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने उनकी गाड़ी के ऊपर गोली चलाई। इसके बाद सभी भाग निकले। गोलीबारी के दौरान गाड़ी का शीशा टूट गया।

## पटना जीआरपी थानेदार समेत 6 पुलिस वालों पर एफआईआर , 3 सस्पेंड

**पटना, एजेंसी।** पटना जीआरपी के थानेदार समेत कई छह पुलिस कर्मियों पर बड़ी कार्रवाई की गई है। एफआईआर दर्ज कराने के बाद उनके निलंबन और अग्रेत्तर कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है। जंक्शन पर जीआरपी के जवानों की ओर से जेल भेजने का भय दिखाकर पश्चिम बंगाल निवासी यात्री से 39 हजार रुपये वसूलने क मामला है। में रेल पुलिस ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई की है। मामले में संलिप्तता पाए जाने पर जीआरपी थानेदार सहित छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। इस मामले में आरोपित सिपाही और तीन ओडी ऑफिसर को निलंबित कर दिया गया है। इसके साथ ही पटना जंक्शन थानेदार का तबादला कर दिया गया। थानेदार पर भी गाज गिर सकती है। उनके निलंबन की अनुशंसा डीआईजी रेल से की गई है। विभाग की ओर से इस मामले में कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है। इन पुलिस वालों पर रेल यात्रियों को परेशान कर रेलवे को बदनाम करने का आरोप विभाग की ओर से लगाया गया है। मामला इस प्रकार है। मूलरूप से पश्चिम बंगाल निवासी सोमनाथ नाईया बीते एक अगस्त को हावड़ा की ट्रेन पकड़ने पटना जंक्शन पर गए थे। रात में वह स्टेशन पर बैठे थे। तभी जीआरपी के जवान चोर बताकर उन्हें थाने ले आए थे। थाने में सिपाही कृष्ण कुमार ठाकुर ने जेल भेजने की धमकी देकर सोमनाथ नाईया के पास मौजूद 20 हजार रुपये वसूल लिये थे। बाद में 30 हजार और रुपये की मांग की गई थी। इसके बाद पीड़ित के कहने पर उनके पिता ने कोलकाता से स्टेशन पर मेस चलाने वाले रवि के पास ऑनलाइन 19 हजार रुपये भेजे थे।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा ने एसएसपी आवास के सामने सरकार का पुतला फूंका

**रांची, एजेंसी।** भाजपा रांची महानगर कमेटी ने शनिवार को एसएसपी आवास के सामने हेमंत सरकार का पुतला दहन किया। महानगर अध्यक्ष वरुण साहू ने दावा किया कि झारखंड की जनता इस निरंकुश सरकार का अंत करेगी। यह सरकार आंसू गैस के गोलों और लाठी की बदौलत युवाओं की आवाज को नहीं दबा सकती। राज्य के अधिकतर एसपी कार्यालय और थानों के सामने भाजपा ने कार्यकर्ताओं ने सरकार का पुतला फूंका। जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम से विरोध मार्च निकाल कर एसएसपी आवास के सामने हेमंत सरकार का पुतला दहन किया गया। विधायक सीपी सिंह ने कहा कि हेमंत की हिम्मत सिर्फ लाठी चला कर जनता की आवाज़ को दबाने की कोशिश करना भर है। इस सरकार की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष विकास प्रीतम, भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष शशांक राज, बलराम सिंह, जितेंद्र वर्मा, रोमित नारायण सिंह, राजू सिंह, अनिता वर्मा, विनय सिंह, वीणा मिश्रा, विश्वजीत सिंह, विशाल अग्रवाल, राम लगन राम, उमेश यादव, सुभाष अग्रवाल, विकास रवि आदि थे।

### झारखंड हाईकोर्ट ने दिया सरकार को वेतन पर निर्णय लेने के लिए इतने का दिनों समय

**रांची, एजेंसी।** झारखंड हाइकोर्ट के जस्टिस दीपक रोशन की अदालत ने राज्य के जिलों में ग्रामीण कार्य विभाग( आरइओ) प्रमंडलों में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटरों को समान काम के बदले समान वेतन देने को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई की. इस दौरान अदालत ने प्रार्थी व राज्य सरकार का पक्ष सुना. इसके बाद अदालत ने ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव को वित्त विभाग के वर्ष 2017 व 2023 के संकल्प के आलोक में चार माह के अंदर निर्णय लेने का आदेश दिया. इसके साथ ही अदालत ने याचिका को निष्पादित कर दिया.प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने अदालत को बताया कि वित्त विभाग ने वर्ष 2017 में संकल्प जारी किया था. इसमें संविदा कंप्यूटर ऑपरेटर को प्रतिमाह 26,800 का मानदेय तथा वर्ष 2023 में उसे बढ़ा कर वित्त विभाग ने 34,400 प्रतिमाह कर दिया, लेकिन इसका लाभ जिला में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर को नहीं मिल रहा है. जबकि, अन्य विभाग में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटर को बढ़ा मानदेय दिया जा रहा है. सचिवालय में कार्यरत कंप्यूटर ऑपरेटरों को लाभ मिल रहा है, लेकिन जिले में काम कर रहे कंप्यूटर ऑपरेटरों को कम मानदेय दिया जा रहा है.

### मुख्यमंत्री के हाथों धनबाद की ममता महतो व आदारी देवी को मिला स्वीकृति पत्र

**रांची, एजेंसी।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को हजारीबाग के नगवां मैदान (सिंदूर) में आयोजित झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम में धनबाद के बाघमारा प्रखंड की ममता महतो व आदारी देवी को अपने हाथों से स्वीकृति पत्र प्रदान किया. उक्त कार्यक्रम में धनबाद, बोकारो, हजारीबाग, गिरिडीह, चतरा, कोडरमा व रामगढ़ की लगभग 14 लाख बहन–बेटियों के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से सम्मान राशि हस्तांतरित की गयी. वहीं धनबाद उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर धनबाद से जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद व प्रखंड विकास पदाधिकारी भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए.निदेशक सामाजिक सुरक्षा ने बताया कि प्रमंडल स्तरीय कार्यक्रम में धनबाद से बड़ी संख्या में लाभुक हजारीबाग के कार्यक्रम में शामिल हुए. मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के अंतर्गत धनबाद में 3.20 लाख से अधिक लाभुकों का रजिस्ट्रेशन हो चुका है, जबकि 2.96 लाख से अधिक लाभुकों को स्वीकृति प्रदान की गई है. इसमें 2.63 लाख से अधिक लाभुकों के बैंक खाते में राशि ट्रांसफर कर दी गई है. सितंबर महीने के प्रथम सप्ताह में शेष लाभुकों के बैंक खाते में राशि ट्रांसफर कर दिया जायेगा.

### वर्ष 2028-29 तक 16,129 मेगावाट बिजली उत्पादन करेगी कोल इंडिया

**रांची, एजेंसी।** कोयला मंत्रालय ने डायवर्सिफिकेशन के तहत बिजली उत्पादन के क्षेत्र में कदम बढ़ाया है. उक्त कार्ययोजना के मुताबिक कोल इंडिया ने वर्ष 2028–29 तक 16,129 मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया है. इसमें 7,160 मेगावाट बिजली थर्मल प्लांटों व 8,969 मेगावाट बिजली का उत्पादन सोलर पावर प्लांटों के माध्यम से किया जायेगा. सूचना के मुताबिक कोल इंडिया ने चालू वित्तीय वर्ष (2024–25) में थर्मल पावर प्लांटों से 1980 मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा है, जबकि वित्तीय वर्ष 2028– 29 तक 5,180 मेगावाट बिजली का उत्पादन किया जायेगा. इस तरह से कोल इंडिया की थर्मल पावर प्लांटों से बिजली उत्पादन की क्षमता 7,160 मेगावाट हो जायेगी. बता दें कि कोल इंडिया की सहायक कंपनी एसइसीएल और एमपीपीजीसीएल के संयुक्त उद्यम से मध्य प्रदेश में 660 मेगावाट क्षमता वाला सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट स्थापित हो रहा है. उक्त परियोजना की अनुमानित लागत 5,600 करोड़ रुपये है. जबकि एमसीएल की सहायक कंपनी महानदी बेसिन पॉवर लिमिटेड द्वारा ओड़िशा के सुंदरगढ़ जिले में 1,600 मेगावाट क्षमता सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट प्रस्तावित किया गया है.

# अब हर परिवार को सालाना 60 हजार रुपये देगी झारखंड सरकार,

**सीएम हेमंत सोरेनका बड़ा एलान**



**हजारीबाग, एजेंसी।** मुख्यमंत्री हेमंत सरकार ने कहा है कि मंईयां सम्मान योजना के तहत अगर घर में तीन महिलाएं और बुजुर्ग हैं, तो पेंशन स्कीम से जुड़े एक परिवार को सरकार के माध्यम से सालाना 60 हजार रुपये मिलेंगे।

इतना ही अगर अगली बार भी मेरी सरकार आई तो एक-एक परिवार को एक-एक लाख रुपये दिए जाएंगे। अब झारखंड का कोई घर ऐसा नहीं होगा, जहां सरकार की कोई योजना नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 21 से 49 वर्ष उम्र तक की मां, बहन और बेटियों को मंइयां सम्मान से जोड़ा गया है, तो 50 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों को पेंशन योजना से। सरकार जन्म से जीवन के अंतिम पड़ाव तक सबका ख्याल रख रही है।

उन्होंने लोगों से अपील की कि आप बेटे-बेटियों को पढ़ाएं, उनका खर्च सरकार उठाएगी। स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड से बिना किसी गारंटी के 15 लाख रुपये देगी।

मुख्यमंत्री शनिवार को हजारीबाग के नगवां सिंदूर मैदान में झारखंड मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान प्रमंडलीय समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को अपनी सरकार की बड़ी उपलब्धि करार देते हुए हेमंत सोरेन ने कहा कि मात्र 14 से 15 दिनों में प्रति माह एक हजार रुपये देने के लिए राज्य भर में 42 लाख से अधिक महिलाओं को मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना से जोड़ने का काम किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में सामाजिक सुरक्षा पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके तहत ही हजारीबाग प्रमंडल के सात जिलों की 13,94,082 महिलाओं के खाते में पहली किस्त के रूप में एक-एक हजार रुपये की राशि भेजी जा रही है।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार मां, बहन-बेटियों को सामाजिक आर्थिक सुरक्षा देने में लगी है। लेकिन, यहां वर्षों तक राज करने वाली भाजपा की सरकारों ने इससे सरोकार नहीं रखा। भाजपा के पास यहां की महिलाओं, बुजुर्गों को देने के लिए पैसे नहीं थे। इन्होंने सामाजिक सुरक्षा देने की जगह बेईमानों को सुरक्षा देने का काम किया। व्यवसायियों के लाखों-करोड़ रुपये माफ किए।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में मंइयां सम्मान को बहन बेटियों को उनके मान-सम्मान गौरव से जोड़ा। महिलाओं से पूछा कि यह सम्मान आगे चाहिए कि नहीं। उन्होंने कहा कि सरकार अच्छा काम कर रही है तो विरोधियों को खटक रहा है। लेकिन, आपको इनके झांसे में नहीं आना है। विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि बरसात में बहुत मेढ़क निकलेंगे। टर्र-टर्र करेंगे। आपका दिमाग खराब करेंगे, लेकिन इनके झांसे में नहीं आना है।

यहां के नेताओं से राज्य संभल नहीं रहा तो दूसरे राज्यों से बुला लिया, आपदा को भी हिंदू-मुसलमान में बांट दिया। भाजपा लगातार साजिश कर रही है।हेमंत सोरेन ने कहा कि भाजपा ने मुझे साजिश के तहत जेल भेज दिया। पांच छह माह में जेल से बाहर आकर आपके बीच हूं। लेकिन, मुझ पर लगे सभी आरोप झूठे साबित हुए।

अब उनके नेताओं से राज्य नहीं संभल रहा है तो असम, मध्यप्रदेश व गुजरात के नेताओं को बुलाकर झारखंड को बांटने में लगे हैं।

कभी हिंदू मुसलमान तो कभी अगड़ा-पिछड़ा का खेल खेला जा रहा है। उन्होंने आपदा में हिंदू मुसलमान कर दिया है। अब तक लव जेहाद, लैंड जेहाद कर रहे थे अब ये बाढ़ जेहाद कर रहे हैं। झारखंड के मूलवासी, दलितों, अल्पसंख्यकों के हक को छिनने की साजिश रची जा रही है। श्रम एवं कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोगता, समाज कल्याण मंत्री बेबी देवी, कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह सहित विधायक मथुरा महतो, कल्पना सोरेन, सुदीव्य कुमार सोनू, अनूप कुमार सिंह, विनोद कुमार सिंह, मथुरा महतो, अंबा प्रसाद, उमाशंकर अकेला ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

## युवाओं के साथ अत्याचार बर्दाश्त नहीं होगा: रागिनी सिंह



**रांची/झरिया , एजेंसी।** जन आक्रोश रैली में भाजपा कार्यकर्ताओं पर बर्बरतापूर्वक लाठी चार्ज, आंसू गैस के गोले फेंकने व रबर की गोलियां दागने के विरोध में शनिवार को झरिया थाना के समीप मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला जलाया गया। इससे पहले झरिया टैक्सी स्टैंड से झरिया थाना तक नारेबाजी के साथ पदयात्रा निकाली गई। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने कहा कि यह सरकार रोजगार नहीं दे सकी, तो युवाओं पर अत्याचार करने पर उतर आई है। युवाओं को रोजगार भत्ता भी नहीं दे रही है। आंदोलन को किसी भी कीमत पर कुचलने नहीं दिया जाएगा।

प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजकुमार अग्रवाल ने कहा कि ये कुछ महीनों की सरकार है जो अब नहीं चलने वाली है। युवा बेरोजगार इस सरकार से नाराज है। जिला उपाध्यक्ष विष्णु त्रिपाठी ने कहा कि लाठी चार्ज सरकार की नाकामी को दर्शाती है। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अवधेश साव ने की। मौके पर अरिंदम बनर्जी, सत्यदेव सिंह, बप्पी बाउरी, शिव अग्रवाल, लोकनाथ सिंह, अरुण जयसवाल, तरुण राय, राहुल सोनी, सुदर्शन वर्नवाल, मोतीलाल विश्वकर्मा, संजय रवानी, विश्वनाथ साव, गौतम थे।

**जोरापोखर में सीएम का पुतला फूंका :** जोरापोखर शहीद शशिकांत पांडेय चौक पर भाजपा भागा मंडल अध्यक्ष बच्चा गिरी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन किया गया। मुख्यमंत्री हाय हाय... के नारे लगाए गए। योगेंद्र यादव ने कहा कि रांची में भाजपा युवा जनाक्रोश रैली में कार्यकर्ताओं को प्रदेश की सरकार ने लाठी चार्ज व आंसू गैस छोड़कर घायल करना निंदनीय है। मौके पर राकेश सिंह, दलगोबिंद महतो, नगीना पासवान, गरिधारी अग्रवाल, बिनोद सिंह आदि थे।

## एसएसपी कार्यालय के समक्ष भाजपाइयों ने जलाया सीएम का पुतला

**रांची, एजेंसी।** रांची में युवा आक्रोश रैली के दौरान शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ताओं को रोके जाने तथा आंसू गैस के गोले दागने के विरोध में भाजपा कार्यकर्ताओं ने शनिवार को जगह-जगह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला जलाया. भाजपा बरटांड एवं सदर मंडल के कार्यकर्ताओं ने पुराने एसएसपी कार्यालय के सामने मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया. नेतृत्व किशोर मंडल व राजाराम दत्ता कर रहे थे. इस दौरान भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश राही, सत्येंद्र कुमार, चंद्रशेखर सिंह व संजीव अग्रवाल ने कहा कि अपने हक की लड़ाई लड़ने वाले युवाओं की हालत देख एक बात तो निश्चित है कि इस बार जनता तानाशाह हेमंत सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकेगी. मानस प्रसून ने कहा कि झारखंड सरकार द्वारा युवाओं पर अमर्यादित, अलोकतंत्रिक तरीके का आचरण किया गया है. इसकी जितनी निंदा की जाय वह कम है. मौके पर रमा सिन्हा, पंकज सिन्हा, नरेंद्र त्रिवेदी, कन्हैया पांडे, रमेश राही, मनोज सिंह भवानी, राजकुमार मंडल, निर्मल प्रधान, राजकुमार मंडल, उमेश सिंह, बेबी यादव, नरेंद्र त्रिवेदी, राजा राम दत्ता, रंजीत सिंह बिल्लू, शंभु सिंह, हुल्लास दास, मनोज रिंकू सिन्हा, भोला पांडे, अमित सिंह, प्रमोद अग्रवाल, प्रकाश मिश्रा, विजय कुमार, सत्येंद्र मिश्रा व टुन्ना सिंह सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल थे.

# मंदिर में धंसा नौसेना का उपकरण, पांच दिन बाद भी नहीं मिल पाया झारखंड में गायब हुआ विमान

**जमशेदपुर, एजेंसी।** जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट से मंगलवार को उड़ान भरने वाले ट्रेनी विमान के क्रैश होने के बाद जारी तलाश में शनिवार को पांचवें दिन भी सुराग नहीं मिल सका। चांडिल डैम में शनिवार को भी खोज के लिए गई नौसेना की टीम खाली हाथ लौट गई।

**मंदिर में धंसा नौसेना का उपकरण :** नौसेना की टीम विमान की तलाश में शनिवार सुबह 8.30 बजे चांडिल डैम में गई थी, जो दोपहर दो बजे खाली हाथ लौट आई। टीम डैम के कल्याणपुर एवं किस्टोपुर में साइड स्कैन सोनार एवं अन्य उपकरणों के सहारे विमान की खोजबीन की। हालांकि टीम को सफलता नहीं मिली। खोजबीन के दौरान नौसेना का उपकरण एक मंदिर की दीवार से टकराकर धंस गया। टीम ने दीवार को हटाकर उपकरण को निकाला तथा उसके अंश को भी साथ ले आई। नौसेना की टीम रविवार को फिर से विमान की खोजबीन में निकलेगी।




**15 मिनट बाद विमान का एटीसी से कट गया था संपर्क**

सोनारी एयरपोर्ट से मंगलवार सुबह 11 बजे अल्केमिस्ट एवियशन का टू सीटर ट्रेनी विमान ने उड़ान भरी थी। विमान में उस वक्त आदित्यपुर के इच्छापुर ग्वाला पाड़ा निवासी ट्रेनी पायलट शुभ्रोदीप दत्ता और पटना जक्कनपुर निवासी कैप्टन शत्रु आनंद सवार थे। बताया जाता है कि उड़ान भरने के 15 मिनट तक विमान एयर ट्रैफिक कंट्रोल की संपर्क में था, इसके बाद संपर्क टूट गया। इसके बाद पहले एनडीआरएफ और फिर एनडीआरएफ और नौसेना की संयुक्त टीम ने तलाश शुरू की थी। दोनों पायलट के शव गुरुवार को बरामद हुए थे।

### दोनों पायलट की मौत की जांच को पहुंची डीजीसीए की टीम

इधर, विमान हादसे में दो पायलट की मौत की जांच के लिए दिल्ली से डीजीसीए की टीम शनिवार को चांडिल डैम पहुंची। टीम सुबह 10.30 बजे जांच के लिए चांडिल डैम रवाना हुई व करीब साढ़े तीन घंटे तक डैम स्थित पियालडीह, काशीपुर, कल्याणपुर, कुमारी, मैसढ़ा, केसरगढ़िया एवं डीमुडीह में जाकर जांच की। टीम ने जिस जगह पायलट एवं ट्रेनी पायलट का शव मिला था,उस जगह की भी जांच की। साथ ही प्रत्यक्षदर्शी एवं अन्य कई ग्रामीणों से भी पूछताछ की।

# खरसावां में तेज रफ्तार कार ने एक को मारी टक्कर, मौत, विरोध में सड़क जाम

**खरसावां, एजेंसी।** खरसावां के बाजारसाही में शनिवार की रात तेज गति से आ रही एक मारुति अर्टिगा कार चालक ने सड़क किनारे खड़े एक शख्स को रौंदकर फरार हो गया. इस घटना में उसकी मौत हो गयी. जानकारी के अनुसार शनिवार की देर शाम खरसावां के बाजारसाही निवासी प्रशांत मोदक (48) की किराने की दुकान से कुछ सामान खरीद वापस घर लौट रहे था. इस दौरान बाजारसाही हरिमंदिर के पास वह कार की चपेट में गया.




बताया जाता है कि कार की रफ्तार बेहद तेज थी. तेज रफ्तार वाहन को देखकर वह सरायकेला-खरसावां के बाजारसाही हरिमंदिर रोड के किनारे स्थित एक चापाकल के पास खड़ा हो गया. बावजूद वह कार चालक उसे रौंदते हुए फरार हो गया. कार की चपेट में आने से उसके दोनों पर टूट गये. साथ ही शरीर के कई अन्य हिस्से में अंदरूनी चोटें आयीं. आनन फानन में स्थानीय लोगों ने उसे खरसावां स्थित समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया. जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए जमशेदपुर रेफर कर दिया. लेकिन रास्ते ही उसने दम तोड़ दिया.

घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने रविवार की सुबह खरसावां बाजार क्षेत्र में सड़क जाम कर दी. खरसावां बाजार होते हुए हाईस्कूल की ओर आने- जाने वाली सभी मुख्य सड़क को अवरुद्ध कर दिया गया है. इससे वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया. बाजार क्षेत्र के दुकानदारों ने भी अपने दुकानों को बंद रखा. स्थानीय लोगों ने पुलिस- प्रशासन से दोषी वाहन चालक को चिन्हित कर कार्रवाई करने, मृतक के आश्रितों को मुआवजा दिलाने और सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने की मांग कर रहे हैं. मामले की जानकारी मिलने के बाद सभी प्रशासनिक अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया. खबर लिखे जाने तक जाम नहीं हटा है.

## लगातार बढ़ रहा है पतरातू डैम का जलस्तर, तीन फाटक खोल किया जा रहा जलनिकासी का काम

**रामगढ़, एजेंसी।** रामगढ़ के पतरातू डैम में विभिन्न पहाड़ी नदियों के मिलने और बारिश की वजह जलस्तर में जबरदस्त बढ़ोतरी हुई है. रविवार सुबह को 1328 रेडियस लेवल जलस्तर को बनाये रखने के लिए डैम का एक और फाटक खोल दिया गया ताकि यह खतरे के निशान के पार न चला जाए. अब डैम के कुल तीन फाटक से जल निकासी का कार्य हो रहा है. इससे पहले शनिवार को भी जलस्तर को बनाये रखने के लिए एक फाटक खोला गया था, लेकिन रविवार की अहले सुबह पता चला कि डैम के वाटर लेवल काफी बढ़ गया है. जिसके बाद अधिकारियों एक और फाटक खोलने के निर्णय लिया.



पीटीपीएस के अधिकारी लगातार लोगों से इस बात की अपील कर रहे हैं कि वे नलकारी नदी के पास ना खुद जाएं और न ही जानवरों जाने दें. उनका कहना है कि विभिन्न स्त्रोतों से लगातार पानी आने के कारण डैम का जलस्तर पहले के मुकाबले बहुत बढ़ गया है. तीन फाटक खोलने का नतीजा ये है कि दामोदर और नलकारी नदी तेजी से बढ़ गया है. उन्होंने कहा है कि हम स्थिति पर 24 घंटे निगरानी कर रहे हैं ताकी स्थिति हमारे नियंत्रण से बाहर न जाएं.

बता दें कि पतरातू डैम के जलस्तर को यथावत बनाए रखने के लिए गुरुवार को तीन नंबर फाटक को तीन इंच के लिए खोल दिया गया था. वहीं शनिवार को भी 6 नंबर फाटक को छह इंच के लिए खोल दिया गया. डैम का मुख्य जलस्त्रोत नलकारी और घाघरा नदी है. जहां से बारिश के कारण ये दोनों उफनायी हुई है. वर्तमान में पतरातू डैम की क्षमता रेडियूस लेवल है. जबकि वर्तमान में इसका जलस्तर 1328 रेडियस लेवल है. जिससे यथावत बनाये रखने के लिए एक के बाद एक फाटक खोल जा रहे हैं.

### सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लक्ष्य व जमा की सूची जल्द से जल्द दें: बीईईओ

# निरसा के पोद्दारडीह हाईस्कूल में विशेष गोष्ठी का आयोजन

**निरसा, एजेंसी।** निरसा के पोद्दारडीह हाई स्कूल परिसर में निरसा व कलियासोल के सभी सरकारी विद्यालयों के प्रधान अध्यापकों के बीच शुक्रवार को एकदिवसीय विशेष गोष्ठी का आयोजन किया गया। विशेष गोष्ठी में मुख्य रूप से बीईईओ सपन कुमार मंडल मौजूद थे। इस दौरान छात्र-छात्राओं को लाभान्वित करने वाले सभी योजनाओं का क्रियान्वयन एवं उचित लाभ मिल रहा है या नहीं उसकी समीक्षा की गई।



बीईईओ ने कहा कि साइकिल वितरण 2023-24 उपयोगिता जमा व 2024-25 मांग सूची जमा करने का निर्देश दिया गया है। स्कॉलरशिप 2024- 25 ई-कल्याण अपलोड डेट हार्ड कॉपी एवं सॉफ्ट कॉपी भेजने का निर्देश सभी प्रधान अध्यापकों को दी गई है। इस बार के साइकिल वितरण से संबंधित दिशा निर्देश सभी को दी जा चुकी है। यू डाइस प्लस डाटा अपलोड शत प्रतिशत करना जरूरी है। जिस पर कोताई ही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना 2024-25 का विद्यालयों का लक्ष्य एवं उपलब्ध सूची जल्द से जल्द उपलब्ध करवाना है। उल्हास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम एवं सर्वेक्षण प्रतिवेदन का क्रियान्वयन का निर्देश दिया गया। एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का अनुपालन के लिए सभी सरकारी विद्यालयों में पौधारोपण का निर्देश दिया गया।सभी सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति बायोमेट्रिक के माध्यम से ही करना है। ऑफलाइन उपस्थिति को मानता नहीं दी जाएगी। अगर बायोमेट्रिक अटेंडेंस की मशीन खराब है तो रिपेयर जीटा में जमा करने का निर्देश दिया गया। एमडीएम का प्रतिदिन की सूची एवं बच्चों को मिलने वाली पोषाहार की भी जानकारियां ली गई। इको क्लब का नियमित बैठक, प्रयास एवं प्रोजेक्ट का शत प्रतिशत अनुपालन का निर्देश दिया गया।

सर्वेक्षण प्रतिवेदन का क्रियान्वयन का निर्देश दिया गया। एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम का अनुपालन के लिए सभी सरकारी विद्यालयों में पौधारोपण का निर्देश दिया गया। सभी सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति बायोमेट्रिक के माध्यम से ही करना है। ऑफलाइन उपस्थिति को मानता नहीं दी जाएगी। अगर बायोमेट्रिक अटेंडेंस की मशीन खराब है तो रिपेयर जीटा में जमा करने का निर्देश दिया गया।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

## भारत बंद का संदेश

दलित और आदिवासी संगठनों द्वारा बुधवार को आयोजित भारत बंद का देश के अनेक क्षेत्रों में मिला-जुला असर दिखा है। आरक्षण को लेकर इन संगठनों की सजगता की तारीफ करनी चाहिए। यह यथोचित ही है कि ये संगठन नौकरियों, शिक्षा में हाशिये पर खड़े समुदायों के व्यापक प्रतिनिधित्व की मांग पर जोर दे रहे हैं। अपने सांविधानिक अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ही उन्होंने भारत बंद का आयोजन किया। इन संगठनों की चिंता पर कान देने के साथ ही इनकी आशंकाओं को दूर करने की जरूरत है। केंद्र सरकार ने बिना समय गंवाए ऐसा किया भी है, पर सत्ता पक्ष के बारे में जो आरक्षण विरोधी छवि बनाने की चेष्टा विगत महीनों में हुई है, शायद वह काम कर रही है। यह गौर करने की बात है कि केंद्र सरकार द्वारा स्थिति स्पष्ट किए जाने के बावजूद विपक्ष ने दलित-आदिवासी संगठनों का पूरा साथ दिया है। नतीजतन, देश में जहां-जहां दलितों और आदिवासियों की बहुलता है, वहां-वहां भारत बंद का असर ज्यादा दिखा है। कहीं यातायात में बाधा पड़ी, तो कहीं प्रदर्शनकारियों में उग्रता भी दिखी। उत्तर प्रदेश के अनेक शहरों में मार्च निकाला गया है। बसपा सुप्रीमो और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने भी बंद को अपना समर्थन दिया, तो अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भी भारत बंद का समर्थन किया। कुछ जगहों पर पुलिस को भी सख्ती दिखानी पड़ी, लेकिन इस बार पुलिस को एक सबक भी मिला है। बिना सोचे-समझे लाठी चला देने की उसकी आदत ने पुलिस की जगहंसाई कराई है। बिहार में पटना के एसडीएम पर एक पुलिसकर्मी ने बंद समर्थक समझकर लाठीचार्ज कर दिया। यह गलती पुलिस वालों को याद रहनी चाहिए। पुलिस के पास ताकत है, पर यह ताकत जनता की भलाई के लिए इस्तेमाल हो, तो ही प्रशंसा की जा सकती है। क्या प्रदर्शनकारियों को समझाया नहीं जा सकता था? यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कि अनेक बड़े अधिकारियों ने पुलिस को अनुशासित रखने के लिए कुछ भी नहीं किया है। पुलिस की गुणवत्ता के बारे में सभी को पता है। अधिकारियों को इस बात का एहसास होना चाहिए कि पुलिस सुधार कितना जरूरी है। निहत्थे लोगों पर लाठी का प्रयोग भी अंतिम विकल्प ही है। कोई भी सभ्य समाज किसी भी महकमे को लाठी भांजने की इजाजत नहीं देता। साथ ही, प्रदर्शनकारियों को भी शिकायत की गुंजाइश नहीं छोड़नी चाहिए। अपनी मांग रखना, शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना उनके सांविधानिक अधिकारों के तहत आता है, पर दूसरों को होने वाली परेशानी नजरंदाज नहीं होनी चाहिए।

## रिश्तों में संतुलन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को दो यूरोपीय देशों- पोलैंड और यूक्रेन की यात्रा पर थे। पीएम मोदी ने कहा भारत शांति का पक्षधर और दोनों देशों को बात से इस समस्या का हल निकालना चाहिए। पहले वह पोलैंड गये। लेकिन सबकी नजरें उनके यूक्रेन दौरे पर टिकी थी जहां युद्ध विशेष दौर में पहुंच चुका है। पीएम मोदी की पोलैंड यात्रा ऐसे समय हो रही है जब दोनों देशों के बीच कूटनीतिक रिश्तों के 70 वर्ष पूरे हो रहे हैं। वह पिछले 45 वर्षों में पोलैंड जाने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। उनकी इस यात्रा के दौरान द्विपक्षीय रिश्तों के विभिन्न पहलुओं पर बातचीत हुई। ध्यान रहे, पोलैंड में रह रहे भारतीयों की संख्या करीब 25000 है जिनमें 5000 से ज्यादा स्टूडेंट्स हैं। यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद जब वहां फंसे भारतीयों को सुरक्षित निकालने की चुनौती सामने आई थी, तो पोलैंड का सहयोग अहम साबित हुआ था। तब 'ऑपरेशन गंगा' के दौरान करीब 4000 स्टूडेंट्स पोलैंड के रास्ते ही स्वदेश लाए गए थे। 23 अगस्त को पोलैंड से ही ट्रेन के जरिए पीएम मोदी यूक्रेन पहुँचे। यह किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यूक्रेन यात्रा है। खासकर रूस-यूक्रेन युद्ध के संदर्भ में इस यात्रा की अहमियत बहुत बढ़ गई। पिछले महीने जब पीएम मोदी रूस यात्रा पर गए थे और वहां रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पूतिन से मुलाकात की थी, तो उस पर निराशा जताने वालों में यूक्रेन के जेलेंस्की भी थे। एक महीने के अंदर हो रही प्रधानमंत्री मोदी की यूक्रेन यात्रा इस तथ्य को रेखांकित करती है कि भारत रूस और यूक्रेन दोनों के साथ अपने रिश्तों को लेकर गंभीर है और उनके बीच हो रहे युद्ध का असर अपने किसी रिश्ते पर नहीं पड़ने देना चाहता। दिलचस्प है कि जब पीएम मोदी कीव पहुंच रहे हैं तब यूक्रेन की सेना ने कुछ रूसी क्षेत्रों में दबाव बढ़ा रखा है। लेकिन भारत युद्ध के उतार-चढ़ावों से खुद को अलग रखे हुए है। उसका शुरू से कहना है कि कूटनीतिक बातचीत के जरिए ही सारे विवाद हल किए जाने चाहिए।

## सबकी कोशिशों से ही सुधरेगी शिक्षा

**(वंदना चव्हाण, अधिवक्ता व पूर्व राज्यसभा सांसद)**

*अच्छी सामाजिक-आर्थिक स्थिति वाले माता-पिता अपने बच्चे की शिक्षा पर प्रति सप्ताह 70 से अधिक मिनट अतिरिक्त खर्च करते हैं। मतलब, पढ़ने-सीखने के मामले में दो समूह बन जाते हैं और जिनके बीच बड़ा अंतर पैदा हो जाता है। बहरहाल, स्कूल में बच्चे के प्रदर्शन के बारे में माता-पिता को तमाम प्रासंगिक सूचनाएं देना जरूरी है।*

आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) ने शिक्षा की गुणवत्ता पर फिर प्रकाश डाला है। इस संगठन के अनुसार, पिछली बार जब भारत ने साल 2009 में पीआईएसए या पीसा टेस्ट दिया था, तब भारत गणित, विज्ञान और पढ़ने की क्षमताओं में चीन से 12 साल पीछे था। लगभग 20 पीआईएसए (अंतरराष्ट्रीय छात्र मूल्यांकन कार्यक्रम) अंक पढ़ाई के एक वर्ष के बराबर होते हैं। इन अंकों के आधार पर पता चलता है कि शिक्षा में कौन देश किससे कितना आगे या पीछे है। इस पैमाने पर पिछले 15 वर्षों में दुनिया के दो सबसे बड़े देशों के बीच बड़ा अंतर पैदा हो गया है। 2010 और 2023 के बीच चीन में उच्च शिक्षा में छात्रों की सकल नामांकन दर (जीईआर) 26.5 प्रतिशत से बढ़कर 60.2 प्रतिशत हो गई है, जबकि भारत में यह दर साल 2017 से ही 25-28 प्रतिशत के बीच स्थिर है। गणित, विज्ञान और अक्षर पढ़ने जैसी बुनियादी साक्षरता में कमी की वजह से भारत की श्रम उत्पादकता चीन की तुलना में 44 प्रतिशत कम हो गई है। इससे भी महत्वपूर्ण पहलू यह है कि बुनियादी पढ़ाई में असमर्थता की वजह से विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों में निराशा पैदा हो गई है। यही वजह है कि कक्षा एक में दाखिला लेने वाले 10 में से आठ भारतीय छात्र कक्षा आठ तक नहीं पहुंच पाते हैं। 25 प्रतिशत शिक्षक कक्षा में भी नहीं आते हैं और माता-पिता व अभिभावकों को बड़े पैमाने पर यह चिंता नहीं होती है कि उनका बच्चा पढ़-सीख भी रहा है या नहीं? वास्तव में, इससे एक दुश्चक्र पैदा हो गया है। समस्या शिक्षा पर खर्च करने की नहीं है, बल्कि शिक्षा के प्रति समुदाय या समाज की भागीदारी और रवैये की है, जिसका बच्चे के पढ़ने-सीखने पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। यहां वियतनाम एक मिसाल है, विश्व बैंक के शोधकर्ताओं ने पाया कि पीसा टेस्ट में आधे अंक तो केवल सामुदायिक या समाज के सहयोग से हासिल किए जा सकते हैं। जब माता-पिता ने छात्रों और शिक्षकों से अपेक्षा की, तो देश की शिक्षा में सुधार आया, पर ध्यान रहे, आज वियतनाम शिक्षा पर प्रति व्यक्ति खर्च के मामले में विश्व स्तर पर सबसे निचले तीन देशों में आता है। जब आप इसकी तुलना भारत की स्कूल प्रबंधन समितियों से करते हैं, तो असमानता स्पष्ट हो जाती है। यहां 88 प्रतिशत सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों ने ऐसी समितियों का गठन किया है, लेकिन प्रधानाध्यापक, शिक्षक और विशेष रूप से माता-पिता बच्चों की शिक्षा में अपनी भूमिका के प्रति पूरी तरह जागरूक नहीं हैं। इस दुश्चक्र को तोड़ना जरूरी है। समाज के प्रमुख शुभचिंतकों के व्यवहार को बदलने के लिए संस्थागत हस्तक्षेप की जरूरत है। शिक्षकों और अभिभावकों की भागीदारी बढ़ाने के लिए एक तंत्र बनाना होगा। हमें अपने शिक्षकों को ज्यादा पढ़ाने देना चाहिए। 'समग्र' के एक अध्ययन के अनुसार, अधिकांश शिक्षक अपना 37 प्रतिशत से भी कम समय शिक्षण गतिविधियों में बिताते हैं, जिससे उनके पास सप्ताह में पढ़ाने के लिए महज 13 घंटे बचते हैं। ऐसे में, शिक्षकों का ज्यादा ध्यान उन छात्रों पर केंद्रित हो जाता है, जिनमें सीखने की क्षमता है, दूसरे छात्रों को वे अनदेखा कर देते हैं। कम आत्मसम्मान, स्वायत्तता का निम्न स्तर और मान्यता की कमी की वजह से भी शिक्षक हतोत्साहित होते हैं और स्थिति बदतर हो जाती है। हमारे शिक्षकों के पास जो उपलब्ध समय है, उसमें हमें प्रयास करना होगा कि उनके लिए प्रभावी ढंग से पढ़ाना आसान बने। उन्हें सही शिक्षण सामग्री के साथ जरूरी उपकरण प्रदान करने पड़ेंगे। प्रौद्योगिकी में उन्हें सक्षम बनाना होगा। मिसाल के लिए, सत्य भारती स्कूलों में शिक्षकों को एक एप प्रदान किया गया था, जो उन्हें बच्चे की क्षमता के आधार पर कार्य सौंपने की अनुमति देता था। इस अध्ययन से पता चला कि बच्चों ने न सिर्फ बेहतर सीखा, बल्कि 94 प्रतिशत शिक्षक इस बात से सहमत थे कि यह एप विद्यार्थियों के लिए उपयोगी है। साथ ही, शिक्षकों के प्रशासनिक बोझ को कम करने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जा सकता है। इसके साथ ही शिक्षकों को सुनियोजित शिक्षक प्रशिक्षण के माध्यम से आगे बढ़ने के रास्ते दिए जाने चाहिए। अभी सिर्फ एक-तिहाई शिक्षक यह मानते हैं कि उनका सेवाकालीन प्रशिक्षण काफी हद तक फायदेमंद था। शिक्षकों में भी बहुत अच्छा प्रदर्शन करने वालों को पहचानने की रूपरेखा बहुत प्रभावी साबित हो सकती है। मिसाल के लिए, मध्य प्रदेश में 'क्लासरूम हीरोज' कार्यक्रम है, जो अनुकरणीय शिक्षकों और पढ़ाने की उनकी शैली को प्रोत्साहित करता है। अच्छे शिक्षकों को जब हम सम्मानित करते हैं, तो शिक्षा में नया जोश पैदा होता है। हालांकि, छात्र अपना सिर्फ 20 प्रतिशत समय कक्षा में और बाकी समय घर पर बिताते हैं। इसी वजह से शिक्षा की गुणवत्ता में माता-पिता की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण हो जाती है। वैश्विक अध्ययनों से पता चला है कि मजबूत अभिभावकों की भागीदारी वाले स्कूलों में पढ़ने-सीखने केपरिणामों में सुधार की संभावना 10 गुना बढ़ जाती है। हालांकि, एक पहलू यह भी है कि माता-पिता की सामाजिक-आर्थिक स्थिति (एसईएस) उनके बच्चे की शैक्षणिक उपलब्धियों को प्रभावित करती है। कम एसईएस वाले माता-पिता की तुलना में उच्च एसईएस वाले माता-पिता के बच्चे आमतौर पर बेहतर प्रदर्शन करते हैं। अच्छी सामाजिक-आर्थिक स्थिति वाले माता-पिता अपने बच्चे की शिक्षा पर प्रति सप्ताह 70 से अधिक मिनट अतिरिक्त खर्च करते हैं। मतलब, पढ़ने-सीखने के मामले में दो समूह बन जाते हैं और जिनके बीच बड़ा अंतर पैदा हो जाता है। बहरहाल, स्कूल में बच्चे के प्रदर्शन के बारे में माता-पिता को तमाम प्रासंगिक सूचनाएं देना जरूरी है। मिसाल के लिए, अमेरिका में बच्चे की अनुपस्थिति, छूटे हुए होमवर्क और कम ग्रेड जैसी जानकारी माता-पिता को देने से पाठ्यक्रम विफलताओं में 27 प्रतिशत की कमी आई है। वास्तव में, एक बच्चे को पढ़ाई के लिए पूरे एक गांव या समाज की जरूरत पड़ती है। उस गांव या समाज में शिक्षक, माता-पिता और समाज के नेता भी शामिल हैं। पढ़ाई से इन सभी को जोड़ने के तरीके खोजने से सबके व्यवहार में स्थायी बदलाव आएगा और ऐसा करना भारत के निपुण भारत मिशन को कामयाब बनाने के लिए भी जरूरी है।

**(ये लेखिका के अपने विचार हैं)**

## महंगाई दर कम होने का मतलब

**(आलोक जोशी, वरिष्ठ पत्रकार)**

पांच साल में पहली बार भारतीय रिजर्व बैंक अब चैन की सांस ले सकता है। वजह है, महंगाई के आंकड़े का काबू में आना। यह बात आम-फहम नहीं है कि रिजर्व बैंक का असली काम दरअसल महंगाई को काबू में रखना ही है। इसीलिए वह बैंकों के खजाने में और बैंकिंग प्रणाली में कब-कहां कितनी नकदी की जरूरत है और उसे कैसे सही स्तर पर रखा जाए, इसके लिए लगाम कसता और ढील छोड़ता रहता है। जब रिजर्व बैंक के संदर्भ में महंगाई की बात होती है, तो उसका तकनीकी अर्थ है कि देश में मुद्रास्फीति की दर क्या है। मुद्रास्फीति का अर्थ है, रुपये की ताकत में कमी। यानी, अगर दस साल पहले आप सौ रुपये में जो कुछ खरीद सकते थे, उसे ही खरीदने के लिए इस वक्त आपको कितनी रकम खर्च करनी पड़ेगी, यह हिसाब लगाकर महंगाई का पैमाना ऊपर-नीचे होता है। महंगाई अब किसे अच्छी लगेगी? मगर अर्थव्यवस्था को चलाने के लिए एक हद तक महंगाई जरूरी भी है, क्योंकि इससे तय होता है कि देश में जितना उत्पादन हो रहा है या जितनी चीजें बाजार में आ रही हैं, उससे कुछ ज्यादा के लिए मांग है। इसी मांग को पूरा करने के लिए उद्योग, व्यापार और पूरा कारोबार अपना काम आगे बढ़ाने में लगता है। भारत के आर्थिक नीति-नियंताओं ने तय पाया है कि सालाना चार फीसदी की रफ्तार से महंगाई बढ़ना अर्थव्यवस्था के लिए बिल्कुल माकूल नुस्खा है, इसीलिए रिजर्व बैंक चार फीसदी के आंकड़े पर नजर रखता है। हालांकि, इसके दो प्रतिशत ऊपर-नीचे की महंगाई दर को बर्दाश्त के काबिल माना जाता है। फिर भी, यह आंकड़ा चार प्रतिशत के जितना करीब रहे, उतना ही अच्छा है। मुराद यह है कि अर्थव्यवस्था बढ़ती भी रहे और जनता पर बोझ भी न पड़े। इसका दूसरा पहलू आसानी से समझ में आएगा। जब अर्थव्यवस्था बढ़ती है, तभी लोगों की कमाई भी बढ़ती है। अर्थव्यवस्था की रफ्तार तेज होने का सीधा फायदा तनख्वाह, कमाई, शेयरों के भाव, संपत्ति के दाम वगैरह में तेजी के रूप में दिखाई पड़ता है। मगर साथ ही घर और कारोबार का बजट भी बढ़ता जाता है, इसीलिए इसका संतुलन बनाना बहुत जरूरी और काफी मुश्किल काम है। इस मुश्किल काम को करने की जिम्मेदारी रिजर्व बैंक के गवर्नर और उनके सहयोगियों के कंधे पर है। भारत में खुदरा महंगाई की दर जुलाई के महीने में 3.54 प्रतिशत रही। यह पिछले 59 महीनों में सबसे कम है। इससे पहले जून में यह 5.08 प्रतिशत थी। सबसे बड़ी राहत खाने-पीने की चीजों के मामले में मिली है। खाद्य महंगाई की दर 9.36 प्रतिशत से गिरकर 5.42 प्रतिशत पर आ गई है। एक साल पहले खुदरा महंगाई की दर 7.44 प्रतिशत और खाद्य महंगाई की दर 11.51 प्रतिशत थी। अब यह एक पहेली भी है। आप सोच सकते हैं कि बाजार में दाम तो पिछले साल से ज्यादा हैं, फिर यह दर कम कैसे? यहां यह समझना जरूरी है कि महंगाई दर का अर्थ दाम बढ़ने की रफ्तार है, यानी महंगाई दर में कमी का मतलब है कि पहले दाम जिस तेजी से बढ़ रहे थे, अब उससे कम रफ्तार से बढ़ रहे हैं। दाम बढ़ने का यह पैमाना एक साल पहले के दाम के मुकाबले ही होता है। महंगाई दर कम होने का मतलब दाम गिरना तभी होगा, जब यह दर शून्य से नीचे चली जाए। भारत में महंगाई के मोर्चे पर इस खुशखबरी का मतलब यह है कि अब शायद रिजर्व बैंक ब्याज दरों में कमी के बारे में सोच सकेगा, मगर यहां एक मुश्किल भी खड़ी है। अभी मौद्रिक नीति के दिन रिजर्व बैंक के गवर्नर ने बताया कि बैंकों का कर्ज जिस रफ्तार से बढ़ रहा है, वहां जमा होने वाली रकम उस रफ्तार से नहीं बढ़ रही है। ब्याज घटने का अर्थ होगा कि कर्ज लेने वाले बढ़ेंगे और जमा करने वाले और दूर भागेंगे। इस चिंता का इलाज भी जरूरी है। हाल में स्टेट बैंक ने फिर ब्याज दर बढ़ाई है। मतलब साफ है कि बैंकों को डिपॉजिट चाहिए।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5472

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | 6 | 9 | | | | | |
| 2 | | | | 8 | | | | 5 |
| | | | 1 | | 6 | 8 | | |
| | 2 | 7 | 4 | | 1 | | 9 | |
| | 1 | | | | | | 4 | |
| | 4 | | 2 | | 8 | 7 | 3 | |
| | | 2 | 8 | | 5 | | | |
| 1 | | | | 3 | | | | 6 |
| | | | | | 9 | 2 | 8 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5471

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 2 | 3 | 1 | 9 | 4 | 8 | 5 |
| 9 | 4 | 3 | 5 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 6 | 3 | 4 | 9 | 7 | 5 | 1 | 2 | 8 |
| 1 | 9 | 7 | 8 | 3 | 2 | 5 | 6 | 4 |
| 2 | 5 | 8 | 4 | 6 | 1 | 3 | 7 | 9 |
| 3 | 2 | 5 | 1 | 9 | 7 | 8 | 4 | 6 |
| 8 | 1 | 9 | 6 | 4 | 3 | 2 | 5 | 7 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 9 | 3 | 1 |

## वर्ग पहेली 5472



**संकेत: बाएं से दाएं**

1. प्रसिद्ध भारतीय सरोदवादक जिनका आज जन्म दिन 9 अक्टूबर 1945 है (7)
6. हानि, नुकसान (2)
7. स्वेद, श्रमकण (3)
8. जो रिश्तें में नाना के पिता हों (4)
10. प्रत्येक पक्ष की तीसरी पक्ष, तीज (3)
12. भारत के प्रसिद्ध लॉन टेनिस खिलाड़ी (6)
16. तीन घंटे या एक पहर का समय (2)
18. पुरानी फिल्मों के पार्श्व गायक (सिर्फ नाम)(3)
19. माथा, मस्तक, पेशानी (3)
21. नासिका, घ्राणेन्द्रिय, शरीर का एक संवेदी अंग (2)
22. जिसका कोई नाम न हो, अनामक (3)
23. धर्म संप्रदाय, मार्ग, रास्ता (2)

**ऊपर से नीचे**

1. वैशाख शुक्ल तृतीया जिसे आखातीज भी कहा जाता है (6)
2. बुद्धि, अक्ल, समझ (2)
3. प्रथा, रीति, कायदा, नियम, रिवाज (3)
4. गोबर आदि से लेप करना, हाथ से फैलाना (3)
5. मुंह से झटके से हवा के बाहर निकलने की आवाज (2)
8. समाचार, खबर, संदेश, संदेसा (उर्दू)(3)
9. अभियोग, मुकदमा, याचिका (3)
11. अवरोहित, गिरा हुआ, जाति निर्वासित (3)
13. यातायात में दो पहिया वाहन चलाने वाले के लिए आवश्यक सुरक्षित पहनावा (3)
14. भगवान शकर का एक ना, इस फिल्म में अमिताभ बच्चन ने एक भूत का चरित्र निभाया है (4)
15. आंख का परदा, नयनपट (3)
17. घर्षण करना, घिसना, रगड़ना (3)
20. ब्रिगेड, फौजी दस्ता, उर्दू का एक अक्षर (2)

### वर्ग पहेली 5471 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प्रे | म | चं | द | | | स | |
| त | म | गा | | अ | चा | न | क |
| रा | | क | मा | न | | ऑ | ल |
| ज | मी | र | | ब | र | फ | |
| | ट | ना | ट | न | | इं | क |
| सा | र | | टो | | अ | डि | ग |
| ध | | | ल | | ब | या | र |
| ना | म | दे | ना | | ला | | |

## आज का राशिफल

### मेष
आज लाभ से भरा होगा और कारोबार में आपकी योजनाएं सफल होंगी। दिन भाग्यशाली हैं और योजनाएं सफल होंगी। आपके धन में वृद्धि होने से भाग्य का साथ मिलेगा और कारोबार में मुनाफा बढ़ेगा। आमदनी संतोषजनक रहेगी और ससुराल के लोगों से आपको लाभ मिल सकता है। शाम में सामाजिक कार्य में व्यस्त रहेंगे।

### वृष
आज सफलता प्राप्त होगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाई और परिश्रम की अधिकता रखेगा। बातचीत में संयम रहें, किसी संपत्ति को लेकर परिवार में विवाद की स्थिति बन सकती है। भाइयों में वैचारिक मतभेद उत्पन्न होंगे। शाम से लेकर रात तक आपका मन प्रसन्न होगा। यात्रा का योग है। आने वाले कुछ दिन स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें तो आपको लाभ होगा।

### मिथुन
आज करियर के मामले में लाभ होगा। आपके सम्मान में वृद्धि होगी और कार्य सफलता से मन प्रसन्न होगा। बहुत समय से रुका हुआ धन आपको मिलेगा और आपकी कमाई अच्छी होगी। संतान पक्ष से और बौद्धिक क्षेत्र में सुखद परिणाम मिलने से प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

### तुला
आज दिन सफलता से भरा होगा और आपके लिए यात्रा के शुभ योग बन रहे हैं। आपको उपहार और सम्मान का लाभ होगा। उत्तम मित्रों के सहयोग से मन में निराशा का भाव समाप्त होगा। शाम से लेकर रात तक आपको खुशी होगी और आनंद में वृद्धि होने से खुशी होगी। आपका मन अध्ययन और पठन-पाठन में मन लगेगा।

### वृश्चिक
आज लाभ होगा और मन में प्रसन्नता और व्यस्तता रहेगी। आपको मित्रों के सहयोग से लाभ होगा। आमदनी बढ़ने से आपका मन प्रसन्न होगा। अकस्मात् बड़ी मात्रा में में पैसा हाथ में आने से मनोबल बढ़ा रहेगा। आपके लिए ग्रहों के शुभ योग हैं। खानपान पर नियंत्रण रखें तो आपकी सेहत अच्छी रहेगी और धन में वृद्धि होने से मन प्रसन्न होगा।

### धनु
आज भाग्य साथ दे रहा है और नौकरी में उच्च पद की प्राप्ति के संयोग बने हैं। आपकी इच्छाएं शीघ्र पूर्ण होंगी और मन में प्रसन्नता का भाव बना रहेगा। संतान की ओर से सुखद समाचार मिलेगा और आपके रहन-सहन खान पान के स्तर में सुधार होगा। आपको नए और सुंदर वस्त्रों की प्राप्ति होने से खुशी होगी।

### कर्क
आज दिन सफलता से भरा होगा। आपके मान, प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी और आपकी योजनाएं सफल होंगी। उत्तम संपत्ति के मामले में लाभ होगा और आपका मन काफी प्रसन्न होगा। आपके भाग्य का उदय होगा और आपके मन में प्रसन्नता रहेगी। आपको धन के मामले में लाभ होगा और योजनाएं सफल होंगी।

### सिंह
आज दिन मिलाजुला रहेगा। धर्म-कर्म के प्रति आस्था बढ़ेगी। संपत्ति के सुधार व रख रखाव में खर्च बढ़ेगा। आज दिन में कुछ निकट के मित्रों व रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है। संपत्ति से आय के नए स्रोत विकसित होंगे। राजनीति में बढ़ते जनसंपर्क का लाभ उठाएं। संपत्ति और निवेश करना पड़े तो निश्चिंत होकर करें, आगे बहुत फायदा होगा।

### कन्या
आज लाभ होगा। आपको कार्यक्षेत्र में अतिरिक्त जिम्मेदारी मिलेगी और धार्मिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। संपत्ति का विस्तार और संपत्ति से आय में वृद्धि होगी। क्रोध से दूर रहें और किसी से फालतू की बात न करें। विवाद से बचें और अपने काम पर फोकस करें।

### मकर
आज लाभ होगा। कार्यक्षेत्र में परिश्रम की अधिकता रहेगी और आय में वृद्धि होगी। इससे आपका मन प्रसन्न होगा। जो लोग लेखन के काम से जुड़े हैं उनको कामयाबी मिलेगी और रुके कार्य पूर्ण होंगे। आपकी आय में वृद्धि होगी। किसी भी मामले में क्रोध से बचें, वरना आपको नुकसान हो सकता है। सांयकाल के समय संपत्ति से भी कुछ आय हो सकती है।

### कुंभ
आज हर मामले में सावधानी रखने की सलाह है। आपको ऑफिस में आपकी इच्छा के विरुद्ध कोई कार्य मिल सकता है, जिससे आप असहज हो जाएंगे। आपके घर में सुख शांति रहेगी। अकस्मात् अनियोजित खर्च बढ़ सकते हैं। यदि आप नौकरी में हैं तो अधिकारियों का सहयोग मिलेगा। शाम के समय आपका मन अच्छे काम में लगेगा और आपके सम्मान में वृद्धि होगी।

### मीन
आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपके सुख में वृद्धि होने से मन काफी प्रसन्न होगा। आपके परिवार में आनंद का माहौल रहेगा और आप सभी लोगों के साथ मिलकर रहेंगे। किसी बुजुर्ग से धन प्राप्ति हो सकती है। नौकरी में स्थान परिवर्तन के साथ ही आपकी उन्नति भी होगी और कारोबार से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। पारिवारिक जीवन में सरसता बनी रहेगी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

## संक्षिप्त समाचार

### मान सरकार के खिलाफ राज्य कर्मचारियों में रोष, पेंशनर्स संयुक्त मोर्चा ने किया विरोध प्रदर्शन



**कपूरथला, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी शासित पंजाब में पेंशन से जुड़ी मांग को लेकर पंजाब कर्मचारी एवं पेंशनर्स संयुक्त मोर्चा की तरफ से प्रदेश सरकार के खिलाफ शनिवार को प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत मान प्रदेश के कर्मचारियों के साथ मुलाकात नहीं कर रहे हैं। सरकार द्वारा मानी गई मांगों को अब तक लागू नहीं किया गया। मौके पर मौजूद नेताओं ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत मान बार-बार मीटिंग करते हैं और फिर लिए गए फैसलों से पीछे हट जाते हैं। पंजाब के कर्मचारियों और पेंशनरों से मलिने से सीएम के इनकार के बाद कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के संयुक्त मोर्चे के नेताओं में रोष है। शनिवार को मुख्यमंत्री पुतला फूंका गया। प्रदर्शन कर रहे नेताओं ने बताया कि मुख्यमंत्री ने विभाग में प्रमोशन करने, कच्चे कर्मचारियों को वेतन अवकाश का बकाया देने, वेतन आयोग की रिपोर्ट सही ढंग से लागू करने का वादा किया था, लेकिन सरकार सभी वादों से मुकर गई। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि कच्चे-पक्के कर्मचारियों की बहाली और पक्का करने की मांगें जल्द मान ली जाएं, नहीं तो पंजाब में बड़े स्तर पर संघर्ष होगा। इसके अलावा बठिंडा में शनिवार को रिटायर्ड पुलिस कर्मियों की ओर से अपनी मांगो को लेकर प्रदर्शन किया गया। मांगें समय से पूरा नहीं करने पर सरकार के खिलाफ संघर्ष तेज करने की चेतावनी भी दी। प्रदर्शनकारियों ने कहा जब से भगवंत मान पंजाब के मुख्यमंत्री बने हैं, उस दिन से पेंशनरों की कोई सुनवाई नहीं हो रही। सरकार डीए की किश्त और पिछला बकाया नहीं दे रही। जब तक मांगें पूरी नहीं होंगी, तब तक संघर्ष करते रहेंगे।

### महाराष्ट्र में फिर दरिंदगी, पैरोल पर आए हत्या के आरोपी ने 15 वर्षीय लड़की से किया रेप

**मुंबई, एजेंसी।** पैरोल पर बाहर आए एक हत्या के आरोपी ने महाराष्ट्र के सांगली शहर में 15 वर्षीय एक लड़की के साथ कथित तौर पर बलात्कार किया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी संजय प्रकाश माने (34) को सुबह गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने बताया कि माने 2011 में हुई हत्या के एक मामले में आरोपी है और दो महीने पहले ही पैरोल पर बाहर आया था। अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार रात करीब साढ़े नौ बजे लड़की दुकान पर जाने के लिए निकली थी, तभी आरोपी ने उसे रास्ते में रोक लिया और जबरन अपने घर ले जाकर उसके साथ बलात्कार किया। उन्होंने बताया कि लड़की ने शनिवार को अपनी मां को इस घटना की जानकारी दी, जिसके बाद शिकायत दर्ज कराई गई और दो घंटे के भीतर आरोपी को पकड़ लिया गया। अधिकारी ने बताया कि माने ने पिछले महीने भी लड़की के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ की थी। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पोक्सो) अधिनियम के संबंधित प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। महाराष्ट्र के पालघर जिले में एक निजी स्कूल की कैंटीन में काम करने वाले एक नाबालिग ने सात वर्षीय छात्रा का कथित तौर पर यौन उत्पीड़न किया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। नायगांव थाने के वरिष्ठ निरीक्षक रमेश भामे ने बताया कि शिकायत के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के रहने वाले 16 वर्षीय आरोपी को हिरासत में ले लिया और उसे 'रिमांड होम' भेज दिया। उन्होंने बताया कि कथित घटना नायगांव स्थित एक निजी स्कूल में घटी। जब दूसरी कक्षा में पढ़ने वाली बच्ची ने बृहस्पतिवार को स्कूल कैंटीन जाने से इनकार कर दिया और अपनी कक्षा अध्यापिका को बताया कि वहां काम करने वाला एक अंकल उसे परेशान करता है। उन्होंने बताया कि स्कूल के प्रधानाध्यापक को इसकी सूचना दी गई तथा बच्ची से आगे की पूछताछ में पता चला कि आरोपी ने पिछले 15 दिनों में तीन-चार बार उसका यौन उत्पीड़न किया।

# मार्च 2026 तक देश को नक्सली हिंसा से मुक्त करा देंगे: अमित शाह

**रायपुर, एजेंसी।**
केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि नक्सलियों से लड़ाई आखिरी चरण में है और यदि वे अपना रास्ता नहीं बदलते हैं तो अंतिम प्रहार होगा और हम देश को मार्च 2026 तक नक्सल समस्या से मुक्त कर लेंगे। यह बात उन्होंने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में नक्सल प्रभावित राज्यों की अंतरराज्यीय समीक्षा बैठक के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नक्सलवाद के खिलाफ रूथलेस (निर्मम) रणनीति के साथ अंतिम प्रहार करने का वक्त आ गया है। हमारा मानना है कि वामपंथी उग्रवाद देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। पिछले चालीस सालों में करीब 17 हजार लोगों की जान गई है। जब से केंद्र में मोदी सरकार बनी इस समस्या को चैलेंज के रूप में स्वीकार किया। शाह ने कहा, जिनके हाथ में हथियार है उनके हाथ से हथियार छुड़ाना और जो नहीं छोड़ रहे हैं उन्हें इंगेज करने की दिशा में काम किया गया। इसके साथ ही वामपंथ उग्रवाद से प्रभावित क्षेत्र का विकास करना भी हमारी प्राथमिकता रही है। कई उपलब्धियां रही हैं। साल 2022 में चार दशकों में मृत्यु का प्रतिशत सबसे कम रहा। टॉप 14 नक्सली लीडर्स को मार गिराया गया। हमने दो उद्देश्यों को लेकर काम किया। पहला नक्सल क्षेत्रों में कानून का शासन स्थापित करना और दूसरा इन इलाकों को विकसित करना। केंद्रीय गृहमंत्री ने आगे कहा, बिहार, झारखंड, ओडिशा, मध्य प्रदेश और कुछ हद तक महाराष्ट्र नक्सल समस्या से मुक्त हुआ है। वर्ष 2004 से 2014 तक 16 हजार घटनाएं हुई थीं और 2014 के बाद से अब तक करीब सात हजार घटनाएं हुई हैं। करीब 53 प्रतिशत की कमी आई है। शाह ने आगे कहा, 'वामपंथी उग्रवाद की वजह से लोग निरक्षर रह गए हैं उन्हें साक्षर बनाने राज्य सरकार और केंद्र सरकार पहल करेगी। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए ) की तर्ज पर एसआईए बनाएंगे। राज्य सरकार जल्द नई सरेंडर पॉलिसी की घोषणा करेगी। नक्सलियों ने शांति वार्ता पर उन्होंने ने अपील करते हुए कहा कि नक्सली सरेंडर करें, हथियार छोड़े हम उनकी चिंता करेंगे। समीक्षा बैठक में छत्तीसगढ़ और उसके पड़ोसी राज्यों के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक स्तर के अधिकारियों के अलावा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय और केन्द्र तथा राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल थे। शाह ने कहा कि शनिवार को हुई बैठक में वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित जिलों में कल्याण और विकास की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में प्रगति और अवसंरचना विकास के कार्यों की समीक्षा भी की गई।



## तोता सहित पक्षियों को कैद करने, खरीदने और बेचने पर सजा

**रायपुर, एजेंसी।** बीजेपी शासित एक राज्य में तोतों और अन्य पक्षियों की खरीद-बिक्री पर रोक लगा दी गई है। इसके बावजूद पक्षियों की हो रही खरीद-बिक्री पर वन विभाग ने कड़ा संज्ञान लिया है। राज्य के प्रधान वन संरक्षक एवं वन प्रमुख ने कानूनन संरक्षण पाए जाने वाले तोतों और अन्य पक्षियों की राज्य के समस्त क्षेत्रों में धड़ल्ले से हो रही बिक्री पर रोक लगा दी थी। विभाग ने माना है कि उस आदेश पर कार्रवाई न करने के कारण पक्षी प्रेमियों में व्यापक रोष है। उनके अनुमंडल क्षेत्र के अंतर्गत किसी भी स्थान में यदि तोतों एवं अन्य पक्षियों की, जो वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम में है, उनकी खरीदी एवं बिक्री पर तत्काल रोक लगाएं। इस संबंध में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाए और आम जनता तक यह सूचना प्रसारित की जाए कि तोता एवं अन्य पक्षी को घरों में पालना एवं खरीदी बिक्री वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत अपराध की श्रेणी में आता है। इसमें सजा का प्रावधान है। वन विभाग ने इस बात पर खेद जताया कि वन संरक्षक एवं वन मंडलाधिकारियों ने अभी तक इस संबंध में प्रेस विज्ञप्ति भी जारी नहीं किया है। विभाग ने अपने आदेश में आगे कहा है कि इस संबंध में आपको एक बार फिर निर्देश दिया जाता है कि प्रदेश में कानूनन संरक्षण पाए तोतों और अन्य पक्षियों एवं प्रतिबंधित वन्यजीव की बिक्री के खिलाफ तत्काल नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करें। किसी अधिकारी का नाम एवं पदनाम, मोबाइल नम्बर जारी करें जिसे इस संबंध में सूचना दी जा सके। साथ ही टोल फ्री नम्बर 18002337000 (मुख्यालय स्तर) पर भी शिकायतों दर्ज कर कार्रवाई की जाए। इस संबंध में समय-समय पर वनमंडल का उड़नदस्ता द्वारा ऐसी गतिविधियों पर रोक के लिए निगरानी कर कार्रवाई सुनिश्चित किया जाना चाहिए। इस आदेश के बाद ऐसा माना जा रहा है कि राज्य में अब पक्षी पिंजरों में कैद नहीं होंगे।

## गला घोंटकर 3 हिस्सों में काटा शव; गाजियाबाद में लव ट्राएंगल में हुई इंटीरियर डिजाइनर की हत्या

**गाजियाबाद , एजेंसी।** गाजियाबाद के नंदग्राम थाना क्षेत्र में पिछले हफ्ते से लापता एक इंटीरियर डिजाइनर की हत्या के आरोप में पुलिस ने एक महिला समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया। इस बारे में जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने गला घोंटकर जान लेने के बाद मृतक के शरीर को तीन टुकड़ों में बांटकर नहर में फेंक दिया था। पुलिस ने मृतक के शरीर का एक हिस्सा बरामद कर लिया है, जबकि अन्य दो टुकड़ों की तलाश जारी है। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि लड़की के चक्कर में उन्होंने युवक की जान ले ली। पुलिस के मुताबिक 35 वर्षीय इंटीरियर डिजाइनर तरुण पंवार 16 अगस्त को राजनगर एक्सटेंशन इलाके से लापता हो गए थे और इस संबंध में उनके बहनोई अमन स्वामी ने अगले दिन स्न्ढ्ढक्र दर्ज कराई थी। स्वामी ने कहा कि पंवार किसी काम से पास के मोरटा गांव के बाजार गए थे, लेकिन वह वापस नहीं लौटे और उनका मोबाइल फोन भी काम नहीं कर रहा था। पुलिस ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने तीन आरोपियों पवन, वंश और अंजलि को गिरफ्तार किया। पुलिस उपायुक्त नगर राजेश कुमार सिंह ने संवाददाताओं को बताया कि आरोपियों से मिली जानकारी के बाद पुलिस ने बुलंदशहर जिले से बहने वाली गंग नहर के रामगढ़ जलप्रपात से तरुण के कुछ अंग बरामद किए हैं तथा शरीर के बाकी हिस्सों की तलाश की जा रही है। सिंह के अनुसार हत्या में प्रयुक्त एक कुदाल और एक दरांती, खून से सने दो गद्दे और आरोपियों द्वारा इस्तेमाल की गई एक कार तथा मृतक पंवार की एक अन्य कार भी बरामद की गई है। पुलिस उपायुक्त का कहना है कि पूछताछ के दौरान पवन और वंश ने बताया कि पंवार इंटीरियर डिजाइनर था और अंजलि के साथ उसके करीबी संबंध थे, जो कि तलाकशुदा है। पुलिस के मुताबिक पवन और वंश ने कबूल किया कि उन्हें भी अंजलि पसंद थी, इसलिए उन्होंने पंवार को खत्म करने की योजना बनाई और उसे मोरटा गांव स्थित अपने कमरे पर बुलाया और गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने पंवार की कार नेहरू नगर स्थित एक निजी अस्पताल की पार्किंग में खड़ी की और उसके शव को अपने वाहन में रखकर नहर पर पहुंचे, जहां हत्यारों ने उसके शव को तीन टुकड़ों में काटकर नहर में फेंक दिया। पुलिस ने बताया कि इस हत्या और इस अपराध में सहयोग करने में कुल नौ लोग शामिल थे। उन्होंने बताया कि छह अन्य की तलाश जारी है।

# बसपा का अब किसी चुनाव में सपा या कांग्रेस से कोई गठबंधन नहीं होगा: मायावती

**लखनऊ, एजेंसी।**
बसपा सुप्रीमो मायावती ने दो टूक कहा है कि बसपा का अब किसी चुनाव में सपा या कांग्रेस से कोई गठबंधन नहीं होगा। मायावती के बारे में मथुरा के एक बीजेपी विधायक की कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों पर अखिलेश यादव द्वारा निंदा किए जाने और इसके बाद बसपा सुप्रीमो द्वारा सपा मुखिया का आभार जताने के बाद गठबंधन सियासत को लेकर अटकलें तेज हो गई थीं। रविवार को मायावती ने ऐसी सारी अटकलों पर अपनी ओर से फुल स्टॉप लगा दिया।

सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक के बाद एक दी प्रतिक्रियाओं में मायावती ने शनिवार को प्रयागराज में आयोजित कांग्रेस के संविधान सम्मान समारोह पर भी सवाल उठाया। इस कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आए थे। मायावती ने लिखा कि संविधान सम्मान समारोह करने वाली कांग्रेस पार्टी को बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के अनुयायी कभी माफ नहीं करेंगे, जिसने संविधान के मुख्य निर्माता बाबा साहेब को उनके जीते-जी और देहान्त के बाद भी भारतरत्न की उपाधि से सम्मानित नहीं किया। उन्होंने लिखा, इसके साथ ही, बाबा साहेब के मूवमेन्ट को गति देने वाले मान्यवर श्री कांशीराम जी का देहान्त होने पर इसी कांग्रेस ने केन्द्र में अपनी सरकार के रहते इनके सम्मान में एक दिन का भी राष्ट्रीय शोक तथा सपा सरकार ने भी राजकीय शोक घोषित नहीं किया। इनकी ऐसी दोगली सोच, चाल, चरित्र से जरूर सजग रहें।

मायावती ने आगे लिखा, इसके इलावा, केन्द्र में बीजेपी की सत्ता आने से पहले कांग्रेस ने अपनी सरकार में राष्ट्रीय जातीय जनगणना क्यों नहीं कराई थी जो अब इसकी बात कर रहे हैं, जवाब दें जबकि बीएसपी इसके हमेशा ही पक्षधर रही है, क्योंकि इसका होना कमजोर वर्गों के हित में बहुत जरूरी है। उन्होंने लिखा, इतना ही नहीं, संविधान के तहत् एससी/एसटी को मिले आरक्षण में अब वर्गीकरण व क्रीमीलेयर के जरिये, इसे निष्प्रभावी बनाने व खत्म करने की चल रही साजिश के विरोध में कांग्रेस, सपा व बीजेपी आदि का भी चुप्पी साधे रखना क्या यही इनका दलित प्रेम है, सचेत रहें।

**गठबंधन क्या उचित होगी:** अपनी प्रतिक्रिया में बसपा सुप्रीमो ने स्पष्ट कर दिया कि अब सपा या कांग्रेस से उनकी पार्टी का गठबंधन नहीं होगा। उन्होंने लिखा, सपा व कांग्रेस आदि जैसी इन आरक्षण विरोधी पार्टियों के साथ अब किसी भी चुनाव में इनसे कोई गठबन्धन आदि करना क्या एससी, एसटी व ओबीसी वर्गों के हित में उचित होगा। यह कतई नहीं होगा ऐसे में अब इनको खुद अपने दम पर खड़े होना है, यही सलाह।



## कुतिया के साथ अननेचुरल सेक्स, वीडियो लीक होने पर दबोचा गया हवसी दरिंदा

**गाजियाबाद, एजेंसी।** सोशल मीडिया पर गाजियाबाद का एक साढ़े पांच मिनट का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में एक युवक कमरे में एक कुतिया के साथ अननेचुरल सेक्स करता नजर आ रहा है। यह मोदीनगर के बलवंतपुरा कॉलोनी की घटना है। कॉलोनी के लोगों ने बताया कि आरोपी युवक लंबे समय से यह हैवानियत कर रहा है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक, बलवंतपुरा कॉलोनी का एक युवक काफी समय से फीमेल डॉग को हवस का शिकार बना रहा था। उसकी इस हरकत से कॉलोनी के लोग परेशान थे। काफी समझाने के बाद भी वह इस घिनौनी करतूत से बाज नहीं आ रहा था। इसके बाद कॉलोनी के लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। आरोपी का वीडियो कॉलोनी के लोगों ने लीक कर दिया। साढ़े पांच मिनट के वीडियो में उसकी दरिंदगी कैद हो गई है। वीडियो में युवक की हैवानियत से फीमेल डॉग चीखती हुई नजर आ रही है। किसी ने छिपकर यह वीडियो शूट कर लिया। बलवंतपुरा कॉलोनी निवासी एक युवक ने इस संबंध में मोदीनगर थाने में तहरीर दी है। एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी युवक सुरेंद्र को पकड़ लिया गया है। कॉलोनी के लोगों ने बताया कि बहुत समझाने के बाद भी युवक ऐसी हरकतें बार-बार कर रहा था। लीक हुए वीडियो पर सोशल मीडिया पर लोगों ने भारी नाराजगी जताई है। एक यूजर ने लिखा कि इस युवक की हरकत बहुत घटिया है।

## महबूबा मुफ्ती ने कांग्रेस-नेकां से गठबंधन के लिए रखी शर्त

**जम्मू, एजेंसी।** पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि वह जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस-नेशनल कांफ्रेंस गठबंधन को पूर्ण समर्थन देने के लिए तैयार हैं। हालांकि इसके लिए उन्होंने शर्त रखी है कि गठबंधन को उनकी पार्टी के एजेंडे को स्वीकार करना होगा। महबूबा ने यह भी कहा कि ऐसा होने पर वह विधानसभा चुनाव में सभी सीट गठबंधन के लिए छोड़ देंगी। महबूबा ने भाजपा के साथ गठबंधन की संभावना से भी इनकार किया, जिसके साथ पीडीपी ने पहले गठबंधन सरकार चलायी थी। नेकां प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के साथ गठबंधन की घोषणा की है। नब्बे-सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान तीन चरणों (18 सितंबर, 25 सितंबर और एक अक्टूबर) में होंगे और मतों की गिनती चार अक्टूबर को होगी।

महबूबा ने कहा कि गठबंधन और सीट बंटवारे की बात भूल जाइए। अगर कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) हमारा एजेंडा (कश्मीर मुद्दे का समाधान और मार्गों को खोलने के संबंध में कदम उठाना) स्वीकार करने के लिए तैयार हैं, तो हम उनसे कहेंगे कि वे सभी सीट पर चुनाव लड़ें और हम आपका पूर्ण समर्थन करेंगे। जब महबूबा से पूछा गया कि क्या कांग्रेस ने पीडीपी के साथ गठबंधन के लिए संपर्क किया है, तो उन्होंने कहा कि मेरे लिए कश्मीर समस्या का समाधान किसी भी अन्य चीज से ज्यादा महत्वपूर्ण है। महबूबा विधानसभा चुनाव के लिए पीडीपी का घोषणा-पत्र जारी होने के बाद पत्रकारों से बात कर रही थीं।

पीडीपी अध्यक्ष महबूबा ने कहा कि चाहे आप मुझे तीन या चार सीट दें, इससे मुझे कोई मतलब नहीं है। जब हमने कांग्रेस या भाजपा के साथ गठबंधन किया था, तो यह हमारे एजेंडे में था। नेकां और कांग्रेस ने किसी एजेंडे पर नहीं, बल्कि सीट बंटवारे के लिए गठबंधन किया है। हम ऐसे गठबंधन पर चर्चा नहीं करेंगे, जिसमें केवल सीट बंटवारे की बात हो। उन्होंने कहा कि हमारा गठबंधन एक एजेंडे पर आधारित होना चाहिए और हमारा एजेंडा जम्मू-कश्मीर मुद्दे का समाधान ढूंढना है। नेशनल कॉन्फ्रेंस की तरह पीडीपी ने भी सत्ता में आने पर जम्मू-कश्मीर के लोगों को 200 यूनिट मुफ्त बिजली, आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को 12 मुफ्त गैस सिलेंडर, सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में चीनी और केरोसिन वापस लाने की घोषणा की है। पार्टी के घोषणापत्र में कहा गया है कि वह संपत्ति खरीदने वाली महिलाओं के लिए शून्य स्टांप शुल्क की अपनी नीति को फिर से लागू करने के साथ ही संपत्ति कर को समाप्त करेगी। पीडीपी ने घोषणापत्र में सभी परिवारों के लिए आवास और रियायती दरों पर लकड़ी उपलब्ध कराने तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत मिलने वाली राशि को 1000 रुपये से बढ़ाकर 2000 रुपये करने का वादा भी किया है। पार्टी ने जम्मू-कश्मीर बैंक के ऋण ग्राहकों के लिए एकमुश्त निपटान योजना की समीक्षा करने की भी बात कही है।



# राजस्थान बीजेपी प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल का क्यों हो रहा है विरोध

**जयपुर, एजेंसी।**
भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल अपने पहले दौरे में ही पार्टी के अंदर गुटबाजी का शिकार हो गए। भाजपा की सदस्यता अभियान कार्यशाला के दौरान पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के बीच में उठकर चले जाने पर अग्रवाल ने नाराजगी जताई, जिससे राठौड़ समर्थकों ने सोशल मीडिया पर आक्रोश व्यक्त किया। जबकि कांग्रेस कार्यकर्ता इसलिए नाराज है कि देश के पहले पीएम पं. जवाहर लाल नेहरू और पूर्व पीएम राजीव गांधी के बारे में विवादित टिप्पणी की है। राजस्थान में जगह-जगह राधा मोहन अग्रवार का पुलता फूंका गया है। हालांकि, राजेंद्र राठौड़ ने समर्थकों मनाने की कोशिश की है। एक्स पर लिखा- सोशल मीडिया पर कुछ लोग मेरे और भाजपा संगठन के प्रति भ्रम फैलाकर अनर्गल ट्रेंड चला रहे हैं जिसका मैं विरोध करता हूं। मैंने अपना पूरा राजनीतिक जीवन भाजपा संगठन के लिए समर्पित किया है और भविष्य में भी एक कार्यकर्ता के रुप में संगठन को मजबूती देने के लिए अनवरत कार्यरत रहूंगा। मेरी सभी समर्थकों और कार्यकर्ताओं से अपील है कि सोशल मीडिया पर अनर्गल टिप्पणियां ना करें। भाजपा है तो हम हैं। बता दें अग्रवाल से पहले अरुण सिंह प्रदेश प्रभारी थे। लेकिन उन्होंने कभी कांग्रेस और बीजेपी की अंदरुनी राजनीती को लेकर कभी तल्ख टिप्पणी नहीं की थी।

राजेंद्र राठौड़ ने समर्थकों के इस विरोध के लिए पार्टी से माफी मांगी और स्थिति को संभालने की कोशिश की। इस घटना ने भाजपा में चल रही गुटबाजी को एक बार फिर उजागर कर दिया है, जहां प्रदेश प्रभारी द्वारा अनुशासनहीनता का आरोप लगाना और राठौड़ समर्थकों द्वारा विरोध करना पार्टी के अंदरूनी विवादों की ओर इशारा करता है। राजस्थान बीजेपी के नए प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल कांग्रेस पर जमकर बरसे।

उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि कांग्रेस का इतिहास शूरू से ही दंगों का इतिहास रहा है। उन्होंने भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और राजीव गांधी पर भी बड़ा विवादित बयान देते हुए हमला किया। उन्होंने कहा कि नेहरू लाशों पर बैठकर पीएम बने। यही नहीं उन्होंने राजीव गांधी को लेकर भी कहा दिया कि उन्होंने तो सिखों के दंगे कराए हैं। इधर, बीजेपी प्रभारी के बयान के बाद कांग्रेस में बवाल हो गया है। भाषा हमेशा से अमर्यादित रही है और उसी क्रम में राजस्थान के नए प्रभारी राधामोहन अग्रवाल जिस प्रकार की भाषा शैली अपनी पार्टी के नेताओं के लिए उपयोग कर रहे हैं उसी क्रम में विपक्ष के दिग्गज नेता पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवम् पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट जी के लिए उपयोग किए गये शब्दों की जितनी निंदा की जाए उतना कम है ! ऐसे बयानों से साफ़ प्रतीत होता है कि भाजपा पूर्णतः विषैली मानसिकता युक्त लोगों से भरी हुई है।



## मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को दी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं

विशेष संवाददाता | देहरादून

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा है कि भगवान श्री कृष्ण का जीवन संपूर्ण मानव जाति को अधर्म, अन्याय एवं अत्याचार के विरुद्ध संघर्ष की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण के जीवन चरित्र और संदेशों से हमें सत्य, प्रेम, त्याग, शांति, सेवा भाव और सद्भावना की भी प्रेरणा मिलती है। वे मानवता के सच्चे संरक्षक और मार्गदर्शक है। उनके श्रीमुख से निकले वाक्य आज गीता के रूप में हमें प्रेरित करते हैं। उन्होने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने मनुष्य को निष्काम कर्म के लिए सदैव समर्पित रहने, दीन-दुखियों एवं समाज के उपेक्षित वर्ग के कल्याण का भी संदेश दिया। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में भक्ति, ज्ञान, योग व कर्म का जो संदेश दिया है, वह आज भी प्रासंगिक है। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों से भगवान श्री कृष्ण के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज में प्रेम, भाईचारे व समरसता की भावना को बढ़ावा देकर प्रदेश के विकास में भागीदार बनने का भी आहवान किया है।



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर
sonvarshavani.com.epaper



## संक्षिप्त समाचार

**बैडमिंटनः**

### भारत की तन्वी ने किया गौरवान्वित



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की जूनियर बैडमिंटन खिलाड़ी तन्वी पात्री ने रविवार को चीन में आयोजित बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15 जूनियर चैंपियनशिप में अंडर-15 महिला एकल का खिताब जीत लिया। फाइनल में तन्वी ने वियतनाम की दूसरी वरीयता प्राप्त गुयेन थी थू ह्यूगेन को हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया।

### जो रूट सबसे ज्यादा अर्धशतक लगाने वाले इंग्लिश क्रिकेटर बने



**मैनचेस्टर, एजेंसी।** इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट श्रीलंका के खिलाफ पहले मैच जीतने के बाद टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा अर्धशतक लगाने वाले इंग्लिश खिलाड़ी बन गए हैं। जब इंग्लैंड का स्कोर 56/2 था तो रूट ने 205 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए अपनी क्लास, संयम और क्लच गेम का प्रदर्शन करते हुए 128 गेंदों में दो चौकों की मदद से नाबाद 62 रन बनाए। इससे पहले उन्होंने पहली पारी में 42 रन बनाए थे। अब रूट के इंग्लैंड के लिए 64 अर्धशतक हो गए हैं जो उनकी टीम के किसी बल्लेबाज द्वारा सबसे ज्यादा और कुल मिलाकर तीसरे सबसे ज्यादा हैं। वे सबसे ज्यादा टेस्ट अर्धशतकों की सूची में वेस्टइंडीज के शिवनारायण चंद्रपॉल (66 अर्धशतक) और भारतीय आइकन सचिन तेंदुलकर (68 अर्धशतक) से पीछे हैं।

यह रूट का चौथी पारी में 10वां पचास से अधिक का स्कोर भी था, जो खेल के इस चरण पर उनकी अपार महारत और नियंत्रण को दर्शाता है। उनसे आगे माइकल एथरटन, एलिस्टेयर कुक जैसे महान खिलाड़ी हैं जिन्होंने चौथी पारी में 11-11 अर्धशतक बनाए हैं।

**रेसलिंगः**

### भारत की अंडर-17 महिला कुश्ती टीम जॉर्डन के अम्मान में फंसी

**अम्मान, एजेंसी।** अम्मान में भारतीय दल के एक सूत्र ने कहा, 'युवा महिला पहलवानों की उड़ान छूट गई। इस बात को लेकर काफी भ्रम है कि आखिर हुआ क्या था। युवा पहलवानों के लिए अलग उड़ान बुक नहीं की जानी चाहिए थी।

भारत की अंडर-17 महिला कुश्ती टीम विश्व चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन के बाद स्वदेश वापसी की उड़ान छूटने के कारण शनिवार को जॉर्डन के अम्मान में क्वीन आलिया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर फंस गई। नौ महिला पहलवानों और तीन कोच को शनिवार शाम को भारत वापस लौटना था, लेकिन उनकी अलग-अलग उड़ानों में बुकिंग हो गई थी।

# शिखर धवन के बाद अब ये 11 खिलाड़ी भी ले सकते हैं संन्यास, नेशनल टीम में वापसी संभव नहीं



**नईदिल्ली, एजेंसी।** स्टार भारतीय बल्लेबाज शिखर धवन ने 24 अगस्त (शनिवार) को इंटरनेशनल और घरेलू क्रिकेट से रिटायरमेंट का ऐलान कर दिया था. धवन ने एक वीडियो पोस्ट के जरिए इस बात की जानकारी दी. धवन ने क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया, लेकिन व्हाइट बॉल में उनका रिकॉर्ड काफी शानदार रहा. 38 वर्षीय धवन साल 2013 में चैम्पियंस ट्रॉफी जीतने वाली भारतीय टीम का भी हिस्सा रह चुके हैं.

धवन के रिटायरमेंट के बाद अब कुछ और भारतीय क्रिकेटर आने वाले समय में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले सकते हैं. इन खिलाड़ियों को काफी समय से मौके नहीं मिले हैं और फ्यूचर में भी ऐसा होने की संभावना नहीं है. वैसे भी युवाओं को तवज्जो मिलने के चलते ऐसे खिलाड़ियों के लिए नेशनल टीम में वापसी बेहद मुश्किल है. इस लिस्ट में एक वर्ल्ड चैम्पियन खिलाड़ी भी शामिल है, जिसने 2011 के क्रिकेट वर्ल्ड कप में भाग लिया था.

**पीयूष चावलाः**

35 साल के पीयूष चावला क्रिकेट वर्ल्ड कप 2011 में भारतीय टीम का पार्ट रहे थे. पीयूष आखिरी बार दिसंबर 2012 में भारत के लिए खेलते दिखे थे.

दाएं हाथ के स्पिनर पीयूष ने भारत की ओर से तीन टेस्ट, 25 वनडे और 7 टी20 मैच खेले हैं. उनके नाम सात टेस्ट, 32 वनडे और 4 टी20 इंटरनेशनल विकेट दर्ज हैं. पीयूष ने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 में मुंबई इंडियंस का प्रतिनिधित्व किया था.

**ऋद्धिमान साहाः**

महेंद्र सिंह धोनी के टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट के बाद ऋद्धिमान साहा को बतौर विकेटकीपर काफी मौके मिले थे. हालांकि बाद में साहा का करियर ढलान की ओर चला गया. ऋद्धिमान साहा ने आखिरी बार साल 2021 में न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबला खेला था.

40 टेस्ट और 9 वनडे इंटरनेशनल खेल चुके ऋद्धिमान साहा 39 साल के हो चुके हैं. केएस भरत, ईशान किशन, ध्रुव जुरेल और ऋषभ पंत के रहते साहा के लिए टीम में वापसी के दरवाजे पूरी तरह बंद हो गए हैं.

**ईशांत शर्माः**

एक समय तेज गेंदबाज ईशांत शर्मा टेस्ट क्रिकेट में भारतीय टीम के अहम सदस्य हुआ करते थे, लेकिन अब उनका करियर एक तरह से समाप्त हो चुका है. ईशांत शर्मा ने भारत के लिए 105 टेस्ट, 80 वनडे और 14 टी20 मुकाबले खेले हैं. ईशांत ने टेस्ट में 311, वनडे इंटरनेशनल में 115 और टी20 इंटरनेशनल में 8 विकेट चटकाए. नवंबर 2021 में न्यूजीलैंड के खिलाफ उन्होंने आखिरी टेस्ट मैच खेला था.

35 साल के ईशांत शर्मा की शायद ही वापसी हो क्योंकि भारतीय टीम अब युवा तेज गेंदबाजों को मौके दे रही है.

**अमित मिश्राः**

दाएं हाथ के लेगब्रेक बॉलर अमित मिश्रा ने भी अभी तक आधिकारिक तौर पर इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास की घोषणा नहीं की है. अमित ने आखिरी बार 2017 में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व किया था, जब वो इंग्लैंड के खिलाफ टी20 मैच में उतरे. 41 वर्षीय अमित ने भारत के लिए 22 टेस्ट, 36 वनडे और 10 टी20 मैच खेले. इस दौरान उन्होंने 156 विकेट चटकाए है. आईपीएल 2024 में अमित लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए खेले थे.

**करुण नायरः**

टेस्ट क्रिकेट में भारत के लिए वीरेंद्र सहवाग के अलावा सिर्फ करुण नायर ने तिहरा शतक बनाया हुआ है. हालांकि उस ट्रिपल सेंचुरी के बाद 31 साल के करुण नायर का ग्राफ ऊपर बढ़ने के बजाय गिरता चला गया.

आखिरी बार करुण नायर ने साल 2017 में भारत के लिए कोई मुकाबला खेला. करुण अब घरेलू क्रिकेट भी काफी कम खेल रहे हैं, ऐसे में उनकी वापसी काफी मुश्किल है. करुण ने भारत के लिए छह टेस्ट और दो वनडे मैच खेले हैं.

**मनीष पांडेः**

मडिल ऑर्डर बल्लेबाज मनीष पांडे की कहानी भी करुण नायर की तरह ही है. 34 साल के मनीष पांडे को जितने मौके मिले, उसे वह ठीक से भुना नहीं पाए. पांडे ने भारत के लिए 29 टेस्ट और 39 टी20 मैच खेले.

इस दौरान उन्होंने वनडे इंटरनेशनल में 566 और टी20 इंटरनेशनल में 709 रन बनाए. पांडे ने भारत के लिए अपना आखिरी मैच जुलाई 2021 में खेला था.

**ऋषि धवनः**

हिमाचल प्रदेश के ऑलराउंडर ऋषि धवन भी इंटरनेशनल लेवल पर भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं. ऋषि भारत के लिए तीन वनडे एवं एक टी20 इंटरनेशनल मुकाबला खेल चुके हैं. इस दौरान उन्होंने ओडीआई और टी20 इंटरनेशनल दोनों में ही 1-1 विकेट लिए. 34 साल के ऋषि आखिरी बार जून 2016 में भारत के लिए खेले थे.

**मोहित शर्माः**

दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहित शर्मा ने अपने करियर में भारतीय टीम के लिए 26 वनडे और 8 टी20 इंटरनेशनल मैचों में भाग लिया है. इस दौरान एकदिवसीय प्रारूप में उन्होंने 31 विकेट लिए. वहीं टी20 इंटरनेशनल में उन्होंने 6 खिलाड़ियों को अपना शिकार बनाया. 35 साल के मोहित ने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच साल 2015 में खेला था. अब उन्हें चांस मिलना मुश्किल है. मोहित आईपीएल में गुजरात टाइटन्स के लिए खेलते हैं.

**उमेश यादवः**

दाएं हाथ के तेज गेंदबाज उमेश यादव काफी महीनों से टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं. उमेश ने भारत के लिए अपना पिछला मुकाबला पिछले साल जून में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था.

36 साल के उमेश ने अब तक भारत के लिए 57 टेस्ट, 75 वनडे और नौ टी20 इंटरनेशनल मुकाबले खेले हैं. टेस्ट मैचों में उमेश ने 30.95 की औसत से 170 विकेट चटकाए हैं. इसके अलावा उमेश ने वनडे इंटरनेशनल में 106 और टी20 इंटरनेशनल में 12 विकेट लिए.

**भुवनेश्वर कुमारः**

तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार लगभग दो सालों से इंटरनेशनल क्रिकेट से दूर हैं. भुवी भारत के लिए आखिरी बार वह नवंबर 2022 में खेलते दिखे थे. वैसे भी भारत के लिए 2013 में पदार्पण करने के बाद भुवनेश्वर लगातार चोटों से जूझते रहे हैं.

34 साल के भुवी ने महज 21 टेस्ट, 121 वनडे और 87 टी20 मैच खेले हैं. उन्होंने इस दौरान 294 विकेट लिए. भारकीय तेज गेंदबाजी यूनिट में युवा गेंदबाजों के आने से शायद ही उन्हें आगे मौका मिले.

**जयंत यादवः**

दाएं हाथ के स्पिनर जयंत यादव को भी भारत के लिए खेलने का चांस मिला. जयंत ने भारत के लिए 6 टेस्ट और दो वनडे मैच खेले. जयंत ने टेस्ट क्रिकेट में 16 विकेट लेने के अलावा 248 रन बनाए. वहीं वनडे इंटरनेशनल में उन्होंने 2 विकेट लिए. 34 साल के जयंत आखिरी बार मार्च 2022 में भारत के लिए खेले थे.



## युवराज सिंह दिल्ली कैपिटल्स के कोच बन सकते हैं

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के पूर्व स्टार ऑलराउंडर युवराज सिंह की इंडियन प्रीमियर लीग में 5 साल बाद वापसी हो सकती है। लेकिन, उनका रोल बदलेगा। वे दिल्ली कैपिटल्स के कोच बनाए जा सकते हैं। स्पोर्ट्स स्टार ने सूत्रों के हवाले से दावा किया है कि दिल्ली की फ्रेंचाइजी ने युवराज से कोच बनने के लिए संपर्क किया है। फिलहाल, बातचीत जारी है। कोच की पोस्टे वाले रिकी पोंटिंग ने भी इस बात के संकेत दिए थे। उन्होंने कहा था कि फ्रेंचाइजी मुख्य कोच की भूमिका के लिए किसी पूर्व भारतीय क्रिकेटर की तलाश कर रही है।

**GT के कोच बनने की भी अटकलें थीं**

पिछले महीने युवराज के गुजरात टाइटंस का कोच बनने की खबरें आई थी। इस मामले में ताजा जानकारी है कि नेहरा गुजरात के हेड कोच बने रह सकते हैं। गुजरात की टीम बैटिंग कोच गैरी कर्स्टन की जगह किसी भारतीय कोच तलाश रही है। कर्स्टन गुजरात की टीम को छोड़कर पाकिस्तान की नेशनल टीम के कोच बन गए हैं।

**रिकी पोंटिंग ने पिछले महीने छोड़ा था पद**

पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पोंटिंग ने पिछले महीने दिल्ली कैपिटल्स के हेड कोच का पद छोड दिया था। वे पिछले 7 सीजन से दिल्ली कैपिटल्स से जुड़े थे। दिल्ली की टीम पिछले तीन सीजन से प्लेऑफ में जगह बनाने में नाकाम रही है।

## भारत पेरिस पैरालंपिक में 25 से अधिक पदक जीतेगा - देवेन्द्र झाझरिया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टोक्यो पैरालंपिक में शानदार प्रदर्शन के बाद, भारत अपने प्रदर्शन को बेहतर करने का लक्ष्य बना रहा है क्योंकि देश आगामी पेरिस पैरालंपिक के लिए अपना अब तक का सबसे बड़ा दल भेज रहा है। इस बार मेगा इवेंट में 84 पैरा-एथलीटों के भाग लेने के साथ, भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया को भरोसा है कि भारत पिछले संस्करण की पदक तालिका को पार कर जाएगा।



तीन पैरालंपिक पदक और विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में कई प्रशंसाओं के साथ, झाझरिया इस भूमिका में अनुभव और प्रेरणा का खजाना लेकर आए हैं। आईएएनएस के साथ एक विशेष बातचीत में, झाझरिया ने भारत की बढ़ी हुई तैयारियों, एथलीटों को आगे बढ़ाने वाली सहायता प्रणाली और आगामी खेलों से अपनी उम्मीदों के बारे में जानकारी साझा की।

झाझरिया भारतीय पैरा-एथलीटों के बेहतर प्रदर्शन और तैयारियों का श्रेय सरकार के उच्चतम स्तर के अटूट समर्थन और मजबूत खेल विकास कार्यक्रमों को देते हैं।

पिछले तीन वर्षों में हमारे एथलीटों की तैयारी और उनकी कड़ी मेहनत को देखते हुए, मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि इस बार हम 25 से अधिक पदक जीतेंगे। एथलीट अपनी योजनाओं के अनुसार लगन से प्रशिक्षण ले रहे हैं, और उनके प्रयास स्पष्ट हैं।

# इंग्लैंड ने श्रीलंका को हराकर डब्ल्यूटीसी पॉइंट्स टेबल में लगाई लंबी छलांग

## पाकिस्तान समेत इन टीमों को पीछे छोड़ा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** इंग्लैंड ने शनिवार (24 अगस्त) को तीन मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट में श्रीलंका को पांच विकेट से हरा दिया। ओली पोप की अगुआई वाली टीम ने चौथी पारी में 205 रनों के लक्ष्य को 57.2 ओवर में पांच विकेट खोकर हासिल कर मैनचेस्टर टेस्ट जीत लिया। इसके साथ ही सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली।



दुनिया के नंबर 1 टेस्ट बल्लेबाज जो रूट ने दूसरी पारी में 128 गेंदों पर नाबाद 62 रन बनाकर इंग्लैंड की टीम के लिए शीर्ष स्कोरर रहे। उन्होंने पहली पारी के शतकवीर जेमी स्मिथ (39) के साथ पांचवें विकेट के लिए 64 रन जोड़े। पहले टेस्ट में धनंजय डी सिल्वा की अगुवाई वाली टीम को हराकर इंग्लैंड ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 की अंक तालिका में लंबी छलांग लगाई है। वह 7वें से नंबर 4 पर पहुंच गई है। इंग्लैंड का पीसीटी41.07 है।

**इंग्लैंड ने श्रीलंका, साउथ अफ्रीका और पाकिस्तान को पीछे छोड़ा**

इंग्लैंड ने श्रीलंका, साउथ अफ्रीका और पाकिस्तान को पीछे छोड़ा। श्रीलंका की टीम चौथे स्थान से 40.00 पीसीटी के साथ पांचवें स्थान पर पहुंच गई है। साउथ अफ्रीका नंबर 6 और पाकिस्तान 7वें नंबर पर खिसक गया है। शान मसूद की अगुआई वाली टीम वर्तमान में बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेल रही है, यदि नजमुल हुसैन शांतो की अगुआई वाली टीम रविवार (25 अगस्त) को पहले टेस्ट में जीत जाती है, तो वह अंक तालिका में बांग्लादेश से नीचे खिसक जाएगी।

**भारत पहले नंबर पर**

डब्ल्यूटीसी अंक तालिका में नंबर 1 स्थान पर रोहित शर्मा की कप्तानी वाली भारतीय टीम है। दो बार डब्ल्यूटीसी फाइनल में हारने वाली टीम का 68.52 पीसीटी है। दूसरे नंबर पर 2023 की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया है, जिसके 62.50 पीसीटी है।

## संजू सैमसन आईपीएल 2025 में सीएसके से खेलते आएंगे नजर?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2025 में कई बदलाव देखने को मिल सकते हैं. अब तक कई बड़े खिलाड़ियों के दूसरी टीमों में जाने की खबर आ चुकी है. ताजा रिपोर्ट और भी ज्यादा हैरान करने वाली है.



अब खबर आई है कि विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन आगामी सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स लिए खेलते दिख सकते हैं. रिपोर्ट के मुताबिक, चेन्नई सुपर किंग्स संजू सैमसन को अपनी टीम में लेना चाहती है. रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि चेन्नई काफी पहले से सैमसन को टीम में लाना चाहती है. हालांकि, चेन्नई ट्रेड के जरिए ही सैमसन को अपनी टीम में शामिल कर सकती है.

# 9 विकेट लेकर मचाया हड़कंप, टीम को जिताया टी-20 मैच, भारतीय क्रिकेट में आया एक और प्रभाकर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** 90 के दशक में मनोज प्रभाकर टीम इंडिया के स्ट्राइक गेंदबाज थे. और, अब एक और प्रभाकर ने भारतीय क्रिकेट में दस्तक दे दी है.

25 साल के अभिषेक प्रभाकर ने 9 विकेट लेकर महाराजा टी-20 ट्रॉफी में खलबली मचा दी है. वो अपनी टीम के लिए हीरो साबित हो रहे हैं. और, ये सब उनकी गेंदबाजी के कमाल की बदौलत मुमकिन हो रहा है. अभिषेक प्रभाकर ने महाराजा टी-20 ट्रॉफी में 9 विकेट लेने के 75 रन खर्च किए हैं.

**4 दिन के अंदर 3 मैच और 9 विकेट**

अब आप सोच रहे होंगे कि 20 ओवर का टी-20 मैच, जिसमें हरेक गेंदबाज के कोटे में सिर्फ 4 ओवर होता है. ऐसे में अभिषेक प्रभाकर के लिए 9 विकेट ले पाना मुमकिन हुआ कैसे? तो अभिषेक प्रभाकर ने 9 विकेट एक मैच में नहीं बल्कि 4 दिन के अंदर खेले 3 मैचों को मिलाकर हासिल किए हैं. और, जिसमें उनका बेस्ट प्रदर्शन 4 ओवर में 21 रन पर 5 विकेट झटकने का है.

अभिषेक प्रभाकर ने ये मैच 24 अगस्त की शाम मैसुरू वॉरियर्स के खिलाफ खेला था.

# खेल की सीमाओं से परेः पैरालंपिक टेबल टेनिस में कैसे होता है खिलाड़ियों का वर्गीकरण

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पैरालंपिक गेम्स सिर्फ एक खेल नहीं है, बल्कि दृढ़ इच्छाशक्ति, अथक प्रयास और मानवीय भावनाओं का एक अद्भुत मिश्रण हैं। 28 सितंबर से पेरिस में शुरू होने जा रहे पैरालंपिक खेलों में टेबल टेनिस भी एक प्रमुख इवेंट के तौर पर खेला जाएगा। टेबल टेनिस 1960 के रोम पैरालंपिक में अपनी शुरुआत के बाद से लगातार विकसित होता रहा है, और आज दुनिया भर के लाखों लोगों को प्रेरित करता है।

यह जानकर हैरानी होगी कि पैरालंपिक टेबल टेनिस का इतिहास ओलंपिक टेबल टेनिस से भी पुराना है। टेबल टेनिस ओलंपिक में 1988 में ही आया था। आज, टेबल टेनिस पैरालंपिक खेलों में तीसरा सबसे बड़ा खेल है। दुनिया भर के 100 से अधिक देशों में 40 मिलियन से अधिक खिलाड़ी इस खेल से जुड़े हुए हैं। ये खिलाड़ी पैरालंपिक जैसे मेगा इवेंट में अपनी शारीरिक सीमाओं को पार करते हैं। आपको यह जानकर भी हैरानी हो सकती है कि भारत, जो ओलंपिक में एक भी टेबल टेनिस पदक नहीं जीत पाया है, वह पैरालंपिक टेबल टेनिस में जीत चुका है। टोक्यो पैरालंपिक में भारत की भवीना पटेल ने इस इवेंट में सिल्वर मेडल जीता था।

शुरुआत में केवल व्हीलचेयर एथलीटों के लिए सीमित पैरा टेबल टेनिस, आज विभिन्न प्रकार के शारीरिक इम्पेयरमेंट वाले एथलीटों का मंच बन चुका है। इन एथलीटों को उनकी क्षमताओं के आधार पर 11 वर्गों में बांटा गया है।

पैरालंपिक टेबल टेनिस के नियम ओलंपिक टेबल टेनिस से मिलते-जुलते हैं, लेकिन कुछ बदलावों के साथ। यहां खिलाड़ी अपने इम्पेयरमेंट के अनुसार कुछ टूल्स का इस्तेमाल कर सकते हैं। लेकिन एक बात हमेशा समान रहती है - खेल भावना। और यही पर वर्गीकरण



सभी टेबल टेनिस खिलाड़ियों को उनके शारीरिक इम्पेयरमेंट के हिसाब से एक समान अवसर का मंच प्रदान करता है। टेबल टेनिस के 11 वर्ग हैं। पांच वर्ग सीटिंग के हैं और छह वर्ग स्टैंडिंग के। यहां भी खिलाड़ी की क्लास बताने के लिए अक्षर और नंबर इस्तेमाल होते हैं। जैसे टीटी अक्षर टेबल टेनिस को इंगित करता है।

जैसा की आमतौर पर पैरालंपिक में होता है कि कम नंबर बड़े इम्पेयरमेंट को व्यक्त करता है। यहां नंबर एक शारीरिक तौर पर सर्वाधिक चुनौती से जूझ रहे एथलीटों के लिए है और 5 सबसे कम वाले एथलीटों के लिए।

इसलिए टेबल टेनिस में टीटी1 से टीटी5 तक के वर्ग व्हीलचेयर वर्ग हैं। टीटी6 से टीटी10 तक स्टैंडिंग वर्ग हैं, जहां 6 सर्वाधिक इम्पेयरमेंट वाले एथलीटों का वर्ग है और 10 सबसे कम इम्पेयरमेंट वाले एथलीटों का। टीटी11 बौद्धिक इम्पेयरमेंट से जूझ रहे खिलाड़ियों के लिए है। जैसा कि बताया गया है कि पैरालंपिक टेबल टेनिस के नियम ओलंपिक टेबल टेनिस जैसे ही होते हैं। लेकिन खिलाड़ियों की इम्पेयरमेंट के हिसाब से स्वाभाविक तौर पर नियमों में कुछ लचीलापन है। जैसे जो खिलाड़ी पैडल को मजबूती से नहीं पकड़ सकते हैं, वे बैट को अपने हाथ से बांध सकते हैं या बैट और हाथ को जोड़ने के लिए इलास्टिक बैंड का उपयोग कर सकते हैं। नियमों के अनुसार, कुछ स्टैंडिंग खिलाड़ी विशेष रूप से वर्ग 6 से 8 में छड़ी या बैसाखी का उपयोग कर सकते हैं।

टोक्यो पैरालंपिक में भारत की भवीना पटेल ने क्लास 4 कैटेगरी में महिला सिंगल्स इवेंट में सिल्वर मेडल जीतकर देश का नाम रोशन किया था। इस बार भवीना पटेल के अलावा सोनलबेन पटेल भी पैरा टेबल टेनिस में भारत की ओर से चुनौती पेश करेंगी।

## एक नजर

### अंजनी के सहयोग के लिए नेहरू युवा केंद्र टीम हुई सक्रिय

**औरंगाबाद (का.सं.)।** नेहरू युवा केंद्र औरंगाबाद के जिला युवा अधिकारी हेमंत कुमार मथुरिया ने जिले के सभी युवा संगठनों से आग्रह किया है कि नई दिल्ली के सर गंगा राम हॉस्पिटल में जिंदगी और मौत से लड़ रह अंजनी को हर संभव मदद करें। बारुण प्रखंड के बरौली निवासी अंजनी के द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों से हम लोग भली भांति अवगत है ।नेहरू युवा केंद्र के सभी तरह के कार्यक्रम में उन्होंने खुलकर सहयोग किया। कई सामाजिक कार्यों में उन्होंने अपना बहुमूल्य योगदान दिया है। ऐसे में हम लोग का दायित्व बनता है उनके जान बचाने के लिए हम लोग आगे आए। जिले के सभी प्रखंडों के युवा मंडलों ने आश्वस्त किया कि अंजनी को जान बचाने के लिए हम लोग खुलकर आर्थिक सहयोग कर रहे हैं और आगे भी करेंगे साथ साथ अन्य लोगों से भी हमलोग आग्रह कर रहे हैं कि ऐसे होनहार युवा को जान बचाने में जिंदगी बचाने आपलोग सहयोग करे।

### जिला शिक्षा पदाधिकारी की सहमती से ही कटेगा शिक्षकों का वेतन

**पटना (का.सं.)।** शिक्षकों के वेतन कटौती के मामले में कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी पटना ने शिक्षकों के लिए राहत भरा आदेश जारी किया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी पटना संजय कुमार ने जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी और विद्यालय अवर निरीक्षक को अपने स्तर से शिक्षकों और शिक्षकेतर कर्मियों को वेतन कटौती नहीं करने का निदेश दिया है। डीईओ ने उक्त सभी पदाधिकारियों को वेतन काटने, वेतन बंद करने और वेतन स्थगित करने के पूर्व डीईओ की अनुशंसा के साथ सहमती प्राप्त करने के उपरांत ही वेतन बंद, स्थगित या कटौती करने की कार्रवाई करने का निदेश दिया है। बता दें कि डीईओ को अकारण शिक्षकों या शिक्षकेतर कर्मियों को वेतन बंद, स्थगित या कटौती से शिक्षकों को हो रही परेशानी की सूचना मिली थी। जिसके बाद यह आदेश जारी किया गया है।

### किलकारी में शुरू किया जाएगा सर्टिफिकेट कोर्स : शिक्षा मंत्री

**पटना (का.सं.)।** किलकारी बाल भवन में सर्टिफिकेट कोर्स शुरू करने पर विचार किया जा रहा है। जो बच्चे किलकारी में नामांकन लेते हैं वे कई वर्षों तक यहां रहते हैं। ऐसे बच्चों को सर्टिफिकेट दिया जाएगा, जिससे उन्हें संबंधित विधा में उच्च शिक्षा में दाखिला लेने में मदद मिलेगी। ये बातें शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने रविवार को किलकारी बाल भवन में आयोजित विदाई समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर बच्चों से कही। उन्होंने कहा कि किलकारी परिसर बहुरंगी प्रतिभा का संगम है। उन्होंने बच्चों से कहा कि आगे जिंदगी में कई कठिनाई आएगी, लेकिन आप लोग किलकारी में मिली सीख को याद कर उसी पर चलना। मौके पर विशिष्ट अतिथि निफ्ट के निदेशक कर्नल राहुल शर्मा थे। उन्होंने बच्चों को फैशन डिजाइन के क्षेत्र में कॅरियर की संभावनाओं की जानकारी दी।

रोड किनारे टहल रहे थे, बाइक सवार तीन लोग टक्कर मारकर हुए फरार

# सड़क हादसे में वृद्ध की हुई मौत



निज संवाददाता | औरंगाबाद

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** बाइक की टक्कर से सड़क किनारे टहल रहे वृद्ध की मौत हो गई। मृतक पौथू थाना क्षेत्र के इटार गांव निवासी 65 वर्षीय रामविलास यादव के रूप में की गई है। मृतक के बेटे सुरेंद्र यादव ने कहा कि शनिवार शाम करीब सात बजे मेरे पिता ईटार मोड के पास टहल रहे थे। इसी दौरान बाइक ने टक्कर मार दी। इलाज के लिए उसे औरंगाबाद अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना रफीगंज के पौथू थाना क्षेत्र के इटार मोड़ पास की है। मृतक मजदूरी और खेतीबाड़ी करते थे। मृतक का एक बेटा और 3 बेटियां हैं। रविवार की सुबह अंतिम संस्कार की तैयारी की जा रही थी। गांव के ही श्मशान घाट पर अंतिम विदाई दी जाएगी। ग्रामीणों बताया कि टक्कर मारने वाली बाइक पर तीन लोग सवार थे। पूर्व मुखिया प्रतिनिधि शंभू नाथ भारती ने बताया कि मृतक रामविलास यादव हर दिन दूध लेकर पौथू बाजार में बेचने जाते थे। कल सुबह 9:00 तक मेरे साथ रहे। कल दिनभर पौथू बाजार में ही रह गए। शाम को अपने घर जा रहे थे तभी इटार मोड़ ( बाका काली मंदिर की समीप) बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटना में मृतक के आश्रितों के लिए मुआवजा की मांग की गई है।

## खेत के विवाद में चाचा को मारी गोली

निज संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज में रविवार दोपहर चचेरे भतीजा ने चाचा को गोली मारकर घायल कर दिया। घटना केराप पंचायत के लभरी गांव जाने के क्रम में पुल के समीप वट वृक्ष के पेड़ के पास की है । जहां से घात लगा कर पूर्व से बैठे चचेरे भतीजा नीरज कुमार ने रफीगंज से आ रहे चाचा विजय यादव को गोली मारकर घायल कर दिया।

घायल को परिजनों ने रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर लालजी कुमार यादव ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घायल के भतीजा दीपक कुमार ने बताया कि कुछ दिनों से खेत का आरी काटने का विवाद चल रहा था, बीती रात्रि भी गाली-गलौज और मारपीट की थी।

दूसरे दिन रविवार की दोपहर में चाचा साइकिल से रफीगंज से खाद लेकर गांव (लभरी) आ रहे थे। इसी बीच घात लगाए बैठे नीरज के साथ अन्य अपराधियों ने गोली मारकर घायल कर दिया। मामले की सूचना मिलते ही प्रशिक्षु डीएसपी चंदन कुमार ठाकुर,थानाध्यक्ष गुफरान अली अपने दल बल के साथ हॉस्पिटल पहुंचे। घटना का जायजा लिया और आगे की कार्रवाई में जुट गए। डॉक्टर लालजी यादव ने बताया कि एक बाया हाथ के बाजू पर निशान मिला है, एक्स-रे रिपोर्ट आने के बाद गोली कहां अटकी है, यह बताया जाएगा।

# लोजपा (आर) की रफीगंज में समीक्षा बैठक संपन्न, कई लोगों ने ली पार्टी की सदस्यता

निज संवाददाता | रफीगंज (औरंगाबाद)



रफीगंज शहर के इमादपुर मुहल्ला स्थित एक निजी भवन में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के समीक्षा बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राजेश पासवान ने किया। मुख्य अतिथि के जिलाध्यक्ष चंद्रभूषण सिंह उर्फ सोनू सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. रामविलास पासवान के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। जिसमें सभी लोगों ने यह निर्णय लिया कि आने वाली 2025 के विधानसभा चुनाव में चिराग पासवान के हाथों को मजबूत करते हुए मुख्यमंत्री बनाने का कार्य किया जाएगा। जिलाध्यक्ष चंद्रभूषण सिंह उर्फ सोनू सिंह ने कहा कि इस पार्टी में सभी कार्यकर्ता चिराग पासवान है और सभी लोगों को चाहिए कि बूथ स्तर तक कमेटी को मजबूत कर पार्टी को ऊंचाइयों तक लेकर जाए और मजबूती से कार्य करें। हम आपके साथ हमेशा खड़ा रहेंगे। तभी जाकर चिराग पासवान को मुख्यमंत्री बनाने का सपना पूरा होगा। कई लोगों ने लोजपा का सदस्यता ग्रहण किया। जिन्हें जिलाध्यक्ष और प्रखंड अध्यक्ष के द्वारा प्रशस्ति पत्र और माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर यूवा जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष रंजू वर्मा, चिकित्सा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष डॉ. रामविलास पासवान, लेबर सेल जिलाध्यक्ष रंधीर पासवान, जिला महासचिव विभीषण पासवान, प्रवक्ता डॉ. उपेंद्र पासवान, संगठन मंत्री रणधीर सिंह,जिला सचिव रॉकी कुमार,महिला प्रकोष्ठ प्रखंड अध्यक्ष सरिता देवी, एससी एसटी प्रखंड अध्यक्ष सुबोध पासवान, प्रखंड उपाध्यक्ष सरोज कुमार, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विनोद कुमार दास, नागेंद्र पासवान, पंचायत अध्यक्ष धर्मेंद पासवान, रमेश पासवान, कमलेश पासवान, अरुण शर्मा, रघु नायक शर्मा, महेंद्र प्रजापति,चंद्र देव पासवान, भिखारी पासवान, प्रदीप विश्वकर्मा सही अन्य लोग मौजूद रहे।

## दस लाख की विदेशी और देसी शराब जब्त, छह गिरफ्तार

**पटना(नि.सं.)।** मद्य निषेध विभाग की टीम ने पांच स्थानों पर छापेमारी कर 10 लाख रुपये की देसी-विदेश शराब जब्त की है। छह तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। छापेमारी में 880 लीटर विदेशी और 450 लीटर देसी शराब जब्त की गई। मद्य निषेध विभाग की ओर से जिले में पिछले 24 घंटे में 1330 लीटर शराब जब्त की गई। इस दौरान तस्करी में इस्तेमाल किए जा रहे 3 चारपहिया वाहनों के साथ 3 मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है। जेपी गंगा पथ के मरीन ड्राइव पर की गई छापेमारी में कूरियर के डाक पार्सल वाहन से 42 कार्टन विदेशी शराब जब्त की गई। मद्य निषेध विभाग की ओर से यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई थी। यहां से एक व्यक्ति की गिरफ्तारी हुई है। जनार्दन घाट पर सुबह छह बजे छापेमारी की गई। यहां से 450 लीटर देसी शराब जब्त हुई, जिसमें तीन बाइक भी बरामद हुई।

# कंटेनर और ट्रक की टक्कर में एक की मौत

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** रविवार को ट्रक और कंटेनर के बीच टक्कर हो गई। इस हादसे में कंटेनर ड्राइवर की मौत हो गई। जबकि उसका सह चालक जख्मी हो गया। घटना मदनपुर थाना क्षेत्र के पहरचापी मोड़ के पास हुई। इधर, घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है।

मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के इटावा स्थित सैफई थाना क्षेत्र के नगला रामदयाल गांव निवासी टैनी कुमार (21) के रूप में हुई है। जबकि 22 वर्षीय सह चालक मउटी गांव निवासी सचिन कुमार गंभीर रूप से घायल है। जख्मी सचिन ने बताया कि बनारस की ओर से ही दोनों गाड़ियां आ रही थी। मदनपुर थाना क्षेत्र के पहरचापी मोड़ के पास पहुंचने पर टैनी कुमार को झपकी आ गई। इससे कंटेनर पर से उसने नियंत्रण खो दिया और बगल से जा रहे ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कंटेनर के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। टैनी की मौके पर ही हो मौत गई। घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना मदनपुर थाना की पुलिस को दी। सूचना पर मदनपुर थाना की पुलिस पहुंची और किसी तरह कंटेनर में फंसे चालक और खलासी को बाहर निकाला। यहां से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मदनपुर पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने टैनी को मृत घोषित कर दिया। वहीं, सचिन कुमार को हायर सेंटर रेफर किया गया है। इधर, मदनपुर थाना की पुलिस ने घायल सचिन के फोन से घटना की सूचना उसके परिजनों को दी है।

वहीं, मृतक के परिजन लगभग रात 9 बजे तक पहुंचेंगे। मिली जानकारी के अनुसार सड़क मार्ग से वे लोग निकले हैं। दोनों वाहन को पुलिस जब्त कर ली है। ट्रक पहरचापी स्थित एक होटल के पास से खाना खाकर अपनी गाड़ी पीछे कर रहा था। तभी कनटेनर की टक्कर हो गई और चालक की मौत हो गई। सह चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं ट्रक चालक और सह चालक घटना के बाद फरार हो गया है।

## पुलिस भर्ती परीक्षा का निष्पक्ष संचालन डीएम-एसपी का संयुक्त निरीक्षण



कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद

बिहार पुलिस भर्ती परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी और व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने के उद्देश्य से आज दिनांक 25 अगस्त 2024 को पुलिस अधीक्षक महोदया औरंगाबाद एवं जिलाधिकारी महोदय द्वारा परीक्षा केंद्रों का व्यापक निरीक्षण किया गया। यह परीक्षा केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती), बिहार, पटना द्वारा आयोजित की जा रही है। पुलिस अधीक्षक महोदया औरंगाबाद और जिलाधिकारी महोदय ने परीक्षा के सुचारू एवं कदाचार मुक्त संचालन को सुनिश्चित करने के लिए स्वयं विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने वहां तैनात पुलिस पदाधिकारियों, कर्मियों, और दंडाधिकारियों के कर्तव्य निर्वहन का निरीक्षण किया और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य यह था कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अनियमितता या कदाचार की संभावना को पूरी तरह समाप्त किया जा सके। पुलिस अधीक्षक महोदया ने प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया और सुनिश्चित किया कि सभी आवश्यक प्रबंध सही ढंग से किए गए हैं। उन्होंने पुलिसकर्मियों को सख्त निर्देश दिए कि वे परीक्षा के दौरान सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई करें। जिलाधिकारी महोदय ने भी परीक्षा के आयोजन से संबंधित सभी व्यवस्थाओं की समीक्षा की और अधिकारियों से कहा कि वे परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या उत्पन्न न होने दें। उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि परीक्षा केंद्रों पर पानी, बिजली, और अन्य आवश्यक सुविधाओं की उचित व्यवस्था हो।

## स्टेशनों के आसपास की सफाई पर रेलवे ने वार्ड पार्षदों से मांगी मदद

**पटना (नि.सं.)।** रेलवे स्टेशनों के आसपास साफ-सफाई, पर्यावरण और यातायात विषय पर रविवार को पटना जंक्शन के सभाकक्ष में नगर निगम के वार्ड पार्षदों के साथ बैठक हुई, जिसमें कई मुद्दों पर चर्चा की गई। वार्ड पार्षदों की ओर से रेलवे प्रशासन को कई सुझाव भी दिए गए, जिसमें प्रमुख रूप से पटना जंक्शन के गेट नंबर एक को और बड़ा करने का सुझाव शामिल है। इस दौरान राजेन्द्र नगर, गुलजारबाग और पटना सिटी स्टेशनों के आसपास की साफ-सफाई पर भी बात हुई। अध्यक्षता पटना जंक्शन के स्टेशन निदेशक अरुण कुमार ने की। बैठक में शामिल पटना नगर निगम के पूर्व उप महापौर सह पार्षद विनय कुमार पप्पू ने बताया कि जंक्शन के पास यदि गेट नंबर एक को और चौड़ा कर दिया जाता है तो यहां जाम की समस्या दूर की जा सकती है। अभी हाल में बरसात होने पर स्टेशन से सटे न्यू मार्केट में जलजमाव हो गया था। इसलिए रेलवे और नगर निगम के अभियंत्रण शाखा को संयुक्त रूप से नए सिरे से कार्ययोजना तैयार कर नाला निर्माण का प्रस्ताव सरकार को देना चाहिए। साफ-सफाई के लिए लोगों के बीच जागरूकता लाने की जरूरत है।

## देशभक्त वीरांगना नाटक का हुआ भव्य लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद




जिला मुख्यालय औरंगाबाद के पृथ्वीराज चौक, ब्लॉक मोड़ के समीप अवस्थित पृथ्वीराज चौहान स्मृति भवन के प्रांगण में जिला हिंदी साहित्य औरंगाबाद, समकालीन जवाबदेही परिवार एवं बतकही परिवार के संयुक्त तत्वावधान में प्रसिद्ध कवि एवं लेखक लवकुश प्रसाद सिंह रचित नाटक देशभक्त वीरांगना का लोकार्पण किया गया। जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आयोजित लोकार्पण समारोह का संचालन संस्था के महामंत्री धनंजय जयपुरी ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में सिन्हा कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर सुधीर कुमार मिश्र, विशिष्ट अतिथि डॉ. विजय कुमार सिंह (प्राचार्य जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय डेहरी),अशोक कुमार सिंह (संस्थापक पंचदेव धाम चपरा), पूर्व प्राचार्य डॉ सी एस पांडेय,अवकाश प्राप्त प्रोफेसर डॉ रामाधार सिंह, प्रोफेसर ज्ञानेश्वर प्रसाद सिंह सहित अन्य लोगों ने पुस्तक का लोकार्पण किया एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। संबोधन के क्रम में वरीय अधिवक्ता प्रेमेंद्र मिश्र, सुमन अग्रवाल, ज्योतिर्विद शिवनारायण सिंह, प्रेम शंकर सिंह प्रेमी, राम दरश सिंह, राम सुरेश सिंह, प्रो राजेंद्र सिंह ने कहा कि जिस तरह से आज पुस्तकें रची जा रही हैं उसी प्रकार पुस्तक पढ़ने वाले पाठकों को जागृत करने की भी आवश्यकता है। मुख्य अतिथि प्रो सुधीर कुमार मिश्र ने कहा कि देशभक्त वीरांगना नाटक के रचयिता से यही सीख मिलती है कि अगर आपके अंदर जुनून है तो कोई भी कार्य असंभव नहीं है। ठोकरें इंसान को चलना सिखाती हैं। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ सिद्धेश्वर सिंह ने कहा कि जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन का मूल उद्देश्य नवोदित साहित्यकारों को हिंदी के प्रति उत्साह जगाना। हमारा जीवन एक नाटक की तरह है। काव्य का व्यापक स्वरूप दृश्य काव्य है। ट्रस्ट के सचिव स्वर्णजीत कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष विकास कुमार सिंह, वरीय सदस्य रामप्रवेश सिंह, पूर्व मुखिया सत्येंद्र नारायण सिंह, अनुज बेचैन, नागेन्द्र केशरी, जगदीश सिंह, राम भजन सिंह सहित अन्य उपस्थित लोगों ने पृथ्वीराज के जीवन पर आधारित नाटक लिखने के लिए साहित्यसेवियों को प्रेरित किया।जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने आगत अतिथियों का स्वागत किया।

## विष्णु धाम से लेकर जम्होर तक दर्जनों देवालयों में जन्माष्टमी पूजा

निज संवाददाता | जम्होर (औरंगाबाद)



सदर प्रखंड स्थित ग्राम जम्होर में जन्माष्टमी पूजा के मौके पर 26 अगस्त को जन्माष्टमी पूजा मनाने वास्ते विष्णु धाम से लेकर जम्होर गांव के अंतिम छोर तक जो 51 मंदिरों की श्रृंखला है जिसमें दर्जनों देवालयों में जन्माष्टमी पूजा धूमधाम से मनाई जाएगी जाएगी।जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने जन्माष्टमी पूजा करने वाले मंदिरों का अवलोकन करते हुए बताया कि विष्णु धाम में महंत बालकानंद ब्रह्मचारी के नेतृत्व में जन्माष्टमी पूजा धूमधाम से मनाई जाएगी। राधा कृष्ण मंदिर पुनपुन रोड,राधा कृष्ण मंदिर पुरानी पोस्ट ऑफिस, विरजू बाबू की ठाकुरवाड़ी, पंजाब नेशनल बैंक के बगल में जन्माष्टमी पूजा समिति द्वारा सात दिन तक वृहद कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।ललन गौड़ का ठाकुरवाड़ी, लक्ष्मी सेठ का शिव मंदिर, जम्होर के मुख्य बाजार में चंद्रशेखर सिंह उर्फ ललन बाबू बाबू का शिव मंदिर,मुख्य बाजार में ही शांति बाबा का शिव मंदिर,ग्राम देवी जम्होर देवी स्थान,सिद्धनाथ बाबा रोड वीर कुंवर स्थान, गायत्री शक्तिपीठ अनुग्रह नारायण रोड, श्रीराम जानकी ठाकुरवाड़ी मंदिर अनुग्रह नारायण स्टेशन पर आचार्य छोटेलाल पांडेय के नेतृत्व में जन्माष्टमी पूजा धूमधाम से मनाई जाएगी।

## आरोपी के घर पर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार, जल्द आत्मसमर्पण का निर्देश



नि. संवाददाता | दाउदनगर (औरंगाबाद)

शादी का झांसा देकर युवती से शारीरिक संबंध बनाने वाले आरोपी के घर महिला थाना की पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया गया है। थानाध्यक्ष आरती कुमारी ने अभियुक्त को जल्द आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया है। यह कार्रवाई दाउदनगर थाना क्षेत्र के कुर्मी टोला निवासी एजाज अंसारी के घर पर की गई। थानाध्यक्ष आरती कुमारी ने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ़ एक युवती ने मामला दर्ज करवाया था जिसमें बताया कि एजाज अंसारी ने उसके साथ बीते तीन-चार सालों से शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाया है। अब उसकी आर्मी में नौकरी लग गई है तब से वह शादी से इंकार कर रहा हैं। संदर्भ में अभियुक्त के खिलाफ़ कोर्ट से इश्तेहार निर्गत किया गया है जिसे विधिवत तामिला करवाया गया। इसके वावजूद यदि अभियुक्त ने आत्मसमर्पण नहीं किया तो घर की कुर्की जब्ती की जाएगी।

## विहिप ने षष्ठी पूर्ति पखवारा-ध्येय यात्रा को लेकर की बैठक

निज संवाददाता | ओबरा(औरंगाबाद)

विश्व हिंदु परिषद(विहिप) की स्थापना के 60 वर्ष पूरे होने पर संगठन द्वारा षष्ठी पूर्ति पखवारा-ध्येय यात्रा मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में ओबरा स्थित हनुमान गढ़ी मंदिर में रविवार को विहिप की एक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता विहिप के प्रखंड मंत्री संतोष सिंह ने की। बैठक में विहिप के जिला मंत्री सह प्रांत मीडिया प्रभारी रामाकांत सिंह, प्रांत समरसता प्रमुख रंजीत कुमार, अभाविप के प्रदेश प्रमुख पुष्कर अग्रवाल, संघ के ओबरा शाखा कार्यवाह अनील मालाकार, विहिप कार्यकर्ता दुर्गा शर्मा, केशव प्रसाद मेहता, योगेंद्र दूबे, आनंद विश्वकर्मा, आदर्श कुमार शर्मा, लवकेश दूबे, उमा चौधरी, विकास कुमार, विनोद प्रसाद, मंटू कुमार एवं युगल किशोर मिश्र उर्फ लाल बाबा आदि मौजूद रहे। बैठक में विहिप के जिला मंत्री रामाकांत सिंह ने कहा कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को विश्व हिन्दू परिषद की ध्येय यात्रा के 60 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं।


श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएं

शुद्धता का प्रतीक, शुद्ध आहार आटा

श्री शाश्वत राज एग्रो प्रा. लि.

ग्रोथ सेंटर : जसोईया, औरंगाबाद




5 किलो, 10 किलो एवं 25 किलो के पैक में उपलब्ध

शुद्ध आहार, स्वस्थ्य परिवार। शुद्ध आहार, खुशियां अपार

विशेषताएं

- क्वालिटी : पुष्ट एवं उच्च क्वालिटी के गेहूं द्वारा निर्मित शुद्ध आहार। किसान की आमदनी बढ़ाया।
- अत्याधुनिक मशीन : न्यूमेटिक सिस्टम (हवा पद्धति) द्वारा आटा की तैयारी शुद्ध आहार नयी प्रौद्योगिक लाया।
- धुला हुआ गेंहू : गेहूं को साफ पानी से साफ कर आठ घंटे स्टे दिया जाता है ताकि रोटी ठंडा होने के बाद भी मुलायम रहे।

10 लाख से अधिक संतुष्ट उपभोक्ता


# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री की मन की बात

- पीएम मोदी ने राजनीति में परिवारवाद को घातक बताया और युवाओं को राजनीति में सक्रिय होने का आह्वान किया।
- पीएम ने देशवासियों से अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाने की अपील की।

कार्यालय संवाददाता | औरंगाबाद



शहर के वार्ड संख्या-20 दिवाकर कॉलोनी श्रीकृष्ण नगर मुहल्ला स्थित भाजपा के हसपुरा मंडल अध्यक्ष विनोद शर्मा के आवास पर भाजपा नेताओं ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनी। पूर्व जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह के नेतृत्व में भाजपा नेताओं 113वीं मन की बात को सुन पीएम की बातों की सराहना की। पूर्व जिलाध्यक्ष ने कहा कि मन की बात में पीएम ने राजनीति में परिवारवाद को घातक बताया। उन्होंने राजनीति में युवाओं को आने का आह्वान किया। कहा कि युवा राजनीति में आना चाहते हैं। लाखों युवा पंचायत स्तर के चुनाव में हिस्सा ले रहे हैं। हर घर तिरंगा है और पूरा देश तिरंगा है, इस बार यह अभियान अपने चरम पर था। हमने घरों पर तिरंगा लहराते देखा। स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में तिरंगा देखा। लोगों ने अपनी दुकानों और दफ्तरों में तिरंगा फहराया। लोगों ने अपने डेस्कटॉप, मोबाइल और वाहनों पर भी तिरंगा फहराया। जम्मू-कश्मीर में 750 मीटर लंबे झंडे के साथ तिरंगा रैली निकाली गई और यह रैली दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब रेलवे ब्रिज पर निकाली गई। अरुणाचल प्रदेश के ईस्ट कामेंग जिले में 600 फुट लंबे तिरंगे के साथ जुलूस निकाला गया। प्रधानमंत्री ने असम के मोरान समुदाय के बारे चर्चा की। कहा कि बरेकुरी में मोरान समुदाय रहते हैं। गांव में 'हूलॉक गिब्बन' रहते हैं, जिन्हें यहां 'होलो बंदर' कहा जाता है। हूलॉक गिब्बन ने इस गांव को अपना घर बना लिया है। इस गांव के लोगों का हूलॉक गिब्बन से बहुत गहरा नाता है। गांव के लोग आज भी अपने पारंपरिक मूल्यों का पालन करते हैं। इसलिए उन्होंने वो सारे काम किए जिससे गिब्बन के साथ उनका रिश्ता मजबूत हो। मन की बात में पीएम ने पर्यावरण को लेकर भी चर्चा की। देशवासियों से अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाने की अपील की। कहा कि पर्यावरण को बचाना जरूरी है। पीएम ने कहा कि इस माह से पर्व का सीजन शुरू हो रहा है। सभी लोग प्रेम से पर्व को मनाएं। प्रेम का संदेश दे। इस मौके पर सुनील कुमार शर्मा, हसपुरा मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार शर्मा, तीर्थ नारायण वैश्य, रघुनाथ राम, दीपक कुमार, सुनील कुमार सिंह, राजेश पांडेय, रमाकांत सिंह, अमर उज्जाला, डॉ मधेश्वर चंद्रवंशी, राहुल कुमार, शशांक शेखर आदि मौजूद थे।

## गोह में भी भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम की मन की बात



निज संवाददाता | गोह(औरंगाबाद)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात कार्यक्रम के तहत देश को संबोधित किया गया, जिसमें अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद चंद्रवंशी के नेतृत्व में अपने कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात सुना, यह इस कार्यक्रम का 113 वें संस्करण था, उनका यह रेडियो कार्यक्रम सुबह 11 बजे से ऑल इंडिया रेडियो दूरदर्शन ऑल इंडिया रेडियो न्यूज और मोबाइल एप पर प्रसारित किया गया।

प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम गोह के सरकारी आईबी में अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रमोद चंद्रवंशी अपने कार्यकर्ताओं के साथ बैठ कर मन की बात सुना गया। मन की बात पर प्रदेश संयोजक ने अपने कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की मन की बात देश के लिए कुछ कर गुजरने की प्रेरणा देता है,उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने मन की बात कार्यक्रम में कभी राजनीति की बात नही की ,उन्होंने हमेशा राष्ट की बात की समाज की बात की।